

शाह बोले- झारखंड के बोकारो से नक्सलवाद पूरी तरह हो गया साफ-12





निर्मला सीतारमण बोलीं-नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को मिलेगा बढ़ावा-12



इजराइल के विरुद्ध अरब और इस्लामी देशों के बीच एकजुटता बनाने की कोशिश-13



दक्षिण क्षेत्र को छह विकेट से हराकर मध्य क्षेत्र बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन- 14


आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

22.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.56 | सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 12:22 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 16 सितंबर 2025, वर्ष 5, अंक 206, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### प्रकाशोत्सव पर इस बार पाकिस्तान नहीं जाएंगे तीर्थयात्री

**अमृतसर।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के मौके पर पाकिस्तान में होने वाले समागमों में हिस्सा लेने और विभिन्न गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए पाकिस्तान जाने वाले सिख श्रद्धालुओं का जत्था इस बार नहीं जाएगा। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार ने सुरक्षा का हवाला देते हुए जत्था भेजने पर रोक लगाने के लिए पत्र भेजा है। इसी के मद्देनजर इस बार इस जत्थे को न भेजने का फैसला किया है।

### महिलाओं के लिए केरल में खुलेगा विशेष वेलनेस क्लीनिक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार देश में पहली बार एक अनूठी पहल करते हुए राज्य के सभी 5,415 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं के लिए विशेष 'वेलनेस क्लीनिक' शुरू करने जा रही है। 'स्त्री' नामक इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे थकान, रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर की जांच जैसी समस्याओं का समाधान करना है।

### उपराज्यपाल का ड्यूटी अधिकारी बता ठगे 50 लाख, गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का ड्यूटी अधिकारी बनकर नौकरी के नाम पर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी और जमीन घोटाला करने वाले कुख्यात धोखेबाज अब्दुल मजीद मीर को गिरफ्तार किया है। प्रदेश के कुपवाड़ा जिले के लिश्तियाल निवासी अब्दुल मजीद मीर को 13 सितंबर को कानून की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के संबंध में गिरफ्तार किया गया है।

### अगस्त में बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी।

## थोक महंगाई चार महीने के उच्चतम स्तर 0.52% पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य पदार्थों और विनिर्मित वस्तुओं के दाम में मामूली वृद्धि के कारण थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) अगस्त में चार महीने के उच्चतम स्तर 0.52 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मुद्रास्फीति दो महीने बाद एक बार फिर सकारात्मक क्षेत्र में लौट आई है। हालांकि, इस दौरान ईंधन और बिजली क्षेत्र में नरमी देखी गई। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति जुलाई और जून में क्रमशः शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे और शून्य से 0.19 प्रतिशत नीचे रही थी। पिछले साल अगस्त में यह 1.25 प्रतिशत के स्तर पर थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य पदार्थों, विनिर्माण क्षेत्र, गैर-धात्विक खनिज उत्पादों और परिवहन उपकरणों की कीमतों में वृद्धि के चलते हुई। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में खाद्य पदार्थों की महंगाई में 3.06 प्रतिशत की कमी आई।

# सेनाएं किसी भी चुनौती से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें : मोदी

- शीर्ष सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री का आह्वान-एकीकरण, आत्मनिर्भरता, नवाचार में करें विकास

**कोलकाता, एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र बलों के शीर्ष सैन्य कमांडरों से पहली बार मुखातिब होते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और न्यू नॉर्मल के बीच किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तीनों सेनाओं में एकीकरण, आत्मनिर्भरता और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने को कहा है।

मोदी ने सोमवार को यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में संयुक्त कमांडरों के 16 वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन के पहले दिन शीर्ष कमांडरों को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं से भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने के उद्देश्य से उनके बीच परस्पर एकजुटता, आत्मनिर्भरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार पर ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भरता और नवाचार से संबंधित सभी नीतियों,योजनाओं और कदमों पर जल्द से जल्द अमल करे।



सम्मेलन के दौरान सैन्य कमांडरों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण, आपदा राहत सहायता प्रदान करने में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। सम्मेलन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख तथा वरिष्ठ सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

### कांग्रेस का बिहार के लोगों की तुलना बीड़ी से करना उनका अपमान

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लोगों की तुलना कथित तौर पर 'बीड़ी' से करने के लिए सोमवार को कांग्रेस की आलोचना की और इसे बिहारियों का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को करारा जवाब देंगे। कांग्रेस की केरल इकाई के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया था, इसकी भाषा में बिहार को बीड़ी से जोड़ा गया था। हालांकि यह पोस्ट बाद में हटा दिया गया था। यह पोस्ट केंद्र की तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी नीति पर लक्षित था।

# वक्फ कानून पर रोक से सुप्रीम इनकार

## शीर्ष अदालत ने वक्फ अधिनियम के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर दिया स्थगन आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी, जिनमें यह भी शामिल है कि केवल वे लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में दे सकते हैं जो पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। हालांकि, शीर्ष अदालत ने पूरे कानून पर स्थगन से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 128 पन्नों के अपने अंतरिम आदेश में कहा कि पूर्व धारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि हमें ऐसा नहीं लगता कि पूरे कानून के प्रावधानों पर रोक का कोई मामला बनता है। इसलिए, अधिनियम पर रोक के अनुरोध को खारिज किया जाता है। हालांकि, पक्षों के हितों की रक्षा और बैलेंसिंग द इक्विटीज के लिए न्यायालय ने जिलाधिकारी को वक्फ संपत्तियां तय करने के लिए दी गई शक्तियों सहित कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी तथा वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी के मुद्दे पर आदेश जारी किया।



- केंद्रीय बोर्ड में 4 और राज्य में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे

पीठ ने केंद्रीय वक्फ परिषद को निर्देश दिया कि कुल 20 में से चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। आदेश में कहा गया है कि संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3 के खंड (आर) का वह भाग जिसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो यह दर्शाता या प्रदर्शित करता है कि वह कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है, उस वक्त तक स्थगित रहेगा जब तक कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्धारित करने की प्रक्रिया के लिए नियम नहीं बनाए जाते कि व्यक्ति कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि किसी संपत्ति को उस वक्त तक वक्फ संपत्ति नहीं माना जाए जब तक कि नामित अधिकारी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंप देता। इसके अलावा, एक अन्य प्रावधान, जिसमें कहा गया है कि नामित अधिकारी द्वारा संपत्ति को सरकारी संपत्ति घोषित करने के मामले में, उसे राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन करना होगा और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपनी होगी। न्यायालय ने कहा कि जब तक संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3सी के तहत वक्फ संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित मामले का, धारा 83 के तहत अधिकरण द्वारा शुरू की गई कार्यवाही में अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो जाता, न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड व वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में की गई प्रविष्टियां प्रभावित होंगी। पीठ ने कहा कि जब तक विवादित संपत्ति के मालिकाना हक के संबंध में अधिकरण द्वारा अंतिम निर्णय नहीं दिया जाता और अपील पर उच्च न्यायालय के आदेश नहीं आ जाते, किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं सृजित किए जाएंगे।

हालांकि, पीठ ने संशोधित कानून की धारा 23 पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जो पदेन सचिव भी होते हैं, की नियुक्ति मुस्लिम समुदाय से करने का प्रयास किया जाए।

उधर, वक्फ संशोधन अधिनियम के कुछ अहम प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाए जाने का मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई संगठनों और धर्मगुरुओं ने स्वागत किया है।

### आदेश लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत : रीजीजू

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत बताया। मुंबई में एक समारोह के बाद रीजीजू ने कहा कि वक्फ अधिनियम के प्रावधान पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी हैं। वक्फ बोर्ड के माध्यम से संपत्ति पर कब्जा करने सहित होने वाले दुरुपयोग पर अब इस नए कानून के जरिए रोक लगेगी।

### कानून पर रोक केवल दुर्लभ मामलों में ही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कानूनों पर रोक केवल उन दुर्लभ और असाधारण मामलों में लगाई जानी चाहिए, जिनमें प्रावधान स्पष्ट रूप से असंवैधानिक, मनमाना और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले हों। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 128 पन्नों के अपने उस फैसले में यह टिप्पणी की, जिसमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी गई।

बिहार में निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# गड़बड़ी मिली तो रद्द कर देंगे एसआईआर

- शीर्ष अदालत ने कहा-पूरे देश में एसआईआर नहीं रोका जा सकता
- सात अक्टूबर को संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह यह मानता है कि भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कानून का पालन कर रहा है। इसने यह भी आगाह किया कि किसी भी अवैधता की स्थिति में इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए सात अक्टूबर की तारीख तय की और इस कवायद पर टुकड़ों में राय देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि बिहार एसआईआर में हमारा फैसला पूरे भारत में एसआईआर के लिए लागू होगा।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह निर्वाचन आयोग को देश भर में मतदाता सूची में संशोधन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर कवायद के खिलाफ याचिका दायर करने वालों को सात अक्टूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी दलील रखने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से मामले के निर्णय पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से हमें क्या फर्क पड़ेगा? अगर हमें लगा कि इसमें कुछ अवैधता है, तो हम इसे रद्द कर सकते हैं।

इस बीच, न्यायालय ने आठ सितंबर के शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने का आग्रह करने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें निर्वाचन आयोग को बिहार एसआईआर में 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड को शामिल करने का निर्देश दिया गया था।

## फायरिंग करने वालों को पाताल से भी खोज निकालेंगे : सीएम योगी

- सीएम ने अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता से की फोन पर बात, दिया सुरक्षा का भरोसा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी से फोन पर बात कर परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सीएम ने कहा कि फायरिंग करने वाले बदमाशों को पाताल से भी खोज निकाला जाएगा। उधर, बरेली पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही हैं।

कोतवाली क्षेत्र के चौपुला निवासी सेवानिवृत्त सीओ जगदीश पाटनी के घर 12 सितंबर को तड़के करीब 3:30 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ग्रुप ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, शनिवार सुबह पोस्ट डिलीट करते हुए शाम को यह अकाउंट भी डिलीट कर दिया गया। उधर, जगदीश पाटनी ने बताया कि रविवार की देर रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फोन पर बात की और कहा कि उनके साथ पूरा प्रदेश है। उनकी व परिवार की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

## दून में लेट नाइट पार्टी को अनुमति नहीं

**देहरादून।** राजधानी में किसी भी गेस्ट हाउस, होम स्टे, पीजी या हॉस्टल में बिना अनुमति देर रात तक पार्टी की तो कार्यवाही होगी। एसएसपी अजय सिंह ने सोमवार को यह निर्देश दिए हैं। रविवार देर रात प्रेमनगर के पौंधा, बिधोली आदि क्षेत्रों में स्थित होम स्टे, गेस्ट हाउस, पीजी और हॉस्टलों में पुलिस टीमों ने छापे मारे। इस दौरान 5 युवकों का मेडीकल परीक्षण कराते हुए उनका चालान किया। एसएसपी ने ऐसे सभी संस्थानों के संचालकों से कहा कि बिना अनुमति के देर रात तक कोई पार्टी नहीं होगी।

## राज कुंद्रा से हुई 5 घंटे से अधिक पूछताछ



- शिल्पा शेट्टी के पति पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला
- शेट्टी और कुंद्रा के खिलाफ जारी है लुकआउट सर्कुलर

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा का सोमवार को बयान दर्ज किया। एक अधिकारी ने बताया कि ईओडब्ल्यू के कर्मियों ने मामले के संबंध में कुंद्रा (50) से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

मीडिया की नजरों से बचने के लिए उनका बयान एक अज्ञात स्थान पर दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि हमने आज (सोमवार) कुंद्रा का बयान दर्ज किया,अगले सप्ताह उन्हें फिर तलब किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि सह-आरोपी शेट्टी को कोई समन जारी नहीं किया गया है, क्योंकि ईओडब्ल्यू अभी भी साक्ष्य एकत्र कर रही है। ईओडब्ल्यू अभिनेत्री और उनके व्यवसायी पति के खिलाफ मुंबई में दर्ज 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रही है। यह मामला एक प्रसिद्ध दंपती और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया, जिन पर एक व्यवसायी को उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े ऋण-सह-निवेश सौदे में कथित रूप से 60.4 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है।

व्यवसायी दीपक कोठारी (60) ने यह शिकायत दर्ज कराई थी, जो लोटस कैपिटल फाइनेंस सर्विसेज नामक एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी में निदेशक हैं।

इस महीने पुलिस ने शेट्टी और कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था।

## कर्नाटक के पूर्व मंत्री के परिसरों पर छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम 'घोटाले' के सिलसिले में सोमवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र के परिसरों के साथ ही राज्य तथा आंध्र प्रदेश में 15 अन्य स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के खातों से नागेंद्र के रिश्तेदारों के निजी बैंक खातों में सरकारी धन हस्तांतरित करने के गंभीर आरोप हैं। सीबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

## प्रॉपर्टी डीलर ने गैंगस्टर बनकर मांगी कारोबारी से 5 लाख की रंगदारी

- धंधा मंदा हुआ तो अपने ही परिचित को की कॉल, देहरादून से धरा
- पुलिस जांच में हुआ पर्दाफाश, दी थी परिवार को मारने की धमकी

**संवाददाता, हरिद्वार**

**अमृत विचारः** अभी तक बदमाशों द्वारा बिल्डरों से रंगदारी मांगने के मामले सामने आते रहे हैं लेकिन यहां खुद को गैंगस्टर बताकर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा कारोबारी से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का खुलासा हुआ है।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, मंगलौर निवासी कारोबारी सिद्ध गोपाल मित्तल ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कॉल कर हरिद्वार की जेल में बंद गैंगस्टर सुनील राठी का नाम लेते हुए 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। न देने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर कोतवाली मंगलौर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस को सर्विलांस में वह नंबर देहरादून में सक्रिय मिला। इंस्पेक्टर मंगलौर अमरजीत सिंह की टीम ने देहरादून के चुक्खुवाला से मनीष भाटिया नाम के आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

मनीष से पूछताछ में सामने आया कि वह पूर्व में मंगलौर में ही रहता था और सिद्ध गोपाल को करीब से जानता था। मनीष वर्ष 2009 में देहरादून निवासी महिला से लव मैरिज करने के बाद देहरादून ही शिफ्ट हो गया था और वर्ष 2021 से प्रॉपर्टी डीलिंग कर रहा था। धंधे में मंदा आने पर उसने सिद्ध गोपाल से रंगदारी मांगने की योजना बनायी थी। इसके लिए उसने अपना काफी पुराना मोबाइल फोन और अपने एक ग्राहक की आईडी पर एक्टिवेट कराए गए सिम का प्रयोग किया था।

सुविधा | मुख्यमंत्री धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर किया एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का फ्लैग ऑफ

# देहरादून से बेंगलुरु के लिए सीधी विमान सेवा शुरू

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार से देहरादून से बेंगलुरु के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर नई हवाई सेवा को फ्लैग ऑफ करते हुए इसे राज्य के समग्र विकास और हवाई संपर्क के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

सीएम ने कहा कि देहरादून से एयर इंडिया एक्सप्रेस सेवाओं की शुरुआत हमारे राज्य के लिए नागर विमानन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बेंगलुरु के साथ बेहतर संपर्क उत्तराखंड में पर्यटन, व्यापार और निवेश के अवसरों को काफी बढ़ावा देगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा देहरादून और बेंगलुरु के बीच सीधी हवाई सेवा उत्तराखंड के युवाओं, उद्यमियों, आईटी पेशेवरों, छात्रों और पर्यटकों के लिए भी बड़ी सुविधा होगी। कहा कि, बेंगलुरु देश की आईटी राजधानी है और उत्तराखंड के हजारों युवा वहां शिक्षा, सेवाओं और स्टार्टअप में काम कर रहे हैं। अब उनके पास अपने गृह राज्य जाने के लिए अधिक सुविधाजनक, समय पर और सुरक्षित यात्रा विकल्प होगा।





हवाई सेवा की शुरुआत के अवसर पर संबोधन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

सीएम ने कहा कि, यह भारत के सबसे गतिशील शहरों में से एक के साथ छात्रों, पेशेवरों और उद्यमियों के लिए संपर्क सुविधा को भी मज़बूत करेगा। हम इस संपर्क सुविधा के हमारे लोगों और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की आशा करते हैं।

### हवाई संपर्क बढ़ाने को नीतिगत सुधार

हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने हवाई संपर्क को मज़बूत करने के लिए नीतिगत सुधारों से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक कई बड़े फ़ैसले लिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि हमें देहरादून से अपने सबसे बड़े घरेलू केंद्र, बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान सेवा हमारे नेटवर्क के तेजी से विस्तार को दर्शाता है।


17 सितम्बर
16 सितम्बर
विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता
भारत के यशस्वी मा. प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं
लोकप्रिय नेता
प्रदेश के यशस्वी मा. मुख्यमंत्री
श्री पुष्कर सिंह धामी जी
को
जन्मदिवस
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
राम सिंह कैड़ा
विधायक, भीमताल
प्रमुख राज्य आन्दोलनकारी / पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, डिग्री कॉलेज हल्द्वानी
पूर्व छात्र महासंघ अध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नैनीताल
एडवोकेट कमलेश कैड़ा
निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख, ओखलकाण्डा
पूर्व डायरेक्टर मण्डी समिति, हल्द्वानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य

## सिटी ब्रीफ

### शहर में गहराया पेयजल संकट

**हल्द्वानी :** शहर और आसपास के इलाकों में पेयजल संकट बना हुआ है। जल संस्थान का शीतलाहाट फिल्टर प्लांट बंद होने से हल्द्वानी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पेयजल संकट बन गया। सोमवार को इन क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई। गौला बैराज से सिल्ट निकाले जाने से शीशमहल प्लांट को तीन घंटे बंद करना पड़ा। इससे भी पेयजल आपूर्ति काफी प्रभावित रही। जल संस्थान के कनिष्ट अभियंता सतीश बिष्ट ने बताया कि प्लांट का संचालन प्रभावित होने से पानी की सप्लाई प्रभावित रही।

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी :** वार्ड 38 दमुवाढूंगा की महिलाओं ने एसपी सिटी प्रकाश चंद्र को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में नशेड़ियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। अंजू आर्य ने कहा कि पूरे क्षेत्र में नशेड़ियों ने उत्पात मचा रखा है। कुछ लड़के बाहरी लड़कों को बुलाकर कॉलोनी के लोगों के साथ मारपीट करते हैं। लड़कियों पर गंदे कमेंट करते हैं। महिलाओं का आना-जाना मुश्किल कर दिया है। कहा कि क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान देवकी देवी, रेनू देवी, पूजा बैरागी, नंदी देवी, पूजा देवी, गंगा बिष्ट, सविता मौर्या, दीवान राम आदि थे।

### बेस में स्वास्थ्य कैंप को लेकर किया निरीक्षण

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में 17 सितंबर से स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएगा। यहां पर स्वास्थ्य कैंप के साथ ही अन्य विभागों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। जहां आमजन को काफी लाभ मिलेगा। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की अपर सचिव रीना जोशी ने सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। पीएमएस डॉ. केएस दताल ने बताया कि यह स्वास्थ्य कैंप होने के साथ ही बहुद्देश्यीय कैंप होगा।

### राज्य में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आसपा

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की संयुक्त बैठक गोलचा कंपाउंड में हुई। इस दौरान राज्य की सभी सीटों पर आसपा ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद ने कहा कि साल 2027 के विधानसभा चुनावों में आसपा सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

### काली पट्टी बांध प्रदर्शन करेंगे बागजालावासी

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में बागजाला वासियों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन सोमवार को 29वें दिन भी जारी रहा। सरकार की ओर से मांगों को अनसुना किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने तय किया है कि आंदोलन के 30 दिन पूरे होने पर वे आज मंगलवार को काली पट्टी, काले झंडों और काले वस्त्रों के साथ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### आज राइंका. लामाचौड़ में लगेगा बहुद्देश्यीय शिविर

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन की ओर से आज राइंका. लामाचौड़ में सुबह 11 बजे से तहसील दिवस व बहुद्देश्यीय शिविर लगाया जाएगा। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि इस शिविर में आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा और पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। शिविर में राजस्व, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, एनआरएलएम, सेवायोजन, स्वास्थ्य, बाल विकास, कृषि, उद्यान, ऊर्जा, मत्स्य, पंचायतीराज आदि विभाग स्टॉल लगाएंगे। पात्रों को एसईसीसी प्रमाणपत्र वितरण एवं अपात्र नामों का विलोपन, निशुल्क स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण व रक्तदान, पेंशन स्वीकृति व दिव्यांग उपकरण वितरण, लक्ष्मी किट वितरण आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# बारिश बनी सौतन, नहीं सुधर पा रहीं शहर की टूटी सड़कें

## शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश आंतरिक सड़कें खस्ताहाल, बोले अधिकारी-बजट मिलने और बारिश का सिलसिला बंद होने के बाद होगा काम शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर की अधिकांश आंतरिक सड़कें वर्तमान में खस्ताहाल हालत में हैं, जिनमें कई सड़कें बजट, तो बाकी बारिश का सिलसिला थमने का इंतजार कर रही हैं।

शहर में चल रहे विकास कार्यों के दौरान वार्डों की कई सड़कें खोदी गईं थी, जिस कारण उनमें गड्ढे हो चुके हैं और जगह-जगह यह उखड़ चुकी है। अब इन सड़कों को यूयूएसडीए और नगर निगम द्वारा शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। अमृत विचार की टीम ने जब सोमवार को सड़कों की पड़ताल की तो यह जगह-जगह खराब हालत में मिली। नवाबी रोड के पास स्थित अमरावती कॉलोनी में सड़क सीवर व पेयजल लाइन बिछाने के बाद खराब हो चुकी है। बरसात के दौरान स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह अंबा विहार में सड़क में गड्ढे होने के कारण इसमें जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे बारिश के दौरान लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कलावती कॉलोनी में सड़क खोदी नहीं गई है, लेकिन इसमें कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। भाजपा कार्यालय के पास स्थित महेश नगर की सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। जिसमें कई बार दोपहिया वाहन रपट चुके हैं। बारिश के दौरान जलभराव होने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कैंसर अस्पताल से हीरानगर की ओर जाने वाली सड़क में बहुत बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जो बहुत खतरनाक साबित हो रहे हैं। इन गड्ढों को भी मरम्मत का इंतजार है। जज फार्म और सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे नहर वाली सड़क बुरी तरह उखड़ चुकी है और इसमें भी कई जगह गड्ढे हो चुके हैं। मुख्य सड़कों के अलावा आंतरिक मार्गों की भी बुरी स्थिति है। जिससे नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इधर नगर आयुक्त ऋचा सिंह और यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों की मरम्मत में देरी हुई है। बताया कि सड़कों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाया जा रहा है और शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।


टीपी नगर से सुशीला तिवारी अस्पताल को जाने वाली बाईपास सड़क पर बने गड्ढे।


कैंसर अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर बना विशाल गड्ढा दे रहा दुर्घटना को दावत।


जजफार्म की सड़क के आधे हिस्से से गायब डामर और सड़क पर बने गड्ढे। ● अमृत विचार

# सड़कों की मरम्मत को आयुक्त आवास पर गरजे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्र की सड़कों की बदतर हालत को लेकर ग्रामीणों ने कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत के आवास पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बाद में वहां पहुंचे एसडीएम राहुल शाह को सड़कों की मरम्मत को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा।

राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू के नेतृत्व में ग्रामीण सोमवार को मंडलायुक्त दीपक रावत के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहाड़ को जाने वाली सड़कें बदतर हालत में हैं। नैनीताल, भवाली, भीमताल समेत पर्वतीय क्षेत्रों की पचास से अधिक सड़कें बदहाल हो चुकी हैं जिसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। किसानों को अपनी उपज को मंडी तक लाने में फजीहत हो रही है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भी विद्यालयों में जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने सड़कों की मरम्मत की मांग की। इस बीच ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी राहुल शाह को ज्ञापन भी सौंपा। बाद में एसडीएम ने फोन पर लोनिवि के मुख्य अभियंता से वार्ता की। इसके बाद मुख्य अभियंता ने 10 दिनों में सड़कों की मरम्मत का आश्वान दिया तब कहीं जाकर धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ।


पहाड़ की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर कुमाऊं कमिश्नर कैंप कार्यालय में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

इस दौरान भगवान मेहरा, भूपाल बर्गली, प्रबल दरम्वाल, सुरेश, हरीश परगांई, सोनू संभल, श्याम सिंह, गोविंद आर्य, हिमेश पनेरू, भूपेंद्र, ललित बिष्ट, कैलाश आदि लोग मौजूद रहे।

# एएसआई का शव मिला

संवाददाता, हल्द्वानी

- चौकी में बने आवास में मिला एएसआई बिष्ट का शव
- प्रारंभिक जांच में हृदयघात को माना जा रहा मौत का कारण

**अमृत विचार:** मल्ला काठगोदाम चौकी में तैनात एएसआई का शव चौकी के कमरे से मिलने से हड़कंप मच गया।

एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि एएसआई धाम सिंह बिष्ट (56) मूलरूप से अल्मोड़ा के अस्गोली गांव के रहने वाले थे। रविवार को उन्होंने पूरे दिन ड्यूटी की और शाम को वह पुलिस चौकी परिसर के आवास में चले गए थे। रात को सहकर्मियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आने पर दरवाजा तोड़ा और अंदर धाम सिंह बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरे थे। उन्हें तुरंत ही एसटीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसओ के अनुसार, उनका परिवार वर्तमान में मुखानी में रहता है। वह चार साल बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं।

एसओ ने बताया कि वह अक्सर ड्यूटी के बाद चौकी आवास में ही आराम करते थे। पुलिस प्रथमदृष्टया मौत का कारण हृदयघात मान रही है। मौत के सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# सच्चा नेतृत्व उपदेश देने में नहीं, खुद नजीर पेश करने में

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा एक संस्मरण साझा करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन उदाहरण है कि सच्चा नेतृत्व उपदेश देने में नहीं, बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करने में है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हर मुलाकात से उन्हें अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का नया पाठ सीखने को मिलता है। अपने संस्मरण में उन्होंने वाराणसी का एक प्रसंग साझा किया, जब भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक देर रात 1 बजे समाप्त हुई थी। सभी थके हुए थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'अभी एक ज़रूरी काम बाकी है।' उन्होंने बताया कि वे अपने संसदीय क्षेत्र में दिन में निरीक्षण से जनता को असुविधा नहीं देना चाहते, इसलिए रात में ही विकास कार्यों का निरीक्षण करते हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी रात भर सड़कों पर परियोजनाओं का जायजा लेते रहे और सुबह 9 बजे बैठक में पहले की तरह ऊर्जा और एकाग्रता के साथ उपस्थित हुए। इस अनुशासन और समर्पण ने सभी के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी।




- मुख्यमंत्री धामी ने एक्स पर साझा किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा संस्मरण

## मेरा जन्मदिन आपदा पीड़ितों की सेवा में रहेगा समर्पित : मुख्यमंत्री

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्णय लिया है कि उनके जन्मदिवस (16 सितम्बर) के अवसर पर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह दिन सादगी और सेवा को समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस जैसे अवसर को समाज और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित करना ही सच्चा उत्सव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस दिन आपदा प्रभावितों और आमजन की मदद में समय देंगे। राज्य के कई क्षेत्रों में आपदा से प्रभावित परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और ऐसे में समाज का प्रत्येक वर्ग उनके सहयोग के लिए आगे आए। हर एक प्रयास पीड़ित परिवारों के लिए संबल और आशा का स्रोत बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, शिक्षा सहयोग और आपदा राहत जैसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकते हैं। सेवा और त्याग की भावना ही उत्तराखंड की असली पहचान है और यदि हर नागरिक इसी सोच के साथ कार्य करे तो राज्य को हर क्षेत्र में मजबूती और नई ऊर्जा मिलेगी।

# रिवाल्वर लहराना पड़ा महंगा लोगों ने की पर्यटक की धुनाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** ग्राम ढिकुली में ग्रामीणों के सामने मुरादाबाद के एक पर्यटक को तमंचा लहराना भारी पड़ गया। ग्रामीणों ने पर्यटक की पिटाई कर दी।

ढिकुली क्षेत्र के ग्राम प्रधान जगदीश छिम्वाल ने बताया कि आरोपी रिसॉर्ट से बाहर निकलकर पास की एक दुकान पर सामान लेने गया। उसने सामान लिया, लेकिन भुगतान नहीं किया। आरोप है कि उसने नाबालिग लड़कियों को जबरन अपना मोबाइल नंबर देने की कोशिश की। परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी ने रिवॉल्वर निकालकर दुकानदार और आसपास मौजूद लोगों को डराना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना उनको दी। ग्राम प्रधान अनुसार आरोपी ने रिवॉल्वर लहराने के बाद रिसॉर्ट की तरफ भागने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल रिसॉर्ट में पहुंचकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उसने धमकी देते हुए रिवॉल्वर निकालने की भी कोशिश की। ग्रामीणों ने मिलकर आरोपी का विरोध किया और उसकी पिटाई की। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि लड़कियों के साथ हुई छेड़छाड़ और रिवॉल्वर लहराने के मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

# घर तो कहीं दुकान से बरामद हुई अवैध शराब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यू चिकन शॉप में छापा मारा तो श्याम आर्या निवासी बेड़ीखत्ता जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा लोगों को शराब पिलाते हुए मिला। दुकान से कुल 15 डिब्बे अवैध अंगूर मार्का देशी शराब के मिले। दूसरे मामले में पुलिस को सूचना मिली कि बागजाला में एक व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में शराब उतरी है। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत ही उस घर में छापा मारा। आरोपी के घर से 576 पव्वे अंग्रेजी रम के मिले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी रोहित आर्य निवासी बागजाला गौलापार है। वह शराब को गांव में बिकवाता था। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस का एक्शन

**हल्द्वानी :** कोतवाल राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 15 लोगों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए गए। स्टंट दिखाने वाले दो आरोपियों के चालान किए गए। नौ चालान अन्य लोगों के किए जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। पुलिस अधिनियम के तहत भी दो चालान किए गए।

### भाजपा जनसेवा कर मनाएगी सीएम का जन्मदिन

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की ओर से जनपद के सभी ब्लॉकों बेतालघाट, भीमताल, धारी, हल्द्वानी, कोटाबाग, ओखलकांडा, रामगढ़, रामनगर में बहुद्देश्यीय शिविर लगाया जाएगा। वहीं भाजपा भी जिला व मंडल स्तर पर कार्यक्रम करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर जिला, मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। भाजयुमो की ओर से रक्तदान शिविर, मिष्ठान एवं फल वितरण, विद्यालयों में स्वच्छता सेवा, मेधावियों को पुस्तक वितरण, पौधरोपण, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चित्रकला प्रतियोगिता की जाएगी।




**मनमानी** | होटल, रेस्टोरेंटों में फलफूल रहा शराब की अवैध बिक्री का धंधा, यहां शराब बेचे जाने से ट्रांसपोर्ट कारोबारियों में आक्रोश

# टीपी नगर में मलाई टिक्का, झोली-भात की आड़ में बिक रही शराब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में होटल-रेस्टोरेंट की आड़ में खुलेआम शराब परोसी जा रही है। यहां शाम शुरू होने के साथ ही देर रात तक अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है और जाम छलकते रहते है। लेकिन पुलिस इस सबसे अनजान है। जिसको लेकर कारोबारियों में आक्रोश है।

ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े व्यापारियों व शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बसाया गया था। यहां ट्रांसपोर्ट के साथ टायर, ऑटो स्पेयर पार्ट्स, इंजन आयॅल, वेल्डिंग वगैरह के साथ ही चाय, खानपान के होटल व रेस्टोरेंट हैं। शुरुआत में तो टीपी नगर के इन ढाबों में अन्य प्रदेशों व जिलों से आने वाले चालक-परिचालकों को चाय, खाना वगैरह परोसा जाता था। लेकिन धीरे-धीरे कम समय में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में होटल व रेस्टोरेंट की आड़ में शराब भी बेची जानी लगी। यहां शराब को ओवररेट में बेचा जाता है। रात को 11 बजे जब शहर में शराब की सभी दुकानें बंद हो जाती हैं तब भी यहां शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। इसको लेकर कारोबारियों में आक्रोश है।

### क्वार्टर पर 20 तो बोतल पर 100 रुपये ज्यादा की जाती है वसूली

**हल्द्वानी :** टीपी नगर में शराब उपलब्ध कराने के एवज में सरकारी दुकान से ज्यादा रकम वसूली जाती है। ग्राहक से एक क्वार्टर पर न्यूनतम 20 व बोतल पर 50 से 100 रुपये तक ज्यादा लिए जाते हैं। रात 11 बजे के बाद जब सरकारी शराब की दुकानें बंद हो जाती हैं, उसके बाद जैसे-जैसे रात बढ़ती है वैसे-वैसे यह रकम भी बढ़ती जाती है। जिससे खाने से ज्यादा मुनाफा शराब बेचने में आ जाता है। सूत्रों की मानें तो शराब की अवैध बिक्री का धंधा करने वाले पेटियों में शराब खरीदते हैं, जो कि प्रिंट रेट से भी कम दाम में पड़ती है।

### सिर्फ टीपी नगर नहीं, शहर भर से आते हैं शौकीन

**हल्द्वानी :** अग्निशमन विभाग के पास सरकारी शराब की दुकान है। इसके बाद शराब की दुकान नहीं है। इस दुकान से सिर्फ आसपास नहीं बल्कि बेलबाबा, छड़ायल, बरेली रोड तक के शौकीन खरीदते हैं लेकिन जब यह दुकान बंद हो जाती है तो इन क्षेत्रों के शौकीन जाम के लिए टीपी नगर पहुंचते हैं और वहां के जिन होटल व रेस्टोरेंट में शराब बिक रही है वहां से खरीदते हैं।

### दो भाई और एक लाला जिनका है गड़बड़झाला

**हल्द्वानी :** सूत्रों की मानें तो टीपी नगर में दो भाई, एक लाला व पड़ोसी मुल्क का बाशिंदा है जो खाने-पीने के सामान की आड़ में शराब का धंधा करते हैं। इनके खिलाफ कई बार कार्रवाई हुई लेकिन चालान की रकम भरकर फिर से शराब की अवैध बिक्री का धंधा शुरू हो जाता है।

> टीपी नगर में पूर्व में शराब बेचने पर दुकान सीज व चालान की कार्यवाही की गई थी। फिर से औचक निरीक्षण किया जाएगा और शराब बेचने वालों की दुकान सीज करने के साथ ही सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **-गोपाल सिंह चौहान**, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रशासन टीपी नगर

## सिटी ब्रीफ

### जेएनयू में शैक्षिक भ्रमण करेंगी डॉ.अलका



**रामनगर :** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना के तहत पीएनजी महाविद्यालय में समाजशास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ .अलका राजौरिया जेएनयू में शैक्षिक भ्रमण करेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 सितंबर तक जेएनयू के मालवीय मिशन शिक्षण केंद्र में होगा। डॉ .अलका राजौरिया ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में विश्वस्तरीय शिक्षाविदों, विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने अकादमिक अनुभवों को साझा किया जाएगा। प्राचार्य प्रो .एमसी पांडे आदि ने डॉ .अलका के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### वरिष्ठ नागरिक ने चोर को पकड़ने की मांग की

**रामनगर :** वरिष्ठ नागरिक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चोरी को पकड़ने की मांग की है। स्टेशन रोड स्थित घास मंडी रामनगर निवासी निर्मल चंद पंत ने बताया कि उनका घर और दुकान स्टेशन रोड घासमंडी रामनगर में स्थित है। पहले भी दो बार दुकान का ताला तोड़कर चोरी हो चुकी है। 28 जून को सुबह 3 बजे चोर डंडा लेकर मकान में घुस गया और 31 मिनट तक चोरी का प्रयास किया। बाहर का दरवाजा तोड़कर कुछ समान व लगभग 3000 की नकदी ले गया। पीड़ित ने चोर को पकड़ने की मांग की।

### सरोवर नगरी में बारिश बाजारों में रहा सन्नाटा

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में दोपहर बाद बारिश शुरू हुई, जो देर शाम तक जारी रही जिसके चलते बाजारों में शाम को जल्द सुनसानी छा गई। नगर में घने बादल सुबह से डेरा डाले थे। दोपहर में हल्की बारिश शुरू हो गई, जो रुक-रुककर देर शाम तक जारी रही। इस दौरान कई बार तेज पानी भी बरसा जिससे नाले उफान पर रहे और सड़कों पर जलभराव हुआ। बारिश के चलते नैनी झील का जल स्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है, जो 88 .5 फीट पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डॉ . सीएस तोमर ने बताया कि फिलहाल यलो अलर्ट जारी रखा गया है। 18 सितम्बर के बाद मौसम में सुधार आने की संभावना रहेगी। अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा। वर्षा 25 मिमी रिकार्ड की गई।

# लोअर माल रोड पर आईं दरारें, यातायात प्रतिबंधित

## अब अपर माल रोड पर बढ़ा वाहनों का दबाव, प्रशासन अलर्ट

- 22 सितंबर से शुरू होना था रोड का मरम्मत कार्य
- भूस्खलन की घटनाओं की केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल की ऐतिहासिक माल रोड पर भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है। रविवार देर रात ग्रैंड होटल के समीप लोअर माल रोड पर 10 इंच से बड़ी दरारें पड़ने के बाद लोक निर्माण विभाग ने तत्काल सड़क पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया। इससे अब वाहनों का दबाव अपर माल रोड पर बढ़ गया है।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि लोअर माल रोड की मरम्मत का काम 22 सितंबर से शुरू होना था, लेकिन अचानक दरारें बढ़ने के चलते आपात स्थिति में सोमवार से ही कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस घटना के बाद नैनीताल प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है।



नैनीताल की माल रोड पर दरार आने के बाद बंद किया गया यातायात। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि माल रोड, भवाली रोड, हल्द्वानी रोड समेत नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी गई है। हाल ही में केंद्र से आई टीम ने इन स्थानों का निरीक्षण किया था। जिसके समक्ष समस्या को रखकर बजट की मांग की गई है।गौरतलब है कि नैनीताल की माल रोड पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। हर साल हजारों पर्यटक इस मार्ग से झील का नजारा लेने आते हैं। ऐसे में सड़क का असुरक्षित होना पर्यटन सीजन पर भी असर डाल सकता है। इधर, विभाग ने दरार वाले हिस्से को त्रिपाल से ढक दिया। वहीं, विधायक सरिता आर्या ने भी क्षेत्र का निरीक्षण कर अफसरों को दिशा-निर्देश दिए।

# पहाड़ों को भारी जख्म दे रहा इस बार का मानसून

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** इस बार का मानसून पहाड़ों को भारी जख्म दे रहा है। हल्द्वानी-नैनीताल राजमार्ग पर ही 40 से अधिक पहाड़ियां इस बार दरक गईं। पहाड़ियों से गिरा मलबा जगह-जगह बिखरा नजर आता है।

बरसात में पहाड़ों का दरकना स्वाभाविक है, जो अतीत से चला आ रहा है, लेकिन इस बार की बरसात कुछ ज्यादा ही दर्द लेकर आई है। नैनीताल-हल्द्वानी के बीच कोई भी ऐसी पहाड़ी नहीं बची, जिसमें भूस्खलन न हुआ हो। हनुमानगढ़ी से पहाड़ों का खिसकना शुरू हुआ, जो रानीबाग के समीप गुलाब घाटी तक नजर आता है।

हालांकि सर्वाधिक संवेदनशील गुलाब घाटी में इस बार पिछले वर्षों की तरह भूस्खलन नहीं हुआ, लेकिन दूसरे स्थानों में जमकर भूस्खलन हुआ, जिस कारण इस मार्ग पर आए दिन यातायात बाधित होता रहा और जेसीबी मलबा साफ करने में अधिकांश समय व्यस्त ही रही। इस बार मानसून का वेग सामान्य बना रहा, लेकिन निरंतर बरसता रहा। जिस कारण पहाड़ों की मिट्टी पानी को सोखते रही और पहाड़ियां कमजोर होकर दरकती रहीं।



लोक निर्माण विभाग के अभियंता रत्नेश सक्सेना का कहना है कि इस बार भूस्खलन की घटनाएं अधिक हुईं। मलबा आने से यातायात बाधित होने पर उसे हटाने का काम त्वरित गति से करने से इस बार अधिक समय तक यातायात बाधित नहीं होने दिया।

### पर्यावरण के अनुसार हो विकास

**नैनीताल :** पर्यावरणविद प्रो . अजय रावत का कहना है कि पर्यावरण को ताक पर रखकर विकास कार्य नहीं होने चाहिए। पर्यटन समेत तमाम विकास कार्य पर्यावरण के अनुरूप होने चाहिए। सड़कों पर वाहनों का बढ़ता बोझ भी असहनीय प्रतीत हो रहा है जिस कारण सड़क किनारे की पहाड़ियों का कमजोर होना स्वाभाविक है। इस दिशा में गंभीरता से विचार करना होगा।

### गहरे हरे रंग में बदला नैनी झील के किनारों का पानी



**नैनीताल :** नैनी झील का रंग सोमवार को गहरे हरे में तब्दील हो गया। झील के किनारे पूरी तरह से गाढ़े हरे रंग में रंगे हुए नजर आए। झील के पानी का नीला, भूरा, काला तो कभी हल्के हरे रंग में रंगने का सिलसिला कई वर्षों से चला आ रहा है। जिसकी वजह झील में जमा गंदगी मानी जाती रही है, जो पूरी झील का रंग बदल देती हैं। झील में ऑक्सीजन डालकर झील को स्वच्छ रखा जाता है। झील में एयरेशन करने का कार्य करीब डेढ़ दशक से चला आ रहा है। जिस कारण झील के रंग बदलने का सिलसिला भी थम चुका है। सोमवार को झील के किनारों का बदला रंग हर किसी को हैरान करने वाला था। झील किनारे बड़ी संख्या में मछलियां नजर आती हैं। मगर मछलियां कहीं नजर नहीं आ रही थी। झील का हर किनारा गहरे हरे रंग में रंगा नजर आ रहा था। जिला विकास प्राधिकरण का कहना है कि इस बार बरसात खूब हुई है और झील से लगे नालों की दीवारों में काई (एल्गी) पानी के साथ बहकर झील में आ गई है, जो झील किनारे जमा हो गई है जिसे निकाले जाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इधर, जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारी आनंद सिंह कोरंगा का कहना है कि झील के पानी की जांच के लिए जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है, जो जल्द ही झील किनारों के पानी के बदले रंग व काई का निरीक्षण करेंगे।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**भीमताल, अमृत विचार:** भीमताल पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष संजीत कुमार राठौड़ ने बताया कि वह और उनकी टीम जब वाहनों की नियमित चेकिंग कर रहे थे तो टीम ने एक बाइक पर विनोद कुमार उर्फ मनोज कुमार पुत्र विशम्बर दयाल निवासी ग्राम सहजदिया पो. सुजानपुर थाना पड़वा तहसील दरार खीरी उप्र उम्र 24 वर्ष और कुलदीप पुत्र रतिराम निवासी ग्राम सहजदिया पो. सुजानपुर थाना पड़वा तहसील दरार खीरी उप्र उम्र 19 वर्ष पकड़ लिया। इनके पास से चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद की गई। इन आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। टीम में नरेन्द्र सिंह रावत, त्रिभुवन अधिकारी, प्रेम नेगी, रवि शंकर पाठक आदि रहे।

# बिड़ला स्कूल के नन्हें छात्र की बड़ी छलांग

- आयुष ओबेरॉय ने जीता साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक
- छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने जताई खुशी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग, हल्द्वानी के पहली कक्षा में पढ़ने वाले लिटिल मास्टर आयुष ओबेरॉय ने एसओएफ साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने और विद्यालय के नाम कर ली है।



आयुष ओबेरॉय।

आयुष ने विशिष्ट उपलब्धि के तहत कक्षा एक में रहते हुए एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड 2024-25 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) प्राप्त किया। उन्होंने40/40 अंक (100 फीसदी) अर्जित कर स्कूल रैंक 1, रीजनल रैंक 1, ज़ोनल रैंक 1 और इंटरनेशनल रैंक 1 हासिल किया। हाल ही में आयोजकों द्वारा आयुष को अंतराष्ट्रीय स्वर्ण पदक, उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाणपत्र, गोल्ड मेडल ऑफ़ डिस्टिंक्शन तथा नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने कहा कि इतनी कम उम्र में यह असाधारण उपलब्धि न केवल आयुष अपितु उनके परिजनों और पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है।

## जिपं सदस्य ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**भीमताल, अमृत विचार:** जंगलिया गांव जिला पंचायत सदस्य बिपिन सिंह जंतवाल ने ग्राम पंचायत जंगलिया गांव, हरीनगर, हैड़िया गांव चेक बहेडी आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।

इस दौरान ग्राम प्रधान जंगलिया गांव राधा कुल्याल ने जंगलिया गांव बूढ़ा धूरा मोटर मार्ग में जगह-जगह भारी वर्षा से दीवार टूटने, पंचायत घर के आगे भूस्खलन तथा काश्तकारों की भूमि बहने की समस्या से अवगत कराया। बूढ़ा धूरा में कृषि भूमि में उपज को जंगली जानवरों से बचाने की गुहार लगाई। ग्राम प्रधान हरीनगर जंगलिया गांव ने रास्ता बारात घर से भूमिया मंदिर तक तथा क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर गीता आर्य, मनोज मेहता, प्रेम सिंह कुल्याल, जगत राम मौजूद थे।

# घरेलू हिंसा व पॉक्सो एक्ट के बाबत विस्तार से दी जानकारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के हरीनगर क्षेत्र में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

संचालन सिविल जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का अर्थ है लोगों के लिए और लोगों के द्वारा शासन। जहां सभी समान हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा



शिविर में जानकारी देतीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण। ● अमृत विचार

कि लोकतंत्र दिवस सरकार से मानवाधिकारों के सम्मान और नागरिकों की सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करता है। सचिव ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, राहवीर योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विधिक जानकारियां भी प्रदान कीं।

वहीं, रिटेनर अधिवक्ता तारा आर्या ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी। शिविर में यशवंत कुमार, अंबिका सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




# ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

- सीएम के जन्मदिन के मौके पर लगाया गया शिविर
- चिकित्सकों ने मरीजों को दवाइयां भी वितरित कीं

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के मौके पर बैलपड़ाव गुरुद्वारा डेरा बाबा पूर्णहरी गुरुद्वारा साहिब में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत की ओर से रेडकोर्स नैनीताल के अध्यक्ष नवनीत राणा के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

डॉ. अदिति अरोरा, डॉ. अंशुल केडिया, डॉ.तन्मय, डॉ.अजय पुंडीर, डॉ. मुजीव आलम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण




शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

किया। सभी मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य समाज के अंतिम कोने में रहने वाले व्यक्ति की चिंता करना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये रेडक्रॉस के सहयोग से समय-समय पर इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, विक्रम जंतवाल, कोटाबाग प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र बोरा, सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, मयंक तिवारी, गेबुवा प्रधान गंगा बिष्ट, कृपाल सिंह, मलकीत कम्बोज, गोपाल बुडलाकोटी, अजय कम्बोज, सुरजीत सिंह, रमन सिंह पन्नू, रसपाल सिंह,अनिल कम्बोज, हरीश मेहरा, विनोद बुडलाकोटी, कुंदन बसेड़ा, जगत सामंत, लवप्रीत सिंह मौजूद रहे।

## हनुमान धाम में लगाया शिविर

**रामनगर, अमृत विचार :** अंजनी ग्राम हनुमान धाम में इंटर नेशनल पायनियर्स की ओर से लगाए गए होम्योपैथी शिविर में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में उक्त रक्तचाप, मधुमेह के अलावा सर्दी, जुकाम समेत कई रोगियों को देख गया।

चिकित्सक डॉ. अंजू वर्मा ने शिविर में आए मरीजों की जांच कर उपचार करने के साथ साथ उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। संस्थापक सदस्य संरक्षक संतोष मेहरोत्रा, पायनियर अध्यक्ष विजय अग्रवाल, मंत्री दीपांशु अग्रवाल, समाज सेवक वरिष्ठ पायनियर वीरेंद्र सिंह रावत ने शिविर में योगदान दिया। हनुमान धाम के संस्थापक आचार्य विजय, प्रेम जैन, पवन अग्रवाल, सतनाम सिंह, एमडी वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

# जनपद में लगाएं जाएंगे 162 स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य पर्व पखवाड़ा के आयोजन को लेकर अपर सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रीना जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अपर सचिव ने शिविरों के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी, उप जिलाधिकारियों व सहायक नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली। साथ ही उन्हें आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे इन स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व आमजन को निशुल्क स्वास्थ्य उपचार कराना है।

जिले में कुल 162 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। 3 वृहत शिविर, जिनका शुभारंभ 17 सितंबर को बेस चिकित्सालय हल्द्वानी से होगा। अन्य दो शिविर रामनगर चिकित्सालय व बीडी पांडे चिकित्सालय नैनीताल में लगाए जाएंगे। सीएमओ को निर्देश दिए कि इन शिविरों में सरकारी के साथ ही निजी चिकित्सालयों के भी चिकित्सा विशेषज्ञों की तैनाती कराई जाए। बैठक में एडीएम विवेक रॉय, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम केएन गोस्वामी, प्रमोद कुमार, मोनिका, डीडीओ गोपाल गिरी आदि मौजूद रहे।

# भीमताल में बस स्टैंड का अभाव, जनता हलकान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल भले ही पर्यटन नक्शे पर अपना स्थान दर्ज करा चुका हो, पर आज भी भीमताल नगर में बस स्टैंड का अभाव है। ऐसे में जहां अधिकांश पर्यटक भीमताल आने के लिए टैक्सी सेवा लेने को मजबूर हैं। ऐसे में अब भीमताल में रोडवेज बस स्टेशन की मांग जोर पकड़ने लगी है।

भीमताल में विकास भवन में जिले के लगभग 28 से ज्यादा कार्यालय स्थित है। ऐसे में रोडवेज बस स्टेशन का न होना यहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ विकास भवन में कार्यरत कर्मचारियों को भी खलता है। इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी अवगत कराते हैं कि आज से लगभग दो दशक पूर्व भीमताल के डाठ क्षेत्र में रोडवेज की बस आई थी, वर्तमान में यह बस भी नहीं आती है। स्थानीय जनता की मांग पर नौकुचियाताल से नियमित तौर पर केवल नैनीताल तक बस का संचालन किया जाता है। यहां के लोगों को जब हल्द्वानी जाना पड़ता है, तो कई घंटे प्राइवेट बसों का इंतजार के लिए भीमताल हल्द्वानी मार्ग में खड़ा रहना पड़ता है। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीडी पलाड़िया समेत कई लोगों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से भीमताल में शीघ्र रोडवेज बस स्टेशन खोलने की मांग की है।

## महिला सशक्तिकरण पर की गई चर्चा

**नैनीताल :** नगर महिला कांग्रेस नैनीताल के तत्वावधान में सोमवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस अयारपाटा स्थित डॉ. भावना भट्ट के आवास पर मनाया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, बढ़ते महिला अपराधों और संगठन की मजबूती जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल को हाल ही में संपन्न नंदा देवी मेले में पालिका द्वारा किए गए स्वच्छता कार्य के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। घोषणा कि आगामी 18 सितंबर को प्रातः 11 बजे श्री रामसेवक सभा प्रांगण में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। अनुपम कबड्वाल, आशा भट्ट, लता तरुण, सुनीता आर्य, गीता मंडल आदि मौजूद रहीं।

# फुंके विद्युत ट्रांसफार्मर, आपूर्ति गुल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रविवार रात्रि अचानक बादलों की गड़गड़ाहट व आकाशीय बिजली की चमक ने लोगों की नींद उड़ाकर रख दी। यह सिलसिला लगभग पौन घंटे तक चला। विद्युत विभाग को पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान पांच ट्रांसफर फुंकने से हुआ है। बाजार, टेढ़ा और नयागांव आदि स्थानों पर ट्रांसफार्मर फुंक गए हैं।

कई स्थानों की विद्युत आपूर्ति गुल हो गई। हालांकि विद्युत विभाग ने बादल गरजते ही सभी फीडर डाउन कर दिए थे, लेकिन आकाश में जबरदस्त चमक और आवास से विद्युत विभाग के कई ट्रांसफार्मर फुंक कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सारे नगर एवं गांव में विद्युत गुल और अंधेरा छा गया। इस पूरी



फुंके ट्रांसफार्मरों को बदलने में लगे विभागीय कर्मचारी। ● अमृत विचार

घटनाक्रम का असर विद्युत विभाग पर पड़ा है। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने बताया कि आकाशीय बिजली चमकने से रामनगर बाजार में स्थित 500 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक गया है।

टेढ़ा में 100-100 केवीए के दो ट्रांसफार्मर, नया गांव में ढाई सौ केवीए, 63 केवीए के दो ट्रांसफार्मर फुंक गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस दैवीय आपदा में लगभग 5 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। रामनगर बाजार सहित सभी प्रभावित क्षेत्र के लिए नए ट्रांसफार्मर मंगवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

प्रस्तुति एवं संकलन
सुरेश कांडपाल
अमृत विचार, नैनीताल






# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# आरबीआई करेगा उत्तराखंड के एमएसएमई क्षेत्र को अधिक सुलभ

## सीएम से आरबीआई गवर्नर ने की आर्थिक विकास और बैंकिंग विस्तार पर चर्चा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। यह भेंटवार्ता राज्य के आर्थिक परिदृश्य, वित्तीय समावेशन तथा उत्तराखंड में बैंकिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने गवर्नर से उत्तराखंड के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल भुगतान प्रणाली के प्रसार और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आरबीआई के सहयोग का अनुरोध किया। कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि ऐसे क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाएं सुलभ हों जहां अभी भी पहुंच की कमी है, जिससे जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट करते आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने हाल के वर्षों में डिजिटल लेनदेन, डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) और सरकारी सेवाओं के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्धता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

आरबीआई गवर्नर ने उत्तराखंड सरकार द्वारा वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता, और सुशासन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य के वित्तीय विकास और बैंकिंग आधार के विस्तार में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आरबीआई की ओर से उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को वित्तीय सहायता की सुविधा भी अधिक सुलभ बनाने पर विचार किया जाएगा।

# ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर 98 लाख ठगे

संवाददाता, देहरादून

- एसटीएफ ने सरगना को कोलकाता से किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर और छोटे रिटर्न देकर विश्वास हासिल कर 98 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को बताया कि अभियुक्त मृदुल सूर निवासी पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम बंगाल ने फेसबुक तथा व्हाट्सएप पर फर्जी प्रोफाइल एवं कई अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय मोबाइल नंबरों का उपयोग कर शिकायतकर्ता का विश्वास जीता। प्रारम्भ में छोटे रिटर्न देकर निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। पीड़ित को अभियुक्त ने स्वयं को वित्तीय सलाहकार, आईएफडीसी इन्वेस्टर कम्पनी का प्रतिनिधि बताकर निवेश का लालच दिया तथा बाद में धमकी, ब्लैकमेल व भय दिखाकर ठगी की गई।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने शिकायतकर्ता से 28 जुलाई 2020 से 09 अगस्त 2024 के बीच निवेश के बहाने विभिन्न बैंक खातों में लगभग 98 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित करवाई। अभियुक्त को धारा 41 सीआरपीसी का नोटिस दिये जाने के बावजूद, वह लगातार जांच से बचता रहा जिस कारण न्यायालय से गैर-जमानती वारंट प्राप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त के बैंक खातों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में साइबर अपराधों की शिकायतें दर्ज हैं। यह प्रकरण देहरादून निवासी पीड़ित द्वारा दिसम्बर, 2024 को साइबर थाना देहरादून में दर्ज कराया गया था जिसमें यह कार्यवाही बीते शनिवार को हुई। कोलकाता से न्यायिक कार्यवाही उपरांत अभियुक्त को देहरादून लाया गया है।



हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार। ● अमृत विचार

## सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से बांधा समां

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने अभियंता दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्रथम चरण में इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया और आरके दत्ता को श्रद्धांजलि दी गई। सभी अभियंताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर में वाईएस रावत, गणेश रौतेला, वाईएस लसपाल, एसएस डंगवाल, मनोज आर्या, अमित मगोली, अनिल परिहार, पुष्कर आर्या, चेतन कुमार, भावना पंत, संजय कुमार, मनमोहन बिष्ट, मनोज भट्ट आदि रहे। कुल 50 यूनिट रक्तदान किया गया। आश्रय सेवा समिति को रोटी मेकिंग मशीन भेंट की गई। यशस्वी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से राकेश जोशी और प्रीती ने गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस दौरान पीसी जोशी, नवीन कांडपाल, जेएस बिष्ट, पीसी पंत, एमसी पांडे, अनूप पांडे, मनोज तिवारी, भास्कर कांडपाल और सुभाष जोशी आदि मौजूद रहे।

# गोलीबारी के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक

- बेतालघाट ब्लॉक प्रमुख चुनाव से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में याचिका

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय ने नैनीताल जिले के बेतालघाट ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान हुई गोलीबारी के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी हेमंत बलोटी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। साथ ही, सरकार को आपत्ति दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई।

मामले के अनुसार, हेमंत बलोटी की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि नैनीताल जिले के बेतालघाट में विगत 14 अगस्त को ब्लॉक प्रमुख के चुनाव के दौरान दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई थी और एक व्यक्ति घायल हो गया था। नैनीताल पुलिस द्वारा उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है और उसे बेवजह फंसाया जा रहा है। पुलिस के पास उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गयी है।

## आरा मशीनों की सूची अदालत में पेश करें

**नैनीताल, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय ने आरामशीनों के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को प्रदेश सरकार से ऐसे आरामशीनों की सूची पेश करने को कहा है जो प्रतिबंधित वन क्षेत्र से दस किमी की दूरी के अंदर मौजूद हैं। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने आरामशीनों के स्थानांतरण को लेकर कमरुद्दीन और रजनी शर्मा की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि हरिद्वार के सुल्तानपुर आलमपुर में स्थापित आरामशीनों के स्थानांतरण के संबंध में वन विभाग से अनुमति मांगी थी लेकिन वन विभाग ने मौजूद प्रावधानों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया। वन विभाग की ओर से इसके पीछे प्रतिबंधित वन क्षेत्र का हवाला दिया गया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि ये आरामशीन प्रावधानों और उच्चतम न्यायालय की ओर से समय समय पर दिए गए दिशा निर्देशों के विपरीत स्थापित किए गए हैं। यह प्रतिबंधित वन क्षेत्र से 10 किमी की दूरी के अंदर मौजूद हैं। अदालत ने सरकार को निर्देश दिए कि वह ऐसी आरा मशीनों की सूची 22 सितंबर तक अदालत में पेश करें जो प्रावधानों के विपरीत प्रतिबंधित वन क्षेत्र से दस किलोमीटर के अंदर मौजूद हैं।



## तीन गांवों की सर्वे रिपोर्ट नहीं हुई पेश

**नैनीताल :** तीन दशकों से राजस्व गांव की बाट जोह रहे ऊधमसिंह नगर जिले के तीन गांवों के मामले में सोमवार को सरकार सर्वे रिपोर्ट पेश नहीं कर पायी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में सुनवाई में सरकार की ओर से कहा गया कि सर्वे के लिये वन विभाग और सिंचाई विभाग की अगुवाई में दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। सर्वे का कार्य जारी है जल्द रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। इसके बाद अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिये 17 सितंबर की तिथि तय कर दी। ऊधमसिंह नगर के जसपुर तहसील के ये तीन गांव सिबिका, मिलक सिबिका और मनोरथपुर-तृतीय हैं।

# फाइलों की बिडिंग एक माह में पूर्ण करें

- सीएस बर्द्धन ने सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अनुभागों के निरीक्षण के दौरान पुरानी फाइलों से पटे पड़े अनुभागों में फाइलों की छंटनी (वीड आउट) कराए जाने की बात कही।

सीएस बर्द्धन ने कहा कि फाइलों के वीडिंग प्रोसेस के नियम को पुनः प्रसारित कर सभी अनुभागों में फाइलों की वीडिंग एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से करा ली जाए। उन्होंने सचिव सचिवालय प्रशासन को शीघ्र ही रिकॉर्ड रूम के लिए स्थान चिन्हित कर एक यथोचित रिकॉर्ड रूम तैयार कराने के निर्देश दिए, जिसमें वीड आउट के बाद आवश्यक फाइलों को व्यवस्थित रूप से रखा जा सके। मुख्य सचिव ने ऐसे कुछ अनुभागों, जिनके विभिन्न अनुभाग एक की कक्ष में संचालित हो रहे हैं, पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सचिवालय परिसर में 10 -12 अनुभागों के लिए तात्कालिक रूप से पोटा केबिन भवन की व्यवस्था सुनिश्चित कर अनुभागों को स्थानांतरित किए जाने के साथ ही सचिवालय परिसर के अंतर्गत, अनुभागों का निरीक्षण रोस्टर पुनः प्रसारित किए जाने के भी निर्देश दिए। सीएस बर्द्धन ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकारियों द्वारा अपने अनुभागों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।

उन्होंने सचिवालय परिसर के अंतर्गत सभी भवनों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।



सचिवालय परिसर में रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

# मुख्यमंत्री ने दी मॉरिशस के प्रधानमंत्री को विदाई

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगुलाम सोमवार सुबह उत्तराखंड से प्रस्थान कर गए। प्रस्थान के समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय अटल बिहारी वाजपेयी हवाई अड्डा (जौलीग्रांट एयरपोर्ट) पर उनसे भेंट की। साथ ही, उन्हें चारधाम का पावन प्रसाद एवं प्रदेश के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद स्मृति स्वरूप भेंट किए।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने उत्तराखंड की आतिथ्य परंपरा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यह यात्रा निश्चित ही भारत और मॉरीशस के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ करेगी।

## सीएम का दौरा, बढ़ी सुविधाएं

**देहरादून :** सीएम की ओर से दून अस्पताल में जनसुविधाएं बढ़ाने को लेकर दिए गए निर्देश के 48 घंटे के भीतर ही अस्पताल परिसर में सुविधाएं बढ़ा दी गई हैं। अस्पताल के वेटिंग एरिया में पंखे और मास्क की समुचित व्यवस्था कर दी गई है। सीएम ने शनिवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और जन सुविधाओं का जायजा लिया था।

# यूओयू में दस तक ले सकेंगे प्रवेश

**हल्द्वानीः** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) ने विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अक्टूबर कर दी है। विवि प्रशासन का यह कदम उन हजारों छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी सहूलियत लेकर आया है जो किसी कारण से अभी तक आवेदन नहीं कर पाए थे। सोमवार को प्रवेश की अंतिम तिथि थी। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि इस निर्णय से कई शिक्षार्थियों को राहत मिलेगी, जो अभी तक प्रवेश नहीं ले पाए थे। विवि हमेशा विद्यार्थियों की सुविधा और आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता आया है। बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं विवि की आधिकारिक वेबसाइट www.uou.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**उपलब्धि** मार्च 2027 तक का लक्ष्य अगस्त 2025 में ही पूरा

# यूपीसीएल का अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में कीर्तिमान

मुख्य संवाददाता, देहरादून


- प्रदेश में 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जोड़ने के संकल्प को साकार करते हुए उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूपीसीएल को मार्च 2027 तक 40,000 सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु यूपीसीएल ने अपने अथक प्रयासों एवं उपभोक्ताओं के सहयोग से यह लक्ष्य समय से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही अगस्त 2025 में पूरा कर लिया है। साथ ही, प्रदेश भर में अब तक 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर लिए गए हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 156 मेगावाट है। यह उपलब्धि उत्तराखंड को हरित ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करती है। इस अभियान के नोडल अधिकारी आशीष अरोड़ा, मुख्य अभियन्ता यूपीसीएल थे।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न 'पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत उत्तराखंड ने जिस तरह डेढ़ वर्ष पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है, वह हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तराखंड न केवल स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि आने वाले समय में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी राज्य बनेगा।
> **-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री

प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने सोमवार को कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रेरणादायी नेतृत्व और प्रमुख सचिव (ऊर्जा) के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।



प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली' को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाना हमारे लिये गर्व का विषय है। हमने जो लक्ष्य मार्च 2027 तक प्राप्त करना था, उसे अगस्त 2025 में ही पूरा कर लिया है जो यूपीसीएल परिवार की प्रतिबद्धता और उपभोक्ताओं के सहयोग का परिणाम है। भविष्य में भी हम इसी उत्साह से कार्य कर उत्तराखंड को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाते रहेंगे।

# विद्युत मंत्रालय से प्रदेश को मिले 547.83 करोड़

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने उत्तराखंड राज्य के लिए 547.83 करोड़ की महत्वपूर्ण धनराशि स्वीकृत की है।

इस राशि का उपयोग ऋषिकेश में वितरण संरचना एवं भूमिगत केबलिंग कार्यों और राजधानी देहरादून में आधुनिक स्काडा प्रणाली विकसित करने में होगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से दोनों नगरों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था न केवल और अधिक सुदृढ़ होगी, बल्कि उपभोक्ताओं को सुगम, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने उक्त स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार जताते कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड को लगातार केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे राज्य की विकास गति को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है।

## किच्छा की बहुप्रतीक्षित मांग को स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किच्छा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को स्वीकृति प्रदान करते हुए महाराणा प्रताप चौक के समीप मुख्य रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास निर्माण की दिशा में ठोस पहल की है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** ग्राम परमानंदपुर में नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक की डंपर की टक्कर से हुई मौत के मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। परमानंदपुर, दभौरा मुस्तहकम निवासी अमीर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 सितंबर को उसका 22 वर्षीय पुत्र फैजान हुसैन शाम करीब सात बजे गांव से ही नमाज पढ़कर घर को पैदल लौट रहा था। रास्ते में परमानंदपुर में भारत पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे 22 टायरा डंपर के चालक ने डंपर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके घायल पुत्र को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने फैजान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**खटीमा :** पूरनपुर मार्ग पर कार की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने एक को हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया है। झाऊ परसा निवासी रतन और राज कुमार झनकईया से छोटी बगुलिया होते हुए घर जाने के लिए बाइक से पूरनपुर रोड पर पहुंचे ही थे कि खटीमा की ओर से तेज गति से आ रही कार बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सौ मीटर तक घिसटते चले गए। घायलों को तत्काल नागरिक अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रतन को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जबकि राज कुमार का इलाज चल रहा है।

### डायग्नोस्टिक सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**काशीपुर :** चोर डायग्नोस्टिक सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बांसखेडा खुर्द निवासी सुधीर कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मुरादाबाद रोड स्थित अम्बिका डायग्नोस्टिक सेंटर लैब में कार्य करता है। उसने बीती 28 अगस्त को अपनी बाइक लैब के बाहर खड़ी कर दी थी। जब वह शाम को अपनी डयूटी कर बाहर आया, तो उसकी बाइक गायब थी।

### कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त नीलकंठ कॉलोनी सरबरखेडा निवासी बलजिन्दर कौर उर्फ गुड्डी को घर के बाहर कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

# बाइक सवार पति की मौत, पत्नी बची

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** मोटरसाइकिल से पत्नी संग जा रहे पति की एक तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि पत्नी बाल-बाल बच गई।



कुंवर सिंह (फाइल)।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर पंचायत गूलरभोज के ग्राम तिलपुरी बरी राई निवासी कुंवर सिंह (60) अपने निजी कार्य से पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। जब वह हाईवे पर स्थित अनहद ग्रुप ऑफ़ कंपनीज के करीब पहुंचे उसी दौरान एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। कुचलने से कुंवर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर साथ बैठी उनकी पत्नी को खरोच तक नहीं आई। स्थानीय लोगों ने घटना की तुरंत सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया है जबकि एक बेटी की शादी हो चुकी है।

### काशीपुर में ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**काशीपुर :** ट्रेन की चपेट में आकर घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की शाम हेमपुर डिपो गौशाला निवासी 80 वर्षीय जगत सिंह कहीं काम से गए थे। इसी दौरान शाम लगभग सात बजे गौशाला क्षेत्र में ही पैसेंजर रेलगाड़ी की चपेट में आकर उनका दायां पैर घुटने के पास से कट गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में एलडी भट्ट उप चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी देर रात मौत हो गई। उधर सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक जगत सिंह के बेटे चंद्रपाल सिंह ने बताया अभी यह पता नहीं चल सका है कि उनका पैर किस ट्रेन की चपेट में आकर कटा है। क्योंकि हादसे के बाद वह लोग इलाज करवाने में जुट गए थे और न ही यह पता चल सका कि वह गांव से होकर गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के पास आखिर किस काम से गए थे।

## आवास-विकास के लोगों ने विधायक शिव अरोरा का फूलमाला से किया स्वागत

# 1.2 किमी सीसी मार्ग का किया लोकार्पण

- बारिश के दौरान लोगों को मिलेगी काफी राहत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत आवास-विकास पुलिस चौकी से शिव शक्ति मंदिर होते हुए अटरिया रोड तक सीसी मार्ग का लोकार्पण नारियल फोड़कर किया। वहीं आवास विकास पहुंचने पर विधायक अरोरा का लोगों ने जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत किया।

सोमवार को लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि 1.2 किलोमीटर मार्ग का निर्माण जो पिछले 12 साल से नहीं हुआ था उसको राज्य योजना के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कराने का आग्रह किया। 1.62 करोड़ की लागत से इस मार्ग को स्वीकृत करवाया जो बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा पहले यह रोड डामर की होती थी बारिश के मौसम में आधे-आधे फिट पानी में डूबी होती थी। जिससे यहां के व्यापार व जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था।




आवास-विकास में सीसी मार्ग का लोकार्पण करते विधायक शिव अरोरा।

उन्होंने बताया कि अब यह रोड सीसी व दोनों और इंटरलॉकिंग टाइल बनने से काफी सुंदर और मजबूत नजर आ रही है। इस दौरान राजेश जग्गा, रमेश कालरा, कस्तूरी लाल तागरा, निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, नितेश गुप्ता, किरन विर्क, राजेश कामरा, उमेश पासरीचा, संदीप राव, मनोज मदान, राजीव कामरा, बिट्टू मिश्रा, परवेज खान, मोर सिंह यादव, सतनाम सिंह, रेनू जुनेजा, आशा मुंजाल, मनोज वर्मा, प्रेम सिंह, गौरव कुशवाहा, मोहित चड्ढा, मयंक कक्कड़, विष्णु सिंह, धीरेश गुप्ता, एमपी मौर्य, भीमसेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत होंगे विविध कार्यक्रम

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे आयोजन, भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जिंदल ने दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 16 सितंबर के जन्मदिवस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को पड़ने वाले जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राज्यभर में जनकल्याण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्थान से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष जिंदल ने पखवाड़े की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना की जाएगी। मंदिरों में भजन-कीर्तन, हवन यज्ञ और विशेष प्रार्थनाओं के आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे, जिससे आमजन विशेषकर गरीब एवं वंचित वर्ग लाभांवित हो सके। साथ ही इंदिरा चौक स्थित ब्लड बैंक में 17 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, युवा और आम नागरिक भाग लेंगे। युवा शक्ति को जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से 21 सितंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन रुद्रपुर और खटीमा में किया जाएगा। वहीं दिव्यांगजनों के लिए विशेष उपकरण वितरण कार्यक्रम भी पखवाड़े के दौरान रखा गया है।

जिलाध्यक्ष ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 'नमो पाद' नाम से एक राज्यव्यापी वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगरों, गांवों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों और मंदिर परिसरों की विशेष सफाई की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रकाश गुप्ता, तरुण दत्ता, रोशन अरोड़ा, हरविंदर सिंह चुघ, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, मोर सिंह यादव समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पत्रकारों को जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल। • अमृत विचार

### मैराथन और रक्तदान शिविर आज

**खटीमा :** सेवा संकल्प (धारणी) फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर और मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन दौड़ मंगलवार प्रातः नौ बजे एसएसबी कैंप (कालापुल) से शुरू होगी और मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय लोहिया हेड में समाप्त होगी। जबकि विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कैंप कार्यालय लोहिया हेड में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा। संस्था द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मैराथन एवं रक्तदान शिविर में सहभागी बनें और मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने की अपील की है।

# नगर निगम धूमधाम से मनाएगा सेवा पखवाड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत रुद्रपुर नगर निगम में भी विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके लिए नगर निगम ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।



महापौर विकास शर्मा।

सोमवार को महापौर शर्मा ने बताया कि नगर निगम की ओर से 16 और 17 सितंबर को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें 'स्वच्छता अभियान, महिला हाट बाजार, बहुउद्देशीय शिविर और निःशुल्क चिकित्सा शिविर प्रमुख हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता ही सेवा की भावना को केंद्र में रखते हुए रुद्रपुर नगर निगम एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाएगा। 16 सितंबर को विशेष रूप से नगर के दो प्रमुख मार्गों डीडी चौक से पारले चौक और इंदिरा चौक से गावा चौक तक हाईवे पर 50-50 सदस्यों की टीमें बनाकर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इन टीमों के माध्यम से न केवल सफाई की जाएगी, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 और 17 सितंबर को महिला हाट बाजार का आयोजन वेंडिंग जोन में किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान नगर निगम द्वारा 'बहुद्देशीय शिविर' का आयोजन भी किया जाएगा।

# कारों में भिड़ंत, बाजार चौकी में किया हंगामा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बाजार चौकी इलाके में उस वक्त दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जब दो कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में तनातनी हो गई और हाथापाई के बाद मामला चौकी तक पहुंचा। जहां संभ्रांत लोगों की मध्यस्थता के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

लालपुर निवासी ओमप्रकाश बांगा अपनी कार से रुद्रपुर आ रहे थे। गाबा चौक पर अचानक भूरारानी निवासी सार्थक कालड़ा की कार में भिड़ंत हो गई। चर्चा है कि कार सवारों में पहले आपसी बहस बाजी हुई और देखते ही देखते हाथापाई होने की बात सामने आई है। विवाद इतना बढ़ गया कि फोन घनघनाने के बाद दोनों पक्षों की भीड़ हाईवे पर ही जुटने लगी और सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा और भाजपा नेता विपिन जल्होत्रा भी मौके पर पहुंचे।

इस दौरान दोनों पक्षों में तनातनी को देखते हुए प्रकरण बाजार पुलिस चौकी पहुंचा। जहां हंगामा काटते हुए दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा उठाते रहे। काफी देर चली जद्दोजहद के बाद आखिरकार संभ्रांत लोगों के समझाने के बाद रुद्रपुर सिटी क्लब में वार्ता हुई और मामले का पटाक्षेप किया गया। दोनों पक्षों में विवाद की घटना के बाद मामला सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नशेड़ियों का हमला

**रुद्रपुर :** नशेड़ियों द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं होने के बाद पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रंपुरा बस्ती निवासी अनूप कोली ने बताया कि पड़ोसी नेमपाल अपने परिवार के साथ रहता है और किराना स्टोर की आड़ में नशे का धंधा भी संचालित होता है। जिस वजह से किराना स्टोर पर देर रात्रि को नशेड़ियों का जमघट भी लगा रहता है। अराजकता का माहौल पैदा होने के कारण लोगों का जीना भी दूभर है। 23 मार्च 2025 को नेम पाल अपने साथ राकेश, दीपक, अर्जुन, कर्ण पाल, रीतिक, मुन्नी, रोहित, गजेंद्र और लेखराज धारदार हथियार से लैस होकर आये और परिवार पर हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि इस हमले में उसका परिवार भी घायल हो गया।

# खानपुर विधायक का पुतला फूंका

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खानपुर विधायक उमेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए विधायक के प्रतीकात्मक पुतले को आग के हवाले किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए विधायक उमेश कुमार पर तमाम गंभीर आरोप लगाए।

नगर के महाराणा प्रताप चौक पर बजरंग दल से जुड़े तमाम कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने विधायक उमेश कुमार पर गो तस्करों एवं गौकशी से जुड़े लोगों को संरक्षण देने एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को झूठे केस में फंसाने के प्रयास का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि खानपुर विधायक का यह कृत्य किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यदि जल्द ही विधायक उमेश कुमार ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को फंसाने की साजिश बंद नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में अंशु मान श्रीवास्तव, गोलू यादव, सुशील ठाकुर, निशांत कुमार, कपिल कुमार, वरुण सिंह, अनमोल मिश्रा, करण कुमार, अंकित ठाकुर, गुलशन कुमार, विकास कुमार, आलोक कुमार, हिमांशु, बाबू आदि मौजूद रहे।



किच्छा में खानपुर विधायक उमेश कुमार का पुतला दहन करते बजरंग दल कार्यकर्ता।

### दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप

**काशीपुर:** एक महिला ने कुछ लोगों पर उसकी दुकान का सामान बाहर फेंकने और उसके बेटे से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है।

मोहल्ला खालसा नियर न्यू विशाल बेकरी निवासी वीना सचदेवा ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 13 सितंबर को सुबह 11:30 के आसपास तीन लोग उसके घर में घुस आए और अपने सहयोगियों द्वारा उनकी दुकान का ताला तोड़कर, दुकान में रखा कीमती सामान निकालकर बाहर फेंक दिया। साथ ही गल्ले से 4-5 हजार रुपये भी गायब कर दिए। बताया कि इसका विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के पुत्र अंकुर सचदेवा के साथ मारपीट की। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

# 1.13 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी एक नशा तस्कर को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 13 ग्राम अफीम बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी की मोटर साइकिल को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 5 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी राजेश पांडे एवं किच्छा कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार के संयुक्त नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान किच्छा कोतवाली अंतर्गत दरऊ मार्ग स्थित ग्राम सैजना मोड़ पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने किच्छा की तरफ आ रहे अपाचे बाइक सवार युवक को रोक लिया। पुलिस ने तलाशी के द्वारा अपाचे बाइक पर रखी एक किलो 13 ग्राम अफीम बरामद कर कब्जे में ले ली। पुलिस की पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम पता ग्राम रफियाबाद, थाना भमोरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी 31 वर्षीय आरिफ मंसूरी बताया। एंटी नारकोटिक्स टीम प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मो. आरिफ मंसूरी से पूछताछ में उसने बताया कि ग्राम परसूनगरा, निकट धौराटांडा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी शोएब खान नाम के व्यक्ति से उसके द्वारा अफीम खरीदी गई थी। पुलिस की पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रकाश में आए अन्य लोगों के खिलाफ भी जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस ने आरोपी की अपाचे मोटर साइकिल तथा आरोपी के मल्टीमीडिया मोबाइल को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है तथा आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जाएगी।

### 4.96 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** सिडकुल चौकी क्षेत्र में रविवार देर शाम पुलिस ने 20 वर्षीय युवक ध्रुव हालदार निवासी शक्तिफार्म नं .01 को स्मैक सहित गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक जगत सिंह शाही मय टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अमित जोशी व कांस्टेबल कपिल कुमार के साथ गश्त पर थे कि तभी संदिग्ध अवस्था में युवक पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे धर दबोचा। तलाशी में उसकी लोवर की जेब से पारदर्शी पन्नी में रखा हुआ मटमैला रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला, जिसे जांच में स्मैक (हेरोइन) पाया गया। बरामदगी के समय ई-साक्ष्य एप के जरिए वीडियोग्राफी की गई और मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर पन्नी सहित कुल वजन 4 .96 ग्राम तथा शुद्ध वजन 4 .32 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से स्मैक का आदी है।

## आयोजन — सिटी क्लब में 50 से अधिक जुझारू और समर्पित महिलाओं को किया सम्मानित

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने 50 से अधिक जुझारू और समर्पित महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने महिला कांग्रेस की प्रत्येक कार्यकर्ता का आह्वान करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने में आगे आएं।

सोमवार को सिटी क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 41 वर्ष पूर्व आज ही के दिन महिला कांग्रेस की स्थापना की गई थी। वर्तमान समय में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और उत्तराखंड प्रदेश की जुझारू अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, और उन्हें मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं।

उन्होंने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 1000 महिलाओं को महिला कांग्रेस से जोड़ने का काम किया है। आज जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया है वे सभी पार्टी की रीढ़ हैं और रात दिन कांग्रेस की मजबूती के लिए समर्पित रहती हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष ममता हालदार, सरोज रानी, पूनम गुप्ता, पार्षद इल्मा शमरीन, पूर्व पार्षद सुमन राणा, सोनी आर्य, कांति कोली, सरोज शर्मा, यादो देवी, सावित्री यादव, बकुल साना, मधु शिखधर, पूनम गुप्ता, ज्योति टम्टा, उबैदा बेगम, मैंसर बी, बेबी शिखदर, गंगा देवी, विटोला देवी, भूरी देवी, चंद्रकली कोली, द्रौपदी, पूनम, कविता समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।



महिला कार्यकर्ताओं को सम्मानित करतीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा। • अमृत विचार

### 11 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक दबोचा

**रुद्रपुर :** सीमावर्ती यूपी से लग्जरी कार में शराब तस्कर की धरपकड़ का मामला सामने आया है। देर रात्रि छापामार कार्रवाई कर आबकारी की टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, जबकि 11 अंग्रेजी शराब की पेटी भी बरामद की है। आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि रविवार की देर रात्रि बॉर्डर पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान कार संख्या यूपी-16 बीयू-5444 को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार ट्रांजिट कैंप फुलसुंगा मार्ग से भागने की कोशिश करने लगा। घेराबंदी कर आबकारी ने कार चालक गांव साकेत नगर सिंगनखेड़ा रामपुर यूपी व हाल निवासी वार्ड-तीन शिमला बहादुर निवासी विक्की लाल को दबोच लिया और कार की डिग्गी से इंपीरियल ब्लू व्हिस्की ब्रांड की 11 पेटी रखी हुई थी। गिनती में 499 पव्वे व 44 हाफ बरामद हुए। जिसकी कीमत 90 हजार रुपये आंकी गई। आबकारी टीम ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नौ दिन पहले चुनावी रंजिश को लेकर हुई गाली-गलौज व मारपीट के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष ने सीओ विभव सैनी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। सीओ ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ग्राम दियोहरी निवासी राजेश ने तहरीर देकर बताया कि वह दोराहा-बाजपुर रूट पर टेंपो चला कर अपने परिवार का गुजर-बसर करता है। सात सितंबर की देर रात करीब 8 बजे बाजपुर से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही चार युवकों ने रास्ते में रोक लिया और बीते पंचायत चुनाव में उनका साथ नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज एवं अभद्रता करने लगे तथा गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी हाथों में लाठी-डंडे आदि लेकर घर पर आ धमके और पुनः गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। पीड़ित ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने एवं टेंपो संचालन के दौरान रास्ते में जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया। सोमवार को सीओ कार्यालय पहुंचे पीड़ित पक्ष के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।



बाजपुर में सीओ विभव सैनी से कार्रवाई की मांग करते पीड़ित पक्ष के लोग।

# 45 स्वर्ण जीत एकलव्य स्कूल कालसी बना चैंपियन

## एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न, प्रतियोगिताओं में 373 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में तीन दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल मेहरावना, कालसी, बाजपुर और मेजबान के कुल 373 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

12 से 14 तक चली वॉलीबाल, शतरंज, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योगा, डिस्कस थो और एथलेटिक्स आदि खेलों में बच्चों ने अपना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसमें एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल कालसी ने 45 स्वर्ण, आठ रजत और 15 कांस्य सहित 68 पदक हासिल कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चैंपियनशिप की शील्ड हासिल की। जबकि मेजबान एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खटीमा ने नौ स्वर्ण, 32 रजत और 11 कांस्य सहित 52 पदक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहा। जबकि बाजपुर 9 स्वर्ण, 26 रजत और 20 कांस्य सहित 55 पदक जीतकर तीसरे और मेहरावना ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 23 कांस्य सहित 39 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।



खटीमा में आयोजित खेलकूद में चैंपियन ट्रॉफी के साथ कालसी के छात्र।


खटीमा में यूटोपियन सोसायटी की ओर से आयोजित स्पैल बी प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

## खटीमा में आर्म रेसलिंग सीजन-4 टूर्नामेंट का आयोजन

**खटीमा :** बुड़ाबाग युवा मंगल द्वारा ब्लॉक सभागार में आर्म रेसलिंग सीजन-4 टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खटीमा, नैनीताल, पिथौरागढ़, रामनगर, चंपावत, लोहाघाट और बरेली क्षेत्र से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने किया। टूर्नामेंट में अंडर 55 किग्रा राइट हैंड प्रतियोगिता में नानकमत्ता के सौरभ जोशी ने नगला के सोनू बिष्ट, अंडर 65 किग्रा राइट हैंड प्रतियोगिता में बग्गा निवासी रोहित बसेड़ा ने खटीमा निवासी इरफान, अंडर 75 किलोग्राम राइट हैंड प्रतियोगिता में कुटरा के हिमांशु गोस्वामी ने उत्तर प्रदेश के कलीम, अंदर 75 किलोग्राम लेफ्ट हैंड प्रतियोगिता में बनबसा के लक्की ठाकुर ने बग्गा के रोहित बसेड़ा को हराकर जीत हासिल की। विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया व शेष प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा, बीडीसी वीरेंद्र राज, किशन चंद, ग्राम प्रधान रोहन चंद, उमा देवी, कमला देवी, अंजू देवी, विकी सक्सेना, आयोजन समिति में विशाल चंद्र, रोहन टम्टा, हिमांशु कोरंगा, मोहित चंद, सूरज गौरव, रोहन बिष्ट, प्रदीप चंद्र, मनीष चंद्र, कार्तिक कोहली, नितिन, निखिल, अनूप, चंदन, पवन आदि शामिल रहे।



खटीमा के बूढ़ाबाग में प्रतिभागियों को संबोधित करते विधायक कापड़ी।

## डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी की वर्षा रहीं प्रथम और सौम्या तृतीय

**खटीमा :** मॉडर्न यूटोपियन सोसाइटी की 10वीं स्पैल-बी मैराथन प्रतियोगिता में छात्राओं ने परचम लहरा दिया। जिसमें वर्षा जोशी ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सोबन सिंह जीना सभागार में अंग्रेजी भाषा वर्तनी पर आधारित इस स्पर्धा में 18 विद्यालयों के 400 से अधिक छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्पैल बी प्रतियोगिता में छात्राओं का वर्चस्व रहा। इसमें डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी की वर्षा जोशी ने प्रथम और सौम्या भट्ट ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि शिक्षा भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल की लक्ष्मी भट्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को संस्था द्वारा क्रमशः 5100, 2100 और 1100 नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर जोशी ने कहा कि यदि किशोरवय बच्चों में भाषा की पकड़ मजबूत होगी तो प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में उन्हें अपना स्थान बनाने में मदद मिलेगी। सचिव पूरन बिष्ट ने आगंतुकों का आभार जताया। संचालन नक्षत्र पांडे ने किया। मूल्यांकन में निर्मल न्योलिया, नरेंद्र रौतेला, शरद सक्सेना, गीताराम बंसल,ताजवर खत्री, चेतन भट्ट, किरन विश्वकर्मा, रश्मि मिश्रा, श्वेता बत्ता, स्मृति मंडल, पार्वती चंद्र, रितिका जोशी, अभिषेक कुमार, मनीषा भट्ट, , विक्टर आईवान आदि ने योगदान किया।

# काशीपुर बस अड्डे के स्थानांतरण की मांग


देहरादून में सीएम को ज्ञापन सौंपते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

- सीएम पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे। इनमें रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने और दो लेन आरओबी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की।

विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने ज्ञापन में बताया कि पांच दिसंबर 2023 से लेकर 30 जून 2025 तक रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने के लिए विभागीय स्तर पर कई बार पत्राचार हो चुका है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। जनता को स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जा रही, जिस कारण यात्रियों को रोजाना असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने रामनगर रोड पर दो-लेन आरओबी निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को 2016 में मंजूरी मिल चुकी थी और 2019 में कार्य प्रारंभ करने का आदेश भी जारी हो गया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और देरी के कारण काम अधर में लटका हुआ है। विधायक चीमा ने कहा कि इस देरी से आम जनता और व्यापारी वर्ग दोनों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। आवागमन बाधित होने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की कि ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और आरओबी निर्माण का कार्य तत्काल पूरा कराया जाए।

# कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, कसा तंज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे के साथ अपनी आवाज को बुलंद किया।

सोमवार को हस्ताक्षर अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता व पीसीसी सदस्य जितेंद्र सरस्वती ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा है कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस तरीके से सत्ताधारी नेताओं के जबड़े में हाथ डाल रखा है। उससे सत्ताधारियों के हौसले पस्त हैं। जिलाध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि जब तक वोट चोर गद्दी छोड़ नहीं देते, तब तक कांग्रेसियों का यह नारा दिन प्रतिदिन जारी रहेगा। कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा की इस बार भारतीय जनता पार्टी की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जब तक कांग्रेस पूरे देश में अपनी सरकार नहीं बनाएगी, तब तक वह चैन से नहीं बैठेगी। कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आगाज बिहार से शुरू हुआ है। आरोप लगाते हुए कहा कि, बिहार में चुनाव में वोटर लिस्ट में जो धांधलेबाजी की है, जिसको कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान अभियान में आम जनता ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और हस्ताक्षर कर समर्थन दिया। यहां अनुपम शर्मा, अरुण चौहान, संदीप सहगल, मनोज जोशी, शिवम शर्मा, अर्पित मेहरोत्रा, प्रदीप जोशी, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, विमल गुड़िया, अलका पाल, विकल्प गुड़िया, सुभाष पाल आदि रहे।



काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## फब्तियां कसने वाले युवक व साथी दबोचे

**गदरपुर:** अपने भाई से मोटरसाइकिल सीख रही युवती के साथ अश्लील बातें करने वाले युवक व उसके साथियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 5 निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा अपनी बहन को मोटरसाइकिल चलाना सिखा रहा था। आरोप है कि तभी पड़ोस के एक युवक अपने कुछ अन्य साथियों के साथ पहुंचा और पुत्री का मोबाइल नंबर मांगने लगा। उसके बेटे ने विरोध किया तो आरोपी युवक व उसके छह सात साथियों ने जान से मारने की कोशिश करते हुए उनके पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। पुत्र को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए वहां पर भी उन अज्ञात लोगों ने पुत्र को दोबारा घेर लिया।

# नशीले पदार्थ पर रोक लगाने की मांग

- नगर के वार्ड -6 के लोगों ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर के वार्ड-6 निवासियों ने थाने में तहरीर देकर वार्ड के ही एक व्यक्ति पर अफीम, चरस व कच्ची शराब का कारोबार करने का आरोप लगाया।

लोगों ने अवैध नशीले पदार्थ का कारोबार बन्द करने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सोमवार को वार्ड छह सभासद प्रतिनिधि प्रीतम गाईन के नेतृत्व में दर्जनों लोग थाने पहुंचे। उन्होंने लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि वार्ड- 6 का एक व्यक्ति अफीम, चरस, स्मैक के साथ कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री करता है। जिससे वार्ड का माहौल खराब हो रहा है। शाम 6 बजे के बाद वार्ड की महिलाओं व बच्चों का घर से निकालना एवं इधर-उधर आना- जाना दूभर हो रहा है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अवैध कारोबार को जल्द से जल्द बन्द करवाने की मांग की। इस मौके पर संजीत शील, सूरज शील, प्रिया घोष, बबीता मंडल, मधुबाला, आरती राय, रीना मंडल, अनूप राय, निकिता दास आदि वार्डवासी मौजूद रहे।


दिनेशपुर थाने में तहरीर देने पहुंचे के वार्ड-6 के लोग। ● अमृत विचार

# नेत्रपाल बने ओसीबी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा नेता नेत्रपाल मौर्या को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। मौर्या काफी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की सेवा करते रहे हैं। वर्तमान में वह ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री के पद पर आसीन हैं। अब उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

सोमवार को ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद मौर्या ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसके लिए वह भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व की ओर से उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वह पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करेंगे। ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनके आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला व मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। इस दौरान उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में चंद्रसेन कोली, अभिषेक तिवारी, अजय मौर्या, दर्शन कोली, मुकेश पाल, जितेंद्र संधू, पवन राना, एमपी मौर्य, संजीव ग्रोवर, जितेंद्र संधू, गोपी सागर, अपार सिंह, चंद्रपाल आदि शामिल थे।


ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या को बधाई देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सितारगंज में सात अपराधी गिरफ्तार

**सितारगंज:** पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कुल सात शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 05 चोरी की मोटरसाइकिलें, शिव मंदिर से चोरी हुईं 30 किलो वजनी घंटियां बरामद की गई।

पुलिस ने बैगुल डाम क्षेत्र से सुरेंद्र कुमार और रितिक गंगवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मुकदमे से संबंधित मोटरसाइकिल सहित कुल चार बाइकें बरामद की। कुषमोड़ शक्तिफार्म से सौरभ कश्यप, भरत कश्यप और अमित कुमार को दबोचकर उनके पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने शिव मंदिर से घंटियां चुराने वाले कोमल सिंह और कक्का सिंह को गिरफ्तार किया।

# आयुर्वेदिक कॉलेजों के छात्रों को मिली राहत

- बैठक में परीक्षा, रिजल्ट और डिग्री में हो रही देरी का मुद्दा उठा
- विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार से मिला आश्वासन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय और उससे जुड़े प्रदेश के सभी 17 आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों के छात्रों के लिए राहत की खबर आई है। विगत लंबे समय से परीक्षाओं, रिजल्ट और डिग्री में हो रही देरी से जूझ रहे छात्रों की आवाज आखिरकार शासन-प्रशासन तक पहुंची। देहरादून में आयोजित बैठक इन मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सोमवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय देहरादून में एक अहम बैठक आयोजित हुई। इसमें विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देवेंद्र भंडारी, सब-रजिस्ट्रार संदीप पांडे और उत्तराखंड आयुष एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. केसी चंदोला समेत सभी 17 कॉलेजों के चेयरमैन और प्रतिनिधि शामिल हुए। खास बात यह रही कि हर कॉलेज से छात्र भी अपनी-अपनी समस्याओं को साझा करने पहुंचे। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे उत्तराखंड आयुष एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. चंदोला ने छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने मांगों का विस्तृत खाका रखा गया। इनमें समय से परीक्षा कराना, समय से परिणाम घोषित करना, समय पर डिग्री प्रदान करना और एडमिशन प्रक्रिया को व्यवस्थित करना शामिल रहा। उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन ने सकारात्मक रूप से स्वीकार कर लिया। उत्तराखंड आयुष एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. केसी चंदोला ने इस आंदोलन को दिशा देने में अहम भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में डॉ. कंबोज, डॉ. मोनीस, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. हरिओम, डॉ. मांजरी देवी,डॉ. विशाल, डॉ.बाल किशन चमोली समेत कई प्रतिनिधि विश्वविद्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस पहल को छात्रों का भी व्यापक समर्थन मिला। बैठक में रजिस्ट्रार देवेंद्र भंडारी और सब-रजिस्ट्रार संदीप पांडे ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि आगे से परीक्षाओं और परिणामों की समयबद्धता पर सख्ती से अमल किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने लिखित रूप में भी कहा कि छात्रों को अब समय पर डिग्री उपलब्ध कराई जाएगी और एडमिशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।


बैठक करते रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार और उत्तराखंड आयुष के चेयरमैन डॉ. चंदोला।

चुनाव | शीघ्र ही दोनों स्थानों पर सदस्यता अभियान चलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा

# बाजपुर व सुल्तानपुर पट्टी की नगर इकाइयां भंग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला इकाई की बैठक सोमवार को नगर महामंत्री ललित कोच्छड़ वाइटी के प्रतिष्ठान पर जिला अध्यक्ष सत्यवान गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बाजपुर व सुल्तानपुर पट्टी की नगर इकाइयों का कार्यकाल पूर्ण होने के चलते प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग ने कहा कि शीघ्र ही दोनों स्थानों पर सदस्यता अभियान चलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल का चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यापारी के लिए संगठन का कम से कम पांच वर्ष पुराना सदस्य होना अनिवार्य होगा। गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पदों पर ही चुनाव होंगे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की आयु कम से कम 40 वर्ष तथा महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए 35 वर्ष तय की गई है। अन्य सभी पदों पर पदाधिकारियों का चयन मनोनयन के माध्यम से किया जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री जनित नरूला, व्यापार मंडल बाजपुर के महामंत्री ललित कोच्छड़ वाइटी, कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह साबू, पूर्व कोषाध्यक्ष गजानंद मित्तल, संगठनमंत्री ऋषभ सिंघल, बंटी ठक्कर, उस्मान अली, पवनीत सिंह मौजूद रहे।


बाजपुर में बैठक के बाद जानकारी देते प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, साथ में पदाधिकारी एवं व्यापारी।

## दहेज उत्पीड़न में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** दहेज उत्पीड़न के मामले में पिता की तहरीर पर पुत्री के ससुराल के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम बघेलेवाला निवासी मनोज कुमार ने पैगा चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री खुशबू की शादी 13 मार्च 2023 को ग्राम चाऊपुरा मसवासी, तहसील स्वार जिला रामपुर निवासी मुकेश से हुई थी। विवाह में उन्होंने दहेज में अन्य सामान के साथ एक कार भी दी थी। बताया कि दोनों की एक वर्ष की एक छोटी बच्ची भी है। तहरीर में बताया कि वह लड़का शराब पीने का आदी है और उसकी पुत्री के साथ दहेज के लिए मारपीट करता है। बताया कि वह अपने साथ कुछ लोगों को लेकर पुत्री के ससुराल गए और बातचीत का प्रयास किया, लेकिन मुकेश ने अभद्र व्यवहार कर उन्हें घर से भगा दिया। आरोप है कि बीती 15 जून को मुकेश के पिता महेन्द्र सिंह, माता सावित्री देवी, बहन अंजू व रिंकी, चाचा बाबूराम, चचेरे भाई विनोद ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की और घर से निकालने की धमकी दी।

# शिक्षकों ने नियमावली का किया तर्पण

- प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ गदरपुर ने किया विरोध- प्रदर्शन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के शिक्षकों के द्वारा 18 अगस्त से चल रही हड़ताल के क्रम में सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ गदरपुर ब्लॉक इकाई के आह्वान पर गदरपुर से गूलरभोज मार्ग पर सिंचाई विभाग की नहर में पदोन्नति एवं 34 सूत्रीय मांगों के लिए व प्रधानाचार्य सीधी भर्ती नियमावली का तर्पण किया गया।

सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष विवेक पंवार के नेतृत्व तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक नेता विवेक पंवार ने कहा कि "यह तर्पण केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी पीड़ा, उपेक्षा व अधिकारों के लिए एक मौन किंतु प्रखर स्वर है। ब्लॉक मंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना ने कहा सरकार अपनी हठधर्मिता पर खड़ी हुई है। जबकि 18 अगस्त से शिक्षक हड़ताल पर है। लेकिन अभी तक शिक्षकों की बात को कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। तर्पण कार्यक्रम में गदरपुर ब्लॉक मंत्री मनोज राय, बंशीधर पांडे, शांतनु त्यागी, अजय कालरा, राजेंद्र कुमार, सुशील त्रिपाठी, सर्वेश गंगवार, नेम सिंह, रश्मि आर्या, योगेश कुमार, सचिन कालरा आदि मौजूद रहे।


गदरपुर में नियमावली की प्रतियां प्रवाहित कर तर्पण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**ब्रीफ न्यूज**

### घर से लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

**खटीमा :** चोरों ने मयूर विहार के एक मकान से घर के लोगों की गैर मौजूदगी में दिन में छत के रास्ते घुसकर लाखों के जेवरात और नकदी साफ कर दी। मयूर विहार अमाऊं निवासी पूरन चंद्र जोशी ने थाना झनकईया में सौंपी तहरीर में कहा है कि वह 13 सितंबर को काम से रुद्रपुर गया था जबकि मां भी घर में नहीं थी। घर पर आकर देखा कि ऊपर छत की कुंडी टूटी है और दरवाजा खुला है। पीड़ित ने बताया कि घर के अन्दर से 4 तोला सोना जिसमें नथ, गले का मंगलसूत्र, कान की बाली, गले का हार और पांच हजार की नगद अलमारी से गायब है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**बागेश्वर :** प्रदेश सरकार द्वारा संविदा, वर्कमेंचार्ज व दैनिक कर्मचारियों के सेवा नियमितीकरण के लिए कटआफ 2018 रखने से कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया है। कर्मचारियों ने कहा कि इससे वर्षों से नियमितीकरण की आस लगाए कर्मचारी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में घोषणा करके सभी कर्मचारियों को इसका लाभ प्रदान करने की घोषणा की थी। यहां संतोष गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर दैनिक व संविदा कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि सरकारों द्वारा उनके साथ नियमितीकरण के नाम पर छलावा किया जा रहा है। बैठक में तय किया कि यदि सरकार ने इस पर पुनर्विचार नहीं किया तो कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे। बैठक में अनिल कुमार भट्ट, भूपेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक घायल

**रामनगर :** कोसी बैराज पर सोमवार देर शाम जिप्सी चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कोटद्वार रोड निवासी 28 वर्षीय मदन बिष्ट (मेडी) पुत्र बहादुर सिंह स्कूटी से बालाजी मंदिर की ओर से कोसी बैराज जा रहा था। इस दौरान बैराज के पुल पर एक जिप्सी चालक लखनपुर ओर जा रहा था। इसी बीच जिप्सी चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने रामनगर अस्पताल पहुचाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर मिलने के बार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अल्मोड़ा की सांस्कृतिक धरोहर को मॉडल के रूप में संवारने का लक्ष्य

## पर्यटन विभाग के सचिव धीरज सिंह गर्ब्याल ने किया नगर का निरीक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में सोमवार को निरीक्षण करते पर्यटन विभाग के सचिव।

**अमृत विचार :** पर्यटन विभाग के सचिव धीरज सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को अल्मोड़ा नगर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस से मल्ला महल तक पैदल बाजार का भ्रमण किया। वहीं, बाजार के सौंदर्यीकरण के लिए बिजली और पानी के लाइनों को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए। कहा कि अल्मोड़ा की सांस्कृतिक धरोहर को एक मॉडल के रूप में संवारने का लक्ष्य है।

अल्मोड़ा पहुंचे सचिव गर्ब्याल ने दशहरे तक मल्ला महल को पर्यटकों के लिए खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने मल्ला महल में कैफेटेरिया एवं लाइट एंड साउंड शो को तत्काल प्रारंभ करने, नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने, जनपद में पैराग्लाइडिंग को उपयुक्त स्थलों को चिह्नित कर उनका विकास करने के भी निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं बुनियादी सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार पर्यटन सुविधाओं का विस्तार कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। यहां मेयर अजय वर्मा, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, तहसीलदार ज्योति नपलच्याल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, जनमेजय तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रमेश बहुगुणा, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण वर्मा, जयमित्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### द्वाराहाट पहुंचे सचिव तकनीकी शिक्षा

**अल्मोड़ा :** तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव व आईएएस डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को बीटीकेआईटी का दौरा किया। इस दौरान अपने तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे डॉ. सिन्हा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य असंभव नहीं है। सचिव ने संस्थान के पाठ्यक्रम व आधारभूत ढांचे पर चर्चा करते हुए छात्र-केंद्रित शिक्षा पर बल दिया और बीटीकेआईटी को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. संतोष कुमार, निदेशक तकनीकी शिक्षा डॉ. देशराज, उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. रवि कुमार, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### नागीमल की पहाड़ी दरकने से आवाजाही थमी

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** थल-सातसिलिंग सड़क पर फिर से नागीमल की पहाड़ी दरकने से आवाजाही थम गई है। नागीमल की पहाड़ी पर भारी भूस्खलन हुआ है। अब इस सड़क पर आवाजाही कब तक शुरू होगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है। थल-सातसिलिंग सड़क पर बीते वर्ष सितंबर महीने में नागीमल की पहाड़ी दरकी थी।

यहां सड़क का 150 मीटर हिस्सा गायब होने से 12 दिन तक आवाजाही ठप रही। बमुश्किल पहाड़ी को काटकर नई सड़क का निर्माण किया गया तब जाकर 13 वें दिन यह सड़क खुली। फिर से यही हालात पैदा हुए हैं। सोमवार सुबह 10 बजे के करीब फिर से नागीमल की पहाड़ी दरक गई। भारी भूस्खलन होने से इस सड़क पर फिर से आवाजाही ठप हो गई। पहाड़ी से गिरे बोल्डरों ने सड़क का आधा हिस्सा तोड़ डाला है। संयोग से घटना के समय कोई वाहन या राहगीर आवाजाही नहीं कर रहे थे इससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

## पार्किंग में जगह न मिलने पर टैक्सी यूनियन नाराज



अल्मोड़ा में सोमवार को पत्रकार वार्ता करते टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** क्वारब की बदहाल स्थिति समेत तमाम मांगों को लेकर टैक्सी चालकों में रोष व्याप्त है। सोमवार को टैक्सी यूनियन ने प्रेस वार्ता कर विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी।

नई पार्किंग में दो फ्लोर नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। लिंक रोड स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यूनियन के अध्यक्ष शैलेंद्र तिलारा ने कहा कि लंबे समय से क्वारब की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिससे टैक्सी चालकों और मालिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जल्द क्वारब की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व में यूनियन की निगम से नवनिर्मित पार्किंग में दो फ्लोर दिए जाने की बात हुई थी। लेकिन निगम अपने वादे से मुकर गया है। अब पार्किंग को किसी कंपनी के हाथों में देने की तैयारी चल रही है। यहां उपाध्यक्ष गणेश बिष्ट, गोपाल रावत, महासचिव नीरज पवार, सचिव अर्जुन सिंह, उपसचिव आनन्द भोज मौजूद थे।

## भारत रत्न विश्वेश्वरैया को दी गई श्रद्धांजलि



अल्मोड़ा में कार्यक्रम के दौरान मौजूद इंजीनियर्स। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की ओर से सोमवार को अभियंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान इंजीनियर्स ने भारत रत्न इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

नगर के लोअर मालरोड स्थित शक्ति सदन में आयोजित कार्यक्रम में इंजीनियर्स ने भारत रत्न इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की ओर से किए गए कार्यों पर चर्चा की। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि सभी अभिंयताओं को इन महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। यहां मंडल अध्यक्ष इं. दीपक सिंह मटियाली, जिला सचिव इं. प्रफुल्ल कुमार जोशी, इं.जीवेश वर्मा, इं. रिनी पांडे आदि मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर जानकारी दी

**बाजपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर जानकारी दी गई। प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर सोमवार को श्रीराधा-कृष्णा गौ सेवा सदन (ट्रस्ट) ग्राम लखनपुर में आयोजित जन जागरूकता शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने कहा कि अंतराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस का इतिहास वर्ष 2007 से शुरू होता है, जब संयुक्त राष्ट्रीय महासभा ने लोकतंत्र दिवस मनाने के लिए एक अंतर-संसदीय संघ पारित किया था। तब से दुनियाभर की 46 राष्ट्रीय सांसदों और देश ने अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस को मान्यता दी। इस मौके पर अलाउद्दीन, नबी अहमद, हरीश, गोविंद, सतपाल, हरपाल, नीलम, रिंकी, मीना, सलाउद्दीन, हवेश अली, ममता आदि मौजूद रहे।

# सेना ने निकाली कुमाऊं कार रैली

- चम्पावत में कुमाऊं कार रैली का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, चम्पावत







सेना द्वारा निकाली गई कुमाऊं कार रैली और स्वागत एवं सम्मान करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं की संस्कृति, पर्यटन और रणनीतिक महत्व को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से कुमाऊं कार रैली का शुभारंभ सोमवार को बरेली से हुआ। उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर इस रैली की शुरुआत की।

भारतीय सेना की यह पहल केवल एक खेल आयोजन भर नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव, रोमांच और सीमांत पर्यटन को एक नई दिशा देने का अभियान है। रैली का आयोजन पंचशूल ब्रिगेड द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं और आम जनमानस को सेना और पर्यटन की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह रैली बरेली से प्रारंभ होकर बनबसा, चम्पावत, पिथौरागढ़, गुंजी, आदि कैलाश, लिपुलेख, धारचूला, डीडीहाट, नैनीताल से होते हुए पुनः बरेली तक आयोजित की जा रही है।

चम्पावत पहुंचने पर रैली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ स्वागत किया गया। पंचशूल टस्कर्स टीम ने कुमाऊनी और छलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

माउंट कार्मेल स्कूल के बैंड और एनसीसी बटालियन, चंपावत के कैडेटों ने अपनी अनुशासित व ऊर्जावान प्रस्तुतियों से समूचे आयोजन में जोश और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर गौतम पठानिया, कमांडर 119 ब्रिगेड, लेफ्टिनेंट कर्नल भगवती सिंह राठौर (सेना मेडल), ऑफिसर कमांडिंग 119 ओएमसी, एसडीएम चंपावत, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अनुराग आर्य व प्रकाश चंद्र तिवारी, कर्नल राकेश पाठक, कर्नल बीडी जोशी (सेवानिवृत्त), मेजर जनरल केजेएस गिल (सेवानिवृत्त), कैप्टन रंधीर कुमार, कार्यक्रम आयोजन अधिकारी सहित सेना के अनेक अधिकारी, सैनिक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कुंदन के प्रदेश महामंत्री बनने पर भाजपाइयों में खुशी का माहौल

संवाददाता, बागेश्वर



कुंदन सिंह परिहार।

**अमृत विचार :** भाजपा संगठन में कुंदन सिंह परिहार के प्रदेश महामंत्री बनने पर उनके गृह जनपद में खुशी का माहौल है। उनको यह दायित्व मिलने पर भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

उनके समर्थकों ने रविवार की रात्रि को ही आतिशबाजी भी की और मिष्ठान वितरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, विधायक पार्वती दास व सुरेश गढ़िया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिह बिष्ट, महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, खड़क सिंह टंगणिया, किशन बोरा, नवीन नमन, डा राजेंद्र परिहार, आदर्श कठायत, गोकुल कठायत, रेखा गोस्वामी, नैना लोहुमी, रवि करायत, कैलाश चंद्र, दिगंबर नाथ, गौरव दास आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की। उधर, भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा। कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है।

### निर्मल के मनोनयन पर बांटी मिठाई

**टनकपुर/लोहाघाट :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा के भाजपा प्रदेश मंत्री बनने पर जश्न मनाया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी की गई। जिले के बाराकोट में मंडल अध्यक्ष राकेश बोरा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने निर्मल माहरा को बधाई दी तथा उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि निर्मल माहरा की मेहनत एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सुनील वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरीश आर्या, कनिष्ठ प्रमुख प्रतिनिधि मोहन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अजय बिष्ट, मंडल उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह अधिकारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश तिवारी, मीडिया प्रभारी उमेश बिष्ट, आईटी सेल प्रभारी कमल बोहरा, गोपाल माहरा, गिरीश अधिकारी, जगदीश सिंह, हिमांशु माहरा, राम सिंह माहरा, राजू माहरा, सौरभ माहरा, ललित माहरा आदि मौजूद रहे।

## अनुष्का और दिव्यांशी ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

- काशीपुर में आयोजित हुई थी प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता

संवाददाता, अल्मोड़ा



अनुष्का फुलारा और दिव्यांशी मठपाल।

**अमृत विचार :** डॉ. लीलाधर भट्ट विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वाराहाट की छात्राओं ने 37 वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल कर क्षेत्र का नान रोशन किया है।

पूर्व चैंपियन छात्रा अनुष्का फुलारा ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि दिव्यांशी मठपाल ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान और त्रिपल जंप में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। छात्राओं के साथ टीम प्रभारी गरिमा पांडे और 24 अन्य छात्राओं ने अल्मोड़ा जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रधानाचार्य मनोहर सिंह कोरंगा ने बताया कि अब ये दोनों छात्राएं वृंदावन में होने वाली क्षेत्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति सहित सुबोध साह, पूरन सिंह, अतुल चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, मुकेश मठपाल, दीवान सिंह, हिमांशु जोशी आदि ने खुशी जताई।

## योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कराएं लागू

संवाददाता, टनकपुर



चम्पावत में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपद के सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के साथ जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और भविष्य में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि प्रत्येक वीपीडीओ का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में योजनाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू कर जनता को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी वीपीडीओ नियमित रूप से गांवों एवं फील्ड में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का संज्ञान लें तथा उनके समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। कहा कि गांवों को आदर्श बनाने के लिए सबसे पहले ग्राम स्तर पर सभी समितियों का शत-प्रतिशत गठन आवश्यक है। साथ ही प्रत्येक वीपीडीओ को अपने क्षेत्र में नवाचारों की शुरुआत करनी होगी, ताकि विकास के मॉडल तैयार हों और अन्य पंचायतें भी उससे प्रेरणा लें। इस दौरान जिला विकास अधिकारी दिनेश डिगारी, जिला पंचायत राज अधिकारी भूपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

# धूमधाम से मना महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर विचार रखतीं वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में महिला कांग्रेस का 41वां स्थापन दिवस धूमधाम से मनाया गया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण के साथ मिष्ठान वितरित किया।

सोमवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने स्थापना दिवस की सभी महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा यह दिन सिर्फ संगठन की स्थापना का प्रतीक नहीं है, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण, समानता और सामाजिक न्याय के प्रति कांग्रेस पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर लागू किया। यहां कार्यक्रम में सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष शोभा जोशी, जया जोशी, किरन आर्या, अनीता, फैमिना खान, दीपा गोस्वामी, पुष्पा पांडे, जानकी पांडे, वैभव पांडे, शरद चंद्र साह, रवींद्र कुमार टम्टा, विनोद वैष्णव, गोविंद सिंह और पूरन सिंह मौजूद थे।

### महिलाओं की सशक्त भागीदारी पर डाला प्रकाश

**रानीखेत :** महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने महिला कांग्रेस के इतिहास, उसकी उपलब्धियों और समाज में महिलाओं की सशक्त भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए संगठन के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गीता पवार ने की, जबकि संचालन महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा ने किया। इस अवसर पर अरुण रावत नगरपालिका अध्यक्ष, उमेश भट्ट नगर अध्यक्ष, कुलदीप कुमार समन्वयक, गोपाल सिंह देव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, अंकिता पडालिया यूथ विधानसभा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर चम्पावत को आदर्श जिला बनाने की शपथ ली

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत



बच्चे को केक खिलातीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, साथ में डीएम व अन्य।

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वर्ष 1997 में पिथौरागढ़ से पृथक कर चम्पावत जिले का निर्माण किया गया था। इस मौके पर जिला सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने जनपद को आदर्श जनपद बनाने की शपथ ली। इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने केक काटा।

पूर्व सूचना आयुक्त अनिल पुनेठा ने कहा कि जिले का एक विजन डाक्यूमेंट तैयार कर उस पर आधारित कार्ययोजना बनानी होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीएचडीसीसीआई रंजीत मेहता ने इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर बल दिया। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने कृषि क्षेत्र में एक्शन ओरिएंटेड नीति अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे ने सीड कल्टिवेशन पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा आदि मौजूद रहे।

### विधायक के नेतृत्व में सीएम से मिले ब्लॉक प्रमुख

**टनकपुर/लोहाघाट :** पाटी के ब्लॉक प्रमुख शंकर अधिकारी ने लोहाघाट के विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के नेतृत्व में देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर देवीधुरा डिग्री कालेज के छात्रों की ओर से उठाई जा रही मांगें रखीं।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि छात्रों की सभी मांगें जायज हैं और वह लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द इस दौरान चंदन फर्त्याल, क्षेत्र पंचायत सदस्य भैंसर्ख प्रकाश मेहरा, पूर्व प्रधान ईश्वर बिष्ट भी बैठक में शामिल थे। उधर देवीधुरा में छात्रों ने आंदोलन जारी रखा।



मैं नहीं चाहता कि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बने। मैं चाहता हूं कि भारत एक खुशहाल देश बने।
-जेआरडी टाटा, उद्योगपति

## खेल, सुरक्षा व आत्मविश्वास

दुबई में खेले गए एशिया कप के एकतरफा मुकाबले ने न केवल भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता का परिचय दिया, बल्कि यह भी दर्शाया कि खेल कभी-कभी केवल खेल नहीं होते, वे संदेश देने का भी माध्यम बनते हैं। पाकिस्तान पर सात विकेट की शानदार जीत को कप्तान सूर्य कुमार यादव ने एक और ऑपरेशन सिंदूर बना दिया और इसे देश की सेना तथा आतंकवादी हमलों के शिकार हुए निर्दोष लोगों को समर्पित किया। यह कदम भावनात्मक स्तर पर करोड़ों भारतीयों के दिलों को छू गया। दरअसल, भारत-पाकिस्तान क्रिकेट हमेशा से सिर्फ 22 खिलाड़ियों का खेल नहीं रहा। इसके पीछे दशकों का इतिहास, तनाव और जटिल रिश्ते छिपे हैं। जब भारतीय टीम पाकिस्तान पर जीत दर्ज करती है, तो यह केवल खेल-भावना का उत्सव नहीं होता, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास और गर्व का क्षण बन जाता है। इस बार की जीत को विशेष बनाता है उसका संदर्भ- पहलगाम आतंकी हमला और उससे उपजी पीड़ा है। सूर्य कुमार ने इस जीत को शहीदों और पीड़ितों को समर्पित किया, उसने क्रिकेट को खेल से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना दिया।

मैदान पर 85 प्रतिशत भारतीय प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने पहली ही गेंद से टीम इंडिया का उत्साहवर्धन किया। गेंदबाजों ने पाकिस्तान को लगातार दबाव में रखा, जबकि बल्लेबाजों ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। हालांकि, खेल भावना के स्तर पर एक खेदजनक पहलू भी सामने आया- दोनों कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, आपसी सम्मान का भी मंच होता है। जब खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिलाते हैं, तो वे यह संदेश देते हैं कि मैदान की जंग यहीं तक सीमित है। इस बार यह दृश्य अनुपस्थित रहा। यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच मौजूद तनाव का भी द्योतक है। फिर भी भारतीय टीम की जीत से जो सकारात्मक संकेत निकलते हैं, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह जीत बताती है कि चुनौतियां चाहे मैदान की हों या सीमा पार से आने वाली- भारत उनका सामना धैर्य और आत्मविश्वास से कर सकता है। यही कारण है कि इस सफलता को सेना और आतंक पीड़ितों के नाम समर्पित करना महज प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि एक सशक्त संदेश है। हमें खेल और सुरक्षा दोनों क्षेत्रों में संतुलन साधना होगा। खेल में आक्रामकता जरूरी है, लेकिन वही आक्रामकता अगर संयम और सम्मान से जुड़ी हो, तो उसका असर कई गुना बढ़ जाता है।

आज की जीत ने भारत को अंक तालिका में मजबूत किया है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इसने आम नागरिक को यह भरोसा दिलाया है कि हमारा देश हर क्षेत्र में सक्षम है- चाहे वह मैदान पर हो या वास्तविक संघर्ष में। इस जीत को केवल आंकड़ों के हिसाब से न देखें; इसे राष्ट्रीय मनोबल की जीत मानें। अंततः यही कहना उचित होगा कि भारतीय टीम ने दुबई के मैदान से केवल ट्रॉफी की ओर कदम नहीं बढ़ाया, बल्कि देशवासियों को यह याद भी दिलाया कि हम सब एक हैं। जब खिलाड़ी बल्ला और गेंद उठाते हैं, तो वे केवल रन और विकेट नहीं बनाते, बल्कि भरोसा, गर्व और उम्मीद भी गढ़ते हैं। यही खेल की असली ताकत है और भारत की पहचान भी।

### प्रसंगवश

## जरूरी है आसमान की छतरी की हिफाजत

हर वर्ष 16 सितंबर को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें उस अदृश्य परत की याद दिलाता है, जो हमारे जीवन की सुरक्षा करती है। ओजोन परत वायुमंडल के समताप मंडल में लगभग 15 से 35 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित होती है और सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोककर पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखती है। यदि यह परत न हो तो त्वचा कैंसर, आंखों की बीमारियां, फसलों की हानि और समुद्री जीवन का संकट जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी। बीसवीं सदी में औद्योगिकीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने अनेक सुविधाएं दीं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया। फ्रिज, एयर कंडीशनर, एयरोसोल स्प्रे और फोम बनाने में प्रयुक्त क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) जैसी गैसों ने ओजोन परत को नुकसान पहुंचाया। वैज्ञानिकों ने पाया कि अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र बन चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि एक अकेला क्लोरीन परमाणु लगभग एक लाख ओजोन अणुओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। यदि समय रहते कदम न उठाए जाते तो यह समस्या पूरी मानव सभ्यता को खतरे में डाल सकती थी।



डॉ. निशा वर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर

1987 में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया, जिसे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के नाम से जाना जाता है। इस समझौते का उद्देश्य ओजोन परत को क्षति पहुंचाने वाले रसायनों का उत्पादन और उपयोग धीरे-धीरे समाप्त करना था। 200 से अधिक देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए और आज यह विश्व की सबसे सफल पर्यावरणीय संधियों में से एक मानी जाती है। इसकी बदौलत अब तक ओजोन क्षरण में उल्लेखनीय कमी आई है और वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 21वीं सदी के मध्य तक ओजोन परत अपनी पुरानी स्थिति में लौट सकती है। इस संधि के कारण न केवल ओजोन सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि करोड़ों लोगों को त्वचा कैंसर और नेत्र रोगों से भी बचाया गया।

भारत ने भी ओजोन सुरक्षा की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई है। 1991 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय ओजोन प्रकोष्ठ की स्थापना की गई। इसके माध्यम से ओजोन क्षयकारी रसायनों का उत्पादन बंद किया गया और उद्योगों को वैकल्पिक, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक अपनाने में सहायता दी गई। किगाली संशोधन के अंतर्गत भारत ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs) को चरणबद्ध ढंग से कम करने का भी संकल्प लिया, जो यद्यपि ओजोन को नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस होने के कारण जलवायु परिवर्तन के लिए खतरनाक हैं। अधिकांश गैसें जो ओजोन को नुकसान पहुंचाती हैं, वही ग्रीनहाउस गैसें भी हैं, इसीलिए वैज्ञानिक मानते हैं कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने अकेले ही लगभग एक डिग्री सेल्सियस अतिरिक्त वैश्विक तापमान वृद्धि को रोक दिया। स्पष्ट है कि ओजोन सुरक्षा का अर्थ केवल वायुमंडलीय संतुलन बनाए रखना नहीं, बल्कि धरती को जलवायु संकट से बचाना भी है।

चुनौतियां पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। हाइड्रोफ्लोरोकार्बन जैसी गैसों का बढ़ता प्रयोग भविष्य में नई समस्या खड़ी कर सकता है। जलवायु परिवर्तन की वजह से भी ओजोन परत की मरम्मत की प्रक्रिया धीमी पड़ सकती है। इन सबके बीच विकासशील देशों को स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की अधिक आवश्यकता है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल जीवंत उदाहरण है कि यदि पूरी मानवता किसी संकट के प्रति एकजुट हो जाए तो असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकता है।

# नेपाल में जेन जी के पीछे की ताकतें और भारत





अजय दयाल
वरिष्ठ पत्रकार

कभी स्मार्ट फोन पर गेम खेलते अपने बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनकर देखिए? देखिए तो जरा उसका तमतमाया हुआ चेहरा, गुस्सा! कई मामलों में बच्चे को मोबाइल से दूर करने का प्राणघातक परिणाम हमने खबरों में देखा, पढ़ा। मानो ड्रग्स लेने जैसा एडिक्शन हो! मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि एडिक्शन यानी लत पर उसका बेहतर विकल्प देकर ही काबू पाया जा सकता है न कि एकदम से अंकुश लगाकर। यानी अनहेल्दी विकल्प के सामने हेल्दी विकल्प रखकर ही माइंड डायवर्ट किया जाना चाहिए। इस छोटे से उदाहरण के साथ मैं यहां एक गंभीर वैश्विक मुद्दे की बात करने जा रहा हूं। एक नयी डिजिटल दुनिया में प्रवेश कर चुके 15 ये 30 साल के युवाओं को कहीं कुत्सित विदेशी ताकतें बरगलाने की कोशिशें तो नहीं कर रहीं? नेपाल का ताजा उदाहरण सामने है, जहां सोशल मीडिया पर बैन लगते ही युवा आक्रोश को इन ताकतों ने भुना लिया?

युवा आक्रोश की हिंसक परिणति हमने देखी है। स्कूल-कॉलेज से लेकर देश के बड़े ऐतिहासिक आंदोलन तक- आगजनी, तोड़फोड़, आत्मदाह तक तो देखा, लेकिन नेपाल हिंसा का संज्ञान लें, तो गंभीर बात यह है कि नौकरी-कॅरियर को लेकर ऐसे कौन से युवा हैं जो अपने नेतृत्वकर्ताओं और उनके परिजनों को जलाने-मारने-काटने पर उतारू हैं, उनमें तालिबानी प्रवृत्ति भरी गई या उनके नाम पर तालिबानी मानसिकता को अंजाम दिया गया? ऐसा तो मजहबी हिंसा में होता है।

बहरहाल, भारत के पड़ोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिंताजनक है। कहीं विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से कदमताल कर रहे भारत को उसके पड़ोसियों से ही नुकसान पहुंचाने को ऐसा माहौल साजिशन प्रोजेक्ट तो नहीं किया जा रहा? स्वाभाविक है कॉलेज स्तर से लेकर देशव्यापी मुहिम में आंदोलन छेड़ने को युवा ही आगे किए जाते हैं। वही 15 से 30 साल वाले, जिनका खून ही कुछ कर गुजरने को उबलता रहता है। अब दिशा साकारात्मक दिखाई जाए तो बात और है, लेकिन जब अराजकता फैलाने के एवज में धन मिले तो क्या युवा थमेंगे?

> 15 ये 30 साल के युवाओं को कहीं कुत्सित विदेशी ताकतें बरगलाने की कोशिशें तो नहीं कर रहीं? नेपाल का ताजा उदाहरण सामने है।

इसी चश्मे से देखें तो पाते हैं कि बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक और अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक संदेश निकलता है कि कहीं यह सब कुछ चीन या फिर भारत की आत्मनिर्भरता के कदम से चिंतित अमरीकी फंडिंग से तो ऐसी साजिशें नहीं रची गईं? बांग्लादेश ही नहीं, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद गठित सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को पहले से ज्यादा सतर्कता, सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

सवाल बड़ा यह भी है कि एक के बाद एक भारत के पड़ोसी मुल्कों में ताजा अराजकता, अस्थिरता एक संयोग है या फिर साजिश? इसके पीछे किसका हाथ है, चीन, पाकिस्तान या दोस्त बनकर दोस्त की तरक्की से जलने वाले अमरीका का? क्योंकि जब पड़ोसियों में ही नाकारात्मकता घर कर जाए तो तरक्की पंसद और शांतिप्रिय पड़ोसी (भारत) की चिंताएं बढ़ जाना स्वाभाविक है। फिर सवाल उठता है कि पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता क्या भारत के मनोबल को डिगा सकेगी?

हकीकत तो यह है कि मौजूदा दौर में भारत की आर्थिक और अध्यात्मिक दोनों शक्तियां पूरी दुनिया को आकर्षित किए हुए हैं। यही शक्तियां ही भारत को तेजी से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं जो अन्य शक्तिशाली देशों के साथ-साथ दुश्मन पड़ोसी पाकिस्तान को पसंद नहीं आ रही। आशंका इस बात की भी है कि चीन ने ही पाकिस्तानी तत्वों के जरिए शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। पश्चिमी देश खासकर अमेरिका को भी उनकी नीतियां रास नहीं आ रहीं थीं। इस नजर से उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती।

वहीं, बांग्लादेश में भी भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। हिंसक प्रदर्शनकारी अब भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। यही स्थितियां विदेशी साजिशकर्ताओं ने संभवतः अब मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में पैदा कर दी हैं। ताजा हालातों में भारत ने हिंदू राष्ट्र कहलाने वाले इकलौते स्थिर पड़ोसी नेपाल को भी अब खो दिया है। ऐसे में फिलवक्त भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा हुआ है।

एक बात तो तय है कि भारतीय सीमाओं की संवेदनशीलता बढ़ गई है। स्पष्ट है कि भारतीय सीमाओं की संवेदनशीलता पड़ोसी देशों के राजनीतिक, सामाजिक हालातों, नीतियों पर निर्भर करती है। निरंतर पड़ोसी मुल्कों के खराब होते हालातों के बीच भारत में आतंकवाद, सीमा पार घुसपैठ और सैन्य तनाव का खतरा बढ़ने की आशंका प्रबल है। हालांकि इतिहास गवाह है, भारत को ऐसे हालातों से निपटना बाखूबी आता है। फिर आज अपने पैरों पर खड़ा भारत इतना कमजोर भी नहीं कि कुत्सित साजिशें उसका कुछ बिगाड़ सकें।

वैसे, दुश्मन को कमजोर न समझने की घुट्टी हम पीकर ही यहां तक पहुंचे हैं, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने और साथ ही आर्थिक तौर पर सक्षम होने के प्रयास में तेजी लाएगा। हां एक बात और, देश के नेतृत्वकर्ताओं को उस डिजिटल प्लेटफार्म पर भी अपने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के स्वदेशी रास्ते तेजी से खोलने होंगे।

### आमने सामने




देश की आबादी 140 करोड़ है। इतने बड़े देश में क्रिकेट मैच को लेकर मतभेद होना स्वाभाविक है। कुछ लोगों को लग सकता है कि चूंकि दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं, इसलिए मैच नहीं होना चाहिए। वहीं, कुछ लोग इस खेल का समर्थन भी कर सकते हैं। **-अजित पवार**, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री

अजीत एक असंवेदनशील राजनेता हैं। वह आधे पाकिस्तानी हैं। यह भाषा किसी देशभक्त नागरिक की नहीं कही जा सकती है। अगर आपके परिवार का कोई सदस्य पहलगाम (आतंकवादी) हमले के 26 पीड़ितों में शामिल होता, तो आप ऐसा नहीं कहते। **-संजय राउत** नेता शिवसेना (यूबीटी)



# भारत के लिए बड़ी उपलब्धि बना 'सुदर्शन चक्र'



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पॉवर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल हैं। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। बीजिंग स्थित एयरोस्पेस नॉलेज मैगजीन के एडिटर वांग यानान ने चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है। यानान ने यहां तक कहा कि मिसाइल और मैन-पोर्टेबल सिस्टम तो कई देशों के पास हैं, लेकिन लेजर हथियार का टेस्ट और उसे तैनात करने की क्षमता हर किसी के पास नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत लगातार अपने डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करने में जुटा है। मिसाइल से लेकर ड्रोन, फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम तक को मजबूत किया जा रहा है। डीआरडीओ लगातार ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो पहले के मुकाबले काफी घातक हैं। नई तकनीक से बनीं ये मिसाइल्स सामान्यतः रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में भी सक्षम हैं।

> लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है, जिनके पास यह तकनीक है।

डीआरडीओ रूद्रम प्रोजेक्ट के तहत हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। इसकी रफ्तार 5 मैक यानी 6000 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा होगी। साथ ही इसकी रेंज 1000 से 1500 किलोमीटर तक होगी। इस तरह पाकिस्तान का ज्यादातर हिस्सा इस मिसाइल की जद में होगा। हाइपरसोनिक मिसाइल को रूद्रम-4 का नाम दिया गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल दुश्मन को महज कुछ सेकंड की प्रतिक्रिया अवधि देती है, जिससे उसकी हिट-रेट लगभग सुनिश्चित हो जाती है। उड़ान परीक्षणों के दौरान, तीन अलग-अलग लक्ष्यों, जिनमें दो उच्च गति वाले फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल थे, को एक साथ उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

पिछले महीने अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि-5 का सफलतापूर्वक परीक्षण करके सबको चौंका दिया। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रही। भारत की यह सबसे लंबे दूरी की मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। एमआईआर तकनीक वाली अग्नि-5 मिसाइल ने एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अग्नि-5 के जरिए भारत चीन से मिल सकने वाली चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है।

अग्नि पांच में ऐसे सेंसर लगे हैं, जिससे वह अपने लक्ष्य तक बिना किसी गलती के पहुंचने में कामयाब रहेगी। अग्नि मिसाइल भारत के पास साल 1990 से मौजूद है, लेकिन वक्त के साथ इसके नए और ज्यादा आधुनिक रूप बनाए जाते रहे हैं। अग्नि-5 परमाणु हथियार ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। अभी तक एमआईआर वी तकनीक से लैस मिसाइल केवल रूस, चीन, अमेरिका, फ्रांस और यूके के पास है। इस मिसाइल को जमीन, समंदर या पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 5000 किलोमीटर तक है।

इसी साल जुलाई में पांच मिसाइलों का परीक्षण किया गया था। भारत की स्वदेशी तकनीक से बनी इन मिसाइलों की क्षमता ब्रह्मोस मिसाइल से अधिक है। भारत ने मिसाइल तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए हैं। डीआरडीओ के अनुसार दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर है।

इससे चहले 16-17 जुलाई को ओडिशा तट के पास से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी.2 और अग्नि.1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जो उसकी सामरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण विशिष्ट सामरिक बल कमान द्वारा किया गया और सभी परिचालन एवं तकनीकी मानकों की पुष्टि की गई। यह उपलब्धि भारत द्वारा 16 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद आई है।

### सोशल फोरम

## लंदन में कागज के फूल बेचतीं राजकुमारियां





हिस्ट्री
फेसबुक

यह फ़ोटो 12 जून 1929 की है, जिसमें बर्दवान की महाराज कुमारी सुधारानी देवी, बर्दवान की महाराज कुमारी ललितारानी देवी। रोशार कोठावाला, खुर्शेद कोठावाला और नुर्गश कोठावाला को एलेक्जैंड्रा रोज डे चैरिटी के लिए कागज के फूल बेचते हुए दिखाया गया है।

एलेक्जैंड्रा रोज डे यूनाइटेड किंगडम में जून महीने में आयोजित होने वाला एक चैरिटेबल फंडरेजिंग इवेंट है, जिसकी शुरुआत 1912 में एलेक्जैंड्रा रोज चैरिटीज द्वारा की गई थी। इसे क्वीन एलेक्जैंड्रा के उनके मूल देश डेनमार्क से यूनाइटेड किंगडम आने की 50वीं वर्षगांठ पर लॉन्च किया गया था।


डेनमार्क से प्रेरणा लेते हुए, महिलाओं को कृत्रिम गुलाब बनाने और उन्हें बेचने के लिए भर्ती किया गया था, जिससे धन एकत्र किया जा सके। पहले एलेक्जैंड्रा रोज डे इवेंट में 32,000 (जो आज के समय में लगभग 2.5 मिलियन के बराबर है!) एकत्र किए गए थे।

इससे अस्पतालों को बहुत लाभ हुआ और यह वार्षिक कार्यक्रम एक परंपरा बन गया। 1920 तक, आज की मुद्रा में लगभग 25 मिलियन की राशि लंदन की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एकत्र की जा चुकी थी।

### सामयिकी

## अगले जनम मोहे बिटिया न कीजो!

हाल ही में एक फिल्म आई है छोरी-2, जो भ्रूण हत्या जैसे संवेदनशील विषय पर बात करती है। इस फिल्म ने एक बार फिर भ्रूण हत्या को चर्चा में ला दिया है। यूं तो भ्रूण हत्या कोई नई बात नहीं है। सदियों से दुनिया के कई देशों में अलग-अलग तरह से भ्रूण हत्या होती रही है। कहीं जन्म से पहले ही गर्भ में मार दिया जाता है, तो कहीं पैदा होने के बाद फेंक दिया जाता है। कहीं जिंदा दफन करने के बारे में भी जानकारी मिलती है। देश में लड़कियों और शिशुओं की भ्रूण हत्या आम बात हो चली है। आए दिन जन्म से पहले गर्भपात और जन्म के बाद लड़कियों को लावारिस छोड़ने अथवा झाड़ियों में फेंकने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी भ्रूण अथवा शिशु हत्या को रोका नहीं जा सका है।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या ऐसी सामाजिक बुराई है, जिसके आंकड़े न केवल डरावने हैं, बल्कि समाज को झकझोरने वाले भी हैं। सरकारी आंकड़ों के आधार पर प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट कहती है कि 2000 से 2019 तक भारत में कम से कम 90 लाख कन्या भ्रूण हत्याएं हुईं। इनमें से 86.7 फीसदी हिंदुओं (80 फीसदी आबादी), 4.9 प्रतिशत सिखों (1.7 फीसदी आबादी) और 6.6 फीसदी मुस्लिमों (14 प्रतिशत आबादी) में दर्ज की गईं। हालांकि पुत्र वरीयता में कमी आई है, फिर भी लिंग-चयनित गर्भपात जारी है। भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, 0-6 वर्ष आयु वर्ग में लिंग अनुपात 914 लड़कियां प्रति 1,000 लड़के था, जो 1991 में 945 से कम है।

वहीं संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट कहती है कि पिछले 50 वर्षों में विश्व में लापता महिलाओं की संख्या में भारत का योगदान 4.58 करोड़ है, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या मुख्य कारण हैं। भारत और चीन मिलकर हर साल 15 लाख लापता कन्या जन्मों के लिए 90-95 फीसदी जिम्मेदार हैं। द लैंसेट की दो रिपोर्ट बताती हैं कि 1981 से 2016 तक 21 लाख जन्म इतिहास के विश्लेषण से पता चला कि लिंग-चयनित गर्भपात के कारण लापता कन्या जन्म बढ़े हैं। भारत का जन्म लिंग अनुपात 110 पुरुष प्रति 100 महिलाएं हैं, जो भ्रूण हत्या की ओर इशारा करता है, जबकि इसका वैश्विक औसत 101 महिलाएं है। द लैंसेट की दूसरी रिपोर्ट कहती है कि हर साल 2.39 लाख अतिरिक्त बालिका मृत्यु (5 वर्ष से कम) दर्ज की जाती हैं, जो मुख्य रूप से उपेक्षा और कुपोषण के कारण होती हैं, न कि प्रत्यक्ष शिशु हत्या के।

वहीं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का डाटा बताता है कि देश में 2022 में 63 शिशु हत्या के मामले दर्ज किए गए, जिनमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक 25 मामले थे। कन्या शिशु हत्या के विशिष्ट आंकड़े अलग से नहीं दिए गए हैं। यह संख्या वास्तविकता से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि कई मामले उपेक्षा या भुखमरी के रूप में दर्ज नहीं होते। असल में कन्या भ्रूण हत्या के सटीक आंकड़े अनुमान पर आधारित हैं, क्योंकि अवैध गर्भपात दर्ज नहीं होते। शिशु हत्या के मामले भी कम दर्ज होते हैं, क्योंकि इन्हें अक्सर मृत जन्म या प्राकृतिक मृत्यु के रूप में दिखाया जाता है। हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड जैसे राज्यों में गंभीर लिंग असंतुलन स्थिति की भयावहता को दर्शाते हैं। उत्तराखंड में 2019 में 132 गांवों में तीन महीने तक किसी कन्या का जन्म नहीं हुआ, जिसने भ्रूण हत्या की आशंका को बहुत हद तक बढ़ाया। कन्या भ्रूण हत्या न केवल बेटियों के जीवन पर खतरा है, बल्कि समाज के संतुलन को भी बिगाड़ रहा है। इसे रोकने के लिए हमें हर परिवार को जागरूक करना होगा, ताकि वे बेटियों को समान अधिकार और सुरक्षा देने की अहमियत को समझ सकें।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

आदिशक्ति, जिनके अलग- अलग नाम हैं पर स्वरूप एक ही है। चराचर जगत को शक्ति देना जिनका उद्देश्य है मां को आद्या शक्ति और परा शक्ति के नाम से भी जाना जाता है, जो निराकार ऊर्जा हैं। उनका कोई रूप नहीं है, वे समस्त कारणों की कारण हैं। समस्त तत्वों में विद्यमान हैं। इन शक्तियों की 10 महाविद्या के रूप में भी पूजन करते हैं जो संसार में चक्र को गतिमान बनाने और देवीय तत्वों को जीव मात्र से जोड़ने का विधान है और उन के समस्त कलमश को समाप्त कर पूर्ण मनोयोग जागृत करती हैं। समस्त कमनाओं की पूर्ति कर मोक्ष प्रदान करती हैं। इन महाविद्याओं को धारण करने के लिए भगवान शिव के भी 10 रुद्र अवतार हुये हैं क्योंकि शक्ति को धारण करने वाले शिव ही हैं। इस बार शारदीय नवरात्र 10 दिनों के होंगे और भगवती की कृपा सभी पर बरसेगी। हम आपको मां के नौ दुर्गा स्वरूपों के साथ ही 10 महाविद्या स्वरूप के भी बारे में बता रहे हैं।



# दुर्गा और महाविद्या रूप में बरसती मां की कृपा

## निराकार का आकार में प्रविष्ट

आदिशक्ति ब्रह्मांड की रचना, पालन और संहार के लिए आकार धारण करती हैं। ब्रह्मत्व, शिवत्व, विष्णुत्व का उदगम बनतीं हैं। साथ ही सृजन, विस्तार और संहार के गुण को सृष्टि के कण- कण में विराजमान कराके जीव मात्र के उद्धार के लिए पृथ्वी पर अपने अलग- अलग स्वरूपों में विद्यमान होती हैं। इन स्वरूपों का पूजन हम नवरात्र महापर्व में 9 दिनों में करते हैं। वास्तव में आदिशक्ति की तीन मुख्य धाराएं हैं। महा काली, महा गौरी, महा सरस्वती हैं तमो गुण व्यापिनी, रजोगुनी गुण व्यापिनी और सतो गुण व्यापिनी। तीन- तीन दिन महा काली, महा गौरी और महा सरस्वती के रजो गुणी, तमो गुणी और सतो गुणी स्वरूपों का पूजन होता है।



## गज पर सवार होकर आएंगी मां

- 22 सितम्बर 2025 को सूर्य उदय पर अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि प्राप्त होने के कारण नवरात्र महापर्व का आरम्भ होगा। मां गज पर सवार होकर आ रही हैं, जो अत्यंत शुभ और सुख-समृद्धि, सौभाग्य की वृद्धि का संकेत है। इस बार तिथि वृद्धि के कारण नवरात्र में भक्तों को नौ नहीं पूरे 10 दिन आदिशक्ति के पूजन का सौभाग्य मिलेगा, और 11 वें दिन 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जायेगा। महा अष्टमी का पूजन 30 सितम्बर और नवमी का पूजन 1 अक्टूबर को किया जायेगा।

*या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥*

## दस महाविद्या स्वरूप

- **माँ काली :** देवी का पहला महाविद्या स्वरूप काली है, जो समय और परिवर्तन की देवी हैं। माता का स्वरूप हाथ में त्रिशूल और तलवार है।
- **तारा देवी :** महाविद्या का दूसरा स्वरूप तारा है, जो ज्ञान और मोक्ष की देवी हैं। जो समस्त बधाओं को हर के इस जग से तरने वाली कहलाती हैं।
- **त्रिपुरसुंदरी :** देवी का तीसरा स्वरूप त्रिपुरसुंदरी है, जो सौंदर्य और आकर्षण की देवी हैं। मां चार भुजा और 3 नेत्र के सुंदर स्वरूप में विराजमान हैं।
- **भुवनेश्वरी :** देवी का चौथा महाविद्या स्वरूप भुवनेश्वरी है, जो सृष्टि और पालन की देवी हैं। कमल पर विराजमान देवी का पूजन किया जाता है।
- **छिन्नमस्ता :** पांचवां स्वरूप छिन्नमस्ता है, जो आत्म-बलिदान की देवी हैं। इनका स्वरूप कटा हुआ सिर और बहती हुई रक्त की तीन धाराएं से सुशोभित रहता है।
- **त्रिपुरभैरवी :** देवी का छठा स्वरूप त्रिपुरभैरवी है, जो ज्ञान और मोक्ष की देवी हैं।
- **धूमावती :** देवी का सातवां महाविद्या स्वरूप धूमावती है, जो विध्वंस और परिवर्तन की देवी हैं। मां मानसिक शक्ति प्रदान करती हैं।
- **बगलामुखी :** देवी का आठवां स्वरूप बगलामुखी है, जो शत्रुओं को नष्ट करने वाली देवी हैं। मां पीतवर्ण में विराजमान हैं।
- **मातंगी :** देवी का नौवां स्वरूप मातंगी है, जो संगीत और कला की देवी हैं।
- **कमला :** देवी का दसवां महाविद्या स्वरूप कमला है, जो धन और समृद्धि की देवी हैं।



## घटस्थापना

घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06 :09 से सुबह 08 :06 तक रहेगा। इसके अलावा अभिजित मुहूर्त सुबह 11 :49 से दोपहर 12 :38 रहेगा।



ज्योतिषाचार्य
स्वाति सक्सेना
संस्थापक अंतरंग फाउंडेशन



**शैलपुत्री**
देवी का पहला स्वरूप शैलपुत्री है, जो हिमालय की पुत्री हैं।



**ब्रह्मचारिणी**
देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी है, जो ज्ञान और तपस्या की देवी हैं।



**चंद्रघंटा**
देवी का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है, जो शांति और सौंदर्य की देवी हैं।



**कूष्मांडा**
देवी का चौथा स्वरूप कूष्मांडा है, जो सृष्टि की देवी हैं।



**स्कंदमाता**
देवी का पांचवां स्वरूप स्कंदमाता है, जो स्कंद की माता हैं।



**कात्यायनी**
देवी का छठा स्वरूप कात्यायनी है, जो कात्यायन ऋषि की पुत्री हैं।



**कालरात्रि**
देवी का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो अंधकार और भय को दूर करने वाली देवी हैं।



**महागौरी**
देवी का आठवां स्वरूप महागौरी है, जो शुद्धता और पवित्रता की देवी हैं।



**सिद्धिदात्री**
देवी का नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री है, जो सिद्धि और ज्ञान की देवी हैं।

---

**बोध कथा**

# सद्गुरु

एक गांव में एक किसान रहता था। किसान अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बहुत प्रसन्न था। किसान के घर में एक गाय थी, जिसे किसान और उसकी पत्नी बहुत प्यार से रखते थे। किसान प्रातः काल खेत पर जाने के समय गाय को भी ले जाता था जो कि पास ही जंगल में चरती रहती थी। शाम को गाय अपने मालिक किसान के साथ वापस आ जाती थी। एक बार गाय घने जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। गाय ने देखा कि एक बाघ उसकी ओर बढ़ा आ रहा है। गाय घबराकर दौड़ पड़ी और एक तालाब में चली गई। बाघ भी तालाब में घुस गया। पानी तो कम था पर कीचड़ बहुत था। गाय कीचड़ में धंसने लगी, बाघ के पैर भी कीचड़ में धंसने लगे। गाय और बाघ के बीच दूरी अधिक नहीं थी परन्तु ना तो बाघ आगे बढ़ पा रहा था और ना गाय ही हिल पा रही थी। दोनों लगभग गले तक उस कीचड़ में फंस गये। बाघ का भोजन समक्ष होने के बावजूद बाघ उसे पकड़ने में असमर्थ था। थोड़ी देर बाद गाय ने बाघ से पूछा- तुम्हारा कोई गुरु या स्वामी है। बाघ ने गुर्राते हुये उत्तर दिया स्वामी कैसा स्वामी! मैं तो स्वयं इस जंगल का राजा हूं। गाय ने कहा तुम्हारी इस शक्ति का यहां क्या उपयोग है- तुम अपनी शक्ति के बल पर इस कीचड़ से बाहर नहीं निकल सकते। अब बाघ ने गाय से कहा तुम भी मेरी जैसी स्थिति में हो। तुम भी फंसी हो और मरने के करीब हो। गाय ने बाघ को उत्तर दिया- ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। शाम को मेरा मालिक किसान घर वापस जायेगा और मुझे नहीं पायेगा तो वह किसान जो कि मेरा मालिक है निश्चित ही ढूंढता हुआ यहां आयेगा और मुझे यहां से निकाल कर ले जायेगा और वही हुआ, थोड़ी देर बाद किसान गाय को ढूंढता हुआ तालाब के पास आया और गाय को कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले गया। गाय और किसान दोनों एक दूसरे के प्रति कृतज्ञ थे, वो चाह कर भी बाघ को कीचड़ से नहीं निकाल सकते थे क्योंकि बाघ दोनों के जीवन के लिये खतरा था। इस कथा से हमें यह ज्ञान मिलता है कि बाघ अहंकार का प्रतीक है, गाय का मालिक किसान सद्गुरु का प्रतीक है और कीचड़ यह संसार है। इस संसार रूपी कीचड़ से निकलने के लिये हमें अहंकार की नहीं किसी न किसी रूप में एक मित्र अथवा किसी गुरु की आवश्यकता होती है जो हमें इस संसार रूपी संघर्ष में ज्ञान दे कर उससे बाहर निकाल सके।





लेखक: अशोक सूरी, आध्यात्मिक लेखक

# चितई गोल्ज्यू देवता : यहां अर्जी लगाने से मिलता है न्याय

देवभूमि उत्तराखंड में वैसे तो कई देवस्थल हैं, लेकिन उनमें से एक है कुमाऊं क्षेत्र में अल्मोड़ा के पास स्थित गोल्ज्यू देवता मंदिर। मान्यता है कि मंदिर में अर्जी लगने के बाद गोल्ज्यू देवता अपने भक्त की समस्या का समाधान करते हैं। कुमाऊं के लोग गोल्ज्यू को अपना इष्ट देवता मानते हैं। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाइवे पर चितई नामक स्थान पर गोल्ज्यू देवता का मंदिर है। यहां विराजमान देवता को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। मंदिर में लगे स्टांप पेपर पर लिखी हजारों अर्जियां इस बात की गवाह हैं कि मंदिर में लोग अपनी समस्या के समाधान और न्याय की गुहार लगाने आते हैं। भक्तों की मान्यता अनुसार जिसे कहीं से भी न्याय न मिले तो उसे गोल्ज्यू देवता न्याय देते हैं। यहीं कारण है कि मंदिर में हर रोज सैकड़ों अर्जियां लगती हैं। लोग स्टांप पेपर पर भी अपनी शिकायत और समस्या लिखकर देते हैं। मंदिर के पुजारी इस अर्जी को गोल्ज्यू देवता के चरणों में रखकर श्रद्धालु से इसे मंदिर परिसर में टंगवाते हैं।



- कुमाऊं के लोग न्याय के देवता गोल्ज्यू को मानते हैं अपना इष्ट देवता
- 12वीं शताब्दी में हुआ था अल्मोड़ा में चितई में गोल्ज्यू देवता मंदिर का निर्माण
- मनोकामना पूरी होने पर लोग चढ़ाते हैं घंटियां

### जन श्रुतियों के अनुसार यह है कहानी

- मंदिर के पुजारी पंडित संतोष पंत बताते हैं कि एक कथा के अनुसार, गोल्ज्यू देवता को ग्वाल देवता के नाम से भी जाना जाता है। यह कथा राजा और रानी से जुड़ी है, जहां सौतेली रानियों ने नवजात शिशु को नदी में फेंक दिया था, जिन्हें एक मछुआरे ने बचाया था। बाद में गोलू देवता की पहचान निष्पक्षता से न्याय प्रदान करने वाले न्यायप्रिय राजा के रूप में बनी और उन्हें ग्वाल देवता या गोल्ज्यू देवता के रूप में जाना जाने लगा। बताया जाता है कि गोल्ज्यू देवता चम्पावत के अलावा अल्मोड़ा के चितई में भी अपना दरबार लगाते थे। जहां वह लोगों का न्याय करते थे, तब से ही कुमाऊं में उन्हें न्याय का देवता माना जाने लगा।

### 12 वीं शताब्दी में हुआ था मंदिर का निर्माण

- मान्यता के अनुसार, चंद वंश के एक सेनापति ने 12 वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण करवाया था। न्याय के देव गोलू देवता को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। उनमें से सबसे प्रसिद्ध है कि यहां पर कत्यूरी वंश के शासकों का 7वीं से 12वीं सदी तक राज था। गोलू महाराज कत्यूरी वंश के राजकुमार या सेनानायक थे।

### मंदिर में हजारों घंटे घंटियों का संग्रह

- चितई मंदिर में हजारों घंटे-घंटियों का संग्रह है, जिन लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती है वे यहां घंटी चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में छोटी-बड़ी घंटियां टंगी हैं। इसके अलावा वर्षों से मंदिर परिसर के दो कमरों में भी हजारों की संख्या में वह घंटियां रखी हैं जो तेज हवाओं या फिर किन्हीं अन्य कारणों से गिर गई थीं।

### कैसे पहुंचें मंदिर तक

- गोलू देवता चितई मंदिर अल्मोड़ा से करीब आठ किमी दूर पिथौरागढ़ रोड पर स्थित है। यह सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है और टैक्सी, बस आदि साझा करके आसानी से पहुंचा जा सकता है। निकटतम रेल संपर्क काठगोदाम रेलवे स्टेशन करीब 94 किमी है। पंतनगर हवाई अड्डा से 124 किमी अल्मोड़ा पहुंचने के लिए निकटतम हवाई अड्डा हैं।



प्रस्तुति
कमलेश कनवाल
अल्मोड़ा

**व्रत एवं त्योहार**

## भगवान विश्वकर्मा का पूजन कल



भगवान विश्वकर्मा ने सोने की लंका और भगवान श्रीकृष्ण के लिए द्वारका नगरी का निर्माण किया था। भगवान विश्वकर्मा भगवान ब्रह्मा के सातवें पुत्र हैं, जिन्होंने ब्रह्मांड को बनाने में ब्रह्मा जी की मदद की थी। भगवान विश्वकर्मा जी दुनिया के पहले वास्तुकार व शिल्पकार है। यह त्योहार मुख्य रूप से कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों और औद्योगिक मजदूरों द्वारा मनाया जाता है। इस दिन यह लोग अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। यह त्योहार उस दिन मनाया जाता है जब सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करता है। पंचांग के अनुसार, सूर्य 17 सितंबर को देर रात 01 बजकर 55 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इसी दिन विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होगा। इस दिन राहुकाल दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से दोपहर 01 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। राहुकाल के समय पूजा-पाठ व शुभ कार्यों की मनाही होती है। इसके बाद ही पूजन होगा। कन्या संक्रांति के दिन ही भगवान विश्वकर्मा का अवतरण हुआ था। यह दिन भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं और अपने काम में सफलता व समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। विश्वकर्मा पूजा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## पितृ विसर्जनी अमावस्या 21 सितंबर को



पितृ विसर्जनी अमावस्या को पितृ मोक्ष अमावस्या भी कहते हैं। पितृ पक्ष का अंतिम दिन होने के नाते इस दिन उन पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया जाता है, जिनकी मृत्यु तिथि अज्ञात हो। इस दिन दान करने से पितरों को शांति मिलती है। माना जाता है कि यह पितृ दोष से मुक्ति दिलाने और जीवन में सुख-शांति लाने का आखिरी मौका होता है। इस साल सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को पड़ रही है। इस दिन किसी नदी या सरोवर में स्नान के बाद पूर्वजों का पूजन, श्राद्ध और तर्पण कर उन्हें विदा किया जाता है। साथ ही श्रद्धा के अनुसार दान, पशु पक्षियों को चारा देना चाहिए।



लेखक
पंडित: सोमदत्त अग्निहोत्री

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्च्युन 13 किग्रा 1950, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2375, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2555

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1-5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9000, मोटा हीरा 11000, अरहर गोला मोटा 7800, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5000, मसूरी- 3800, बासमती- 9300, परमल- 3400

**दाल दलहन :** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 7100, मूंग साबुत- 9200, राजमा- 1240-14100, दाल उड़द- 9200, साबुत मसूर दाल- 7300, मसूर दाल- 7100, उड़द साबुत- 8000, काबुली चना- 10300, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 9000

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को मिलेगा बढ़ावा

## वित्त मंत्री बोलीं- सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग को भी प्रतिबद्ध

- **निर्मला सीतारमण ने नीति आयोग की रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही**

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव और नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर' जारी करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं। सीतारमण ने कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए।

रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो। एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें।

### जीडीपी में 600 अरब डॉलर की वृद्धि संभव

तमाम उद्योगों में कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से वर्ष 2035 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 500 से 600 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। नीति आयोग की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। आयोग की रिपोर्ट कहती है कि आने वाले दशक में उद्योगों के भीतर एआई के व्यापक उपयोग से वैश्विक अर्थव्यवस्था में 17 से लेकर 26 लाख करोड़ डॉलर तक का योगदान हो सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित के क्षेत्रों में विशाल कार्यबल की मौजूदगी, तेजी से बढ़ते शोध एवं विकास तंत्र और मजबूत डिजिटल क्षमताएं भारत को इस परिवर्तन में अहम भागीदार बना सकती हैं। इससे भारत को वैश्विक एआई मूल्य का 10 से 15 प्रतिशत तक हासिल करने का अवसर मिलेगा। नीति आयोग ने कहा कि एआई से कई नए रोजगार पैदा होंगे लेकिन लिपिकीय, नियमित और निम्न कौशल वाले कई मौजूदा कामकाज प्रभावित भी होंगे। एआई के त्वरित क्रियान्वयन का वित्तीय सेवाओं एवं विनिर्माण क्षेत्र पर सबसे बड़ा असर देखने को मिल सकता है।

### एआई को अपनाने के अपार अवसर: टाटा संस

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत एक ऐसे मोड़ पर है, जहां उसके पास कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने और व्यापक प्रभाव डालने के अपार अवसर है। नीति आयोग की रिपोर्ट के विमोचन पर चंद्रशेखरन ने उद्योग जगत से एआई का लाभ उठाने में सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। चंद्रशेखरन ने देश के सभी युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एआई के इस्तेमाल की वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें एआई का उपयोग करके बुनियादी मुद्दों, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो या शिक्षा, को हल करना चाहिए और इस तरह सशक्तीकरण के अपार अवसर पैदा करने चाहिए। आज मौजूद असमानता को कम करना चाहिए। ऐसा करने के लिए सरकार, उद्योग और समाज को एआई का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना होगा।

### रिटर्न दाखिल करने के अंतिम दिन उपयोगकर्ता परेशान

# आयकर विभाग ने कहा नहीं बढ़ेगी समयसीमा

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख होने से कर विभाग के पोर्टल पर सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने लॉगइन किया। इस कारण उपयोगकर्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्होंने सोशल मीडिया पर गड़बड़ियों की शिकायत की।

उपयोगकर्ताओं ने आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा आगे बढ़ाने की मांग की। दूसरी ओर विभाग ने कहा कि पोर्टल ठीक से काम कर रहा है और व्यक्तियों, एचयूएफ और उन लोगों द्वारा आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया, जिन्हें 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना है। 2024-25 में अर्जित आय के लिए बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। कुछ दिनों में कई चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि आयकर पोर्टल पर कर भुगतान और एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) डाउनलोड करते समय गड़बड़ियां आ रही हैं। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने सोमवार को यह भी शिकायत की कि वे ई-फाइलिंग पोर्टल में लॉग इन नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, आयकर विभाग ने स्पष्ट किया कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

### सात करोड़ से दाखिल किया आईटीआर

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि अबतक सात करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल हो चुके हैं। यह बात पोर्टल पर गड़बड़ियों की शिकायत और समयसीमा बढ़ाने की मांग के बीच कही गई है। विभाग ने एक्स पर लिखा, अबतक सात करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं और अभी भी गिनती जारी है। विभाग ने उन सभी से रिटर्न दाखिल करने का आग्रह किया जिन्होंने नहीं किया है।

# बैंकों की ऋण वृद्धि 12% रहने का अनुमान

- **क्रिसिल के अनुसार कर्ज वितरण को बढ़ाने में खुदरा ऋण की होगी मुख्य भूमिका**

मुंबई, एजेंसी

घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि बैंकों की ऋण वृद्धि 2025-26 की दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी और समूचे वित्त वर्ष में यह 12% तक रह सकती है। बैंकों के कर्ज वितरण को बढ़ाने में खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगा जबकि कॉरपोरेट ऋण की वृद्धि धीमी रहेगी। साथ ही क्रिसिल ने कुछ चिंताओं की ओर भी इशारा किया है।

परिवारों के जमा अंशदान में गिरावट आने से जमा स्थिरता पर असर पड़ सकता है और छोटे व्यवसायों को दिए जाने वाले कर्ज संपत्ति गुणवत्ता के लिए चुनौती हो सकते हैं। क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि पहली तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5% रही, जो अब बढ़कर 10% के करीब है लेकिन यह अब भी धीमी है। उम्मीद हैं कि दूसरी छमाही में तेज ऋण वृद्धि होगी और समूचे वित्त वर्ष में ऋण वृद्धि 11-12% तक पहुंच सकती है। सरकारी और नियामकीय उपायों से कॉरपोरेट कर्जदारों का बॉण्ड बाजार जैसी वैकल्पिक जगहों से बैंक कर्ज की तरफ लौटने से बैंकों की ऋण वृद्धि को मदद मिलेगी। क्रिसिल ने कहा कि रिजर्व बैंक की ब्याज दर कटौती का असर अब तक बैंक कर्ज की सीमांत लागत आधारित कर्ज दर में नहीं नजर आया है।




# पांच साल में वाहन क्षेत्र को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य

- **अंतर्राष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया संबोधित**
- **बोले- सरकार को सबसे अधिक जीएसटी देने और रोजगार के अवसर पैदा करता है वाहन क्षेत्र**

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन में शामिल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने 'अंतर्राष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन 2025' का उद्घाटन करते हुए कहा कि वाहन क्षेत्र सरकार को सबसे अधिक जीएसटी राजस्व देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष स्थान वाला बनाना है। गडकरी ने बताया कि देश में दुनिया की सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा क जिब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। इस समय अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। उसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है।

मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा।



### नाबालिग को हिरासत में प्रताड़ित करने की याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा

# पहले उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



- **पीठ ने कहा- उच्च न्यायालय आपके मामले पर विचार नहीं करता, तो आप वापस आएं**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें गुजरात पुलिस पर 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में यातना देने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया था। इसने याचिकाकर्ता से उच्च न्यायालय जाने को कहा।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि हमें आपके प्रति पूरी सहानुभूति है, लेकिन आपने उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया? वकील ने नाबालिग के साथ कथित तौर पर की क्रूरता का उल्लेख किया। पीठ ने दोहराया कि हमारा प्रश्न यह है कि आप अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटा सकते? वकील ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली को मेडिकल बोर्ड गठित करने तथा नाबालिग को लगी चोटों और सीमा के बारे में अदालत को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने के लिए किए निवदेनों में से एक का उल्लेख किया।

पीठ ने पूछा कि क्या उच्च न्यायालय इसकी अनुमति नहीं दे सकता? इसके बाद वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रार्थना पर विचार किया जा सकता है। कुछ ऐसे ही उदाहरणों का उल्लेख करते हुए वकील ने कहा कि लेकिन मुद्दा यह है। इस मामले से परे, नाबालिगों को पुलिस हिरासत में प्रताड़ित करने के व्यापक अखिल भारतीय निहितार्थ हैं।

पीठ ने कहा कि आप उच्च न्यायालय जाएं और अगर उच्च न्यायालय आपके मामले पर विचार नहीं करता, तो आप वापस आएं। हम आपके अनुरोध पर विचार करेंगे। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के इस अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया कि नाबालिग को लगी चोटों के संबंध में एम्स, नई दिल्ली को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया जाए।

### एसआईटी ने वनतारा को 'क्लीन चिट' दी, अनुपालन को संतोषजनक बताया

वनतारा से जुड़े मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात के जामनगर स्थित इस प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को 'क्लीन चिट' दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने इस जांच दल का गठन किया था। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और पीबी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतोष व्यक्त किया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत हुई और शीर्ष अदालत ने सोमवार को अवलोकन किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद विस्तृत आदेश पारित करेगी। अदालत ने हाथियों के अधिग्रहण के मद्देनजर कानूनों का पालन न करने के आरोपों पर वनतारा के खिलाफ तथ्यान्वेषी जांच करने के लिए 25 अगस्त को विशेष जांच दल का गठन किया था।

### अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र मामला : मुकदमे की स्थिति जानने को एनआईए से मांगा जवाब

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्र के खिलाफ युद्ध छेड़ने और म्यांमा स्थित कुछ विद्रोही समूहों के साथ संबंधों के आरोप में मणिपुर से गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ मुकदमे की स्थिति की जानकारी को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा अप्रैल में आरोपी की जमानत याचिका खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता मोइरंगथेम आनंद सिंह के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में बंद है। पीठ ने कहा कि हम जमानत याचिका पर विचार के इच्छुक नहीं हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को छोड़कर अन्य आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# झारखंड के बोकारो से नक्सलवाद पूरी तरह हो गया साफ : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो गया है। एक करोड़ रुपये के इनामी 'कमांडर' समेत तीन शीर्ष माओवादियों को मार गिराया गया है।

शाह ने एक्स पर कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें कुख्यात नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया। सोरेन प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और उसके सिर पर एक करोड़ का इनाम था। साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन को भी मार गिराया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द पूरा देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। गृह मंत्री ने बार-बार कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा।

### एक करोड़ के इनामी नक्सली सहित तीन मुठभेड़ में ढेर

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए, जिनमें से एक पर एक करोड़ का इनाम था। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोरहर थाना क्षेत्र के पंतित्री जंगल में सुबह छह बजे प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के सहदेव सोरेन के दस्ते व सुरक्षा बलों में मुठभेड़ हुई। पुलिस के महानिरीक्षक (ऑपरेशन) माइकल राज एस ने बताया कि अभियान के दौरानतीन माओवादियों के शव बरामद कर हुए हैं।

# सट्टेबाजी एप मामले में ईडी के समक्ष पेश हुईं सांसद मिमी

नई दिल्ली, एजेंसी



टीएमसी की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती सोमवार को कथित अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। चक्रवर्ती (36) का बयान 'वनएक्सबेट' नामक अवैध सट्टेबाजी एप से संबंधित मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है।

बताया जाता है कि पूर्व सांसद और अभिनेत्री कुछ विज्ञापनों और वित्तीय लेन-देन के ज़रिए इस एप से जुड़ी हैं। ईडी इस एप से उनके संबंधों के बारे में जानना चाहती है। ईडी ने मामले में पूछताछ के लिए अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और अंकुश हाजरा को मंगलवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है।

### रैना और धवन से हो चुकी है पूछताछ

एजेंसी अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों की ठगी की है या भारी मात्रा में कर चोरी की है। इस मामले में संघीय जांच एजेंसी पहले भी पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से पूछताछ कर चुकी है।

# अधिकारी को टक्कर मारने वाली बीएमडब्ल्यू चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



- **पुलिस ने दर्ज किया गैर-इरादतन हत्या का मामला**

वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी की बाइक को बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारने की आरोपी महिला को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया।

रविवार दोपहर को दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुई इस दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अधिकारी एवं हरिनगर निवासी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गईं। वे गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान, बीएमडब्ल्यू कार की महिला चालक गगनदीप कौर (38), जो परीक्षित मक्कड़ की पत्नी और गुरुग्राम निवासी है को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी महिला और उसके पति भी दुर्घटना में घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बाइक को टक्कर मारने वाली कार तथा दोपहिया वाहन को भी जब्त कर लिया गया तथा दुर्घटनास्थल की फोरेंसिक जांच की गई।

### बार-बार अनुरोध के बावजूद पीड़ितों को दूर के अस्पताल ले गए आरोपी

दुर्घटना में मारे गए वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की पत्नी ने आरोपी दंपति से बार-बार उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई, लेकिन उन्होंने यह बात नहीं मानी। मामले में दर्ज प्राथमिकी में यह बात कही गई है। शोकसंतप्त महिला ने पुलिस को दिए गए बयान में कहा कि महिला (आरोपी) हमें दुर्घटना स्थल से दूर जीटीबी नगर के छोटे से अस्पताल में ले गई। चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले वैन चालक मोहम्मद गुलफाम ने भी ऐसा ही दावा किया है। गुलफाम ने कहा कि मैं माल ढुलाई वाला वाहन चला रहा था, जब कार में बैठे पुरुष और महिला ने मुझसे घायलों को आजादपुर के अस्पताल में ले जाने को कहा तो मैंने वाहन रोक दिया और उन्हें वहां पहुंचाया। पुलिस ने गुलफाम का बयान दर्ज करने के लिए उससे संपर्क किया है।

### हेलमेट ने बचाई संदीप कौर की जान

मृतक नवजोत सिंह की पत्नी संदीप कौर ने प्राथमिकी में बताया कि दुर्घटना के समय मेरे पति ने पगड़ी पहनी थी, लेकिन मैंने हेलमेट पहना था। जब हम दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन पहुंचे, तो नीली बीएमडब्ल्यू कार तेज़ी से पीछे से आई और हमारी बाइक को टक्कर मार दी। मेरे पति गिर गए। उनके सिर, मुंह और पैरों में फ्रैक्चर हो गया। मेरे सिर और पैरों में भी चोटें आईं। कुछ देर बाद, मैं भी बेहोश हो गई। बीएमडब्ल्यू कार महिला चला रही थी और उसके साथ पुरुष बैठा था। उन्होंने घायल दंपति को वैन जैसी गाड़ी में बिठाया और जीटीबी नगर ले गए। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है।

# पूजा खेड़कर के घर से मुक्त कराया अपहृत ट्रक चालक

मुंबई/पुणे, एजेंसी



- **पूर्व आईएएस प्रोबेशनर की मां के पुलिस के काम में बाधा डालने का मामला दर्ज**

नवी मुंबई में रोड रेज की घटना के बाद एसयूवी में दो व्यक्तियों द्वारा अपहृत ट्रक चालक को पुणे में पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेड़कर के घर से मुक्त कराया गया है। पुणे पुलिस ने सोमवार को बताया कि पूजा खेड़कर की मां मनोरमा के खिलाफ रविवार को ड्राइवर की तलाश में घर में प्रवेश करने की कोशिश कर रही पुलिस को रोकने का मामला दर्ज किया गया है।

नवी मुंबई पुलिस ने एसयूवी सवार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। खेड़कर पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी तथा गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांग कोटे का लाभ लेने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि अपहरण की घटना शनिवार शाम नवी मुंबई टाउनशिप में मुलुंड-ऐरोली रोड पर हुई जब प्रहलाद (22) कंक्रीट मिक्सर ट्रक चला रहे थे। रबाले पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक एसयूबी से छूते हुए निकल गया, जिसके बाद प्रहलाद और एसयूवी सवार दो लोगों में बहस हो गई। एसयूवी सवारों ने प्रह्लाद को थाने ले जाने के बहाने जबरन अपने वाहन में बिठा लिया और मौके से फरार हो गए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तानी सेना ने 31 आतंकवादियों को मारा

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कम से कम 31 आतंकवादी मारे गए। सेना ने एक बयान में कहा कि दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियान 13 और 14 सितंबर को खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवात और बन्नू जिलों में चलाए गए। पहले अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला किया और भीषण गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादी मारे गए। कहा गया है कि बन्नू में एक और अभियान चलाया गया, जहां गोलीबारी में 17 और आतंकवादी मारे गए।

### गाजा में इजराइल के हमले में सात मारे गए

**गाजा।** पश्चिमी गाजा में इजराइली हवाई हमले में कम से कम सात फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं। चीन की समाचार समिति शिन्हुआ ने बताया कि इजरायल ने रविवार को पश्चिमी गाजा में व्यापक हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इजराइल ने हवाई हमलों के जरिये अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलें और कई बहुमंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने विस्थापित लोगों के लिए फलास्तीन शिविर को भी निशाना बनाया।

### चीन, थाईलैंड संयुक्त वायुसेना प्रशिक्षण करेंगे

**बीजिंग।** चीन और थाईलैंड इस महीने के अंत में संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि ये प्रशिक्षण थाईलैंड में आयोजित होगा। एमएनडी वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, चीन इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कई प्रकार के विमान और जमीनी वायु रक्षा बलों को तैनात करेगा। एमएनडी ने कहा कि यह संयुक्त प्रशिक्षण सैनिकों की तकनीकी और सामरिक दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास और व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने के लिए भी अनुकूल होगा।

### पड़ोसी देशों को बिन मांगे मदद नहीं देंगे: बेलारूस

**लुकाशेंको मिन्स्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। लेकिन उसके पास पड़ोसियों की बिना मांगे मदद की कोई योजना नहीं है। लुकाशेंको ने रूस की रज़वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा, बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। बेलारूस उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं।

# ट्रंप ने दिलाया भरोसा, मौली के हत्यारे पर होगी सख्त कार्रवाई

ह्यूस्टन/न्यूयॉर्क, एजेंसी

- **भारतीय मूल के होटल प्रबंधक का सहकर्मी ने काट दिया था सिर**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के होटल प्रबंधक चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया को एक सम्मानित व्यक्ति बताया, जिनकी पिछले सप्ताह डलास में सिर कलम कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। ट्रंप ने कहा कि अपराधी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ट्रंप ने कहा कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ 'फर्स्ट-डिग्री मर्डर' का मुकदमा चलाया जाएगा। टेक्सास प्रांत में 10 सितंबर को 'डाउनटाउन सुइट्स' होटल में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद, मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की उनके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज ने उनकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर हत्या कर दी थी। इस घटना पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ट्रंप ने जो बाइडन नीत पूर्ववर्ती सरकार की आव्रजन नीतियों की कड़ी आलोचना की और हमलावर को अवैध अप्रवासी बताया, जिसे उनके अनुसार देश से पहले ही निकाल देना चाहिए था। ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा, टेक्सास के डलास में चंद्र नागमल्लैया की हत्या की भयावह खबर मिली। वह एक सम्मानित व्यक्ति थे, जिन्हें उनकी पत्नी और बेटे के सामने बेरहमी से मार दिया गया।

## भारतीय पुलिस का क्रूर चेहरा

# हिरासत में यातना और मौतें

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में हुईं 11 मौतों का स्वत: संज्ञान लिया है और अपने आदेश के बावजूद थानों में सीसीटीवी कैमरे न लगाए जाने पर जवाब मांगा है। असल में पुलिस की हिरासत में यातना और मौत होने की घटनाएं बहुत आम हैं। इतिहास खंगाला जाए तो पुलिस का यह क्रूर चेहरा औपनिवेशिक काल की विरासत है, जब 1861 के पुलिस एक्ट के तहत पुलिस को जनता की आवाज को दबाने का जरिया बनाया गया था। आजादी के बाद भी इसमें कोई खास बदलाव नहीं हुआ। ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में हिरासत में देश में सैकड़ों मौतें हुई हैं। यातनाएं, मनमानी गिरफ्तारी और अतिरिक्त बल प्रयोग पुलिस कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है। गरीब और कमजोर समुदायों के लोग इसके अधिक शिकार होते हैं। फिर भी दोषी पुलिसकर्मियों को दुर्लभ मामलों में ही सजा मिल पाती है।



### हिरासत में मौतों की घटनाएं

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार 2021-22 में पुलिस हिरासत में 155 और न्यायिक हिरासत में 2152 मौतें देश में हुईं।
- एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में पुलिस हिरासत में 125 और न्यायिक हिरासत में 1606 मौतें रिकॉर्ड पर दर्ज की गईं।
- आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022-23 के बीच इसमें 300% वृद्धि हुई, इसे प्रतिदिन लगभग पांच मौतों के बराबर माना गया है।
- देश में 2018 से 2023 के बीच कुल मिलाकर हिरासत में 687 मौतें हुईं लेकिन इनमें एक भी दोषी को सजा नहीं मिल पाई।

### सर्वाधिक मौतें गुजरात में

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुताबिक 2017 से 22 के बीच गुजरात में सर्वाधिक 80, महाराष्ट्र में 76, यूपीमें 41, तमिलनाडु में 40 और बिहार में 38 मौतें में हुईं। न्यायिक हिरासत में 2016 से 22 के बीच यूपी में सर्वाधिक 2630 मौतें हुई हैं।
- भारत ने यूएन कन्वेंशन अगेंस्ट टॉर्चर पर हस्ताक्षर किया है लेकिन इस पर क्रियान्वयन नहीं किया गया।

### पुलिस की समस्याएं

- देश भर में जनवरी 2022 तक 22.1% रिक्तियां, इस वजह से 16-18 घंटे तक काम जो पुलिसकर्मियों का तनाव बढ़ाने के साथ दक्षता घटाता है।
- अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप, पुलिस का बड़े पैमाने पर राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करने से उसकी निष्पक्षता पर बुरा प्रभाव पड़ता है।
- पुलिसकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिलता, फोरेंसिक और साइबर इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहद कमजोर, ये कमियां उसे पुलिसिंग में अक्षम बनाती हैं।
- ट्रैफिक, आपदा प्रबंधन, वीआईपी सुरक्षा जैसे गैरमूल कार्यों का बोझ होने से अपराधों की जांच प्रभावित होती है। ऐसी 30% जांचें देश में लंबित हैं।

### सुझावों पर अमल नहीं

- एनपीसी, एपीसी और प्रकाश सिंह केस में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पुलिस सुधार के लिए दिए गए सुझावों पर अमल नहीं हुआ।
- इनमें प्रमुख सुझाव पुलिस पर राजनीतिक नियंत्रण घटाने और उसे स्वायत्त बनाने के लिए राज्य सुरक्षा आयोग बनाने का था।
- जांच और कानून-व्यवस्था को अलग करने के साथ जांच इकाइयों को स्वतंत्र बनाने का ताकि पुलिस पर काम का बोझ कम हो।
- प्रशिक्षण में सुधार, प्रमोशन के मौके बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और जिला शिकायत प्राधिकरण स्थापित करने की सिफारिश।

### सुधार में बाधा

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक रिपोर्ट में राजनीतिक अनिच्छा को कारण बताया गया है। राज्य का विषय होने के कारण संघीय चुनौतियां भी हैं। केंद्र की ओर से दिए गए सुझावों को राज्यों द्वारा लागू नहीं किया जाता। वित्तीय और प्रशासनिक बाधाएं, संसाधनों की कमी, नौकरशाही का प्रतिरोध।

# इजराइल के विरुद्ध अरब और इस्लामी देशों के बीच एकजुटता बनाने की कोशिश

## कतर पर हमले के बाद इजराइल को कड़ा संदेश देने के लिए बुलाया गया शिखर सम्मेलन

दुबई, एजेंसी

राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इजराइल की ओर से पिछले सप्ताह किए गए हमले के खिलाफ कतर सोमवार को एक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। कतर को उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन में अरब और इस्लामी देशों का एक समूह इजराइल को नियंत्रित करने का तरीका सुझाएगा, साथ ही उसे कड़ा संदेश भी देगा क्योंकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ उसके हमले जारी हैं।

हमास के नेताओं पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब कतर इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में संघर्ष विराम करवाने के लिए एक प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। कतर ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस हमले के बावजूद दोनों के बीच संघर्ष विराम करवाने के लिए प्रयास करता रहेगा। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने रविवार को एक बैठक में कहा, अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोहरे मापदंड अपनाना बंद करे और इजराइल को उसके सभी अपराधों के लिए दंडित करे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि शिखर सम्मेलन से क्या हासिल हो पाएगा, क्योंकि कुछ देशों के पहले से ही इजराइल के साथ कूटनीतिक संबंध हैं और वे अपने संबंध तोड़ने में संकोच कर सकते हैं।



नेतन्याहू ने रुबियो के साथ यरुशलम में यहूदियों के पवित्र स्थान पश्चिमी दीवार का दौरा किया।

### इजराइल को अपने लोगों की परवाह नहीं, वह गाजा को रहने योग्य नहीं छोड़ना चाहता : शेख तमीम

दुबई। कतर के सत्तारूढ़ अमीर ने इजराइल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी में बंधक अपने लोगों की परवाह नहीं कर रहा है। इसके बजाय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि गाजा रहने योग्य न रहे। शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने यह टिप्पणी सोमवार को दोहा में पिछले हफ्ते हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले पर एक शिखर सम्मेलन की शुरुआत में की। बैठक में भाग लेने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी सोमवार को रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ और सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ कतर रवाना हुए।

- इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद कतर जाएंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका अपने दो करीबी सहयोगियों, इजराइल और कतर के बीच तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है।

### हमले के बाद कैदियों की अदला-बदली पर बातचीत रुकी

**गाजा।** हमास ने कहा है कि कतर की राजधानी दोहा में पिछले सप्ताह वार्ता के लिए गई उसके प्रतिनिधिमंडल पर इजराइली हमले के बाद कैदियों की अदला बदली के लिए इजराइल के साथ बातचीत निलंबित कर दी है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहिर अल-नोनो ने एक बयान में कहा, अगर बातचीत के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधिमंडल पर देश के अंदर हमला होता है, तो बातचीत जारी नहीं रह सकती। हमास ने कहा कि पिछले मंगलवार को इजराइली हवाई हमलों में दोहा में उनके नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासीय परिसरों को तब निशाना बनाया गया, जब वे अमेरिका समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। समूह ने कहा कि वरिष्ठ हमास अधिकारी खलील अल-हय्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बच गया।

### इजराइली हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गए

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजराइल के हवाई हमले में मारे गए 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे। यमन के हूती समूह ने रविवार की इसकी जानकारी दी। हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्र 26 सितंबर और अल-येमन के कार्यालय भी ध्वस्त हो गए। हालांकि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुए हैं जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सैन्य शिविरों, हूतियों के जनसंपर्क मुख्यालय और एक ईंधन भंडारण स्थल को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि ये कार्रवाई हूती समूह के ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में थी। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने इस हमले का जवाब देने की कसम खाई। याह्या का कार्यालय भी हवाई हमले में नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि यह हमला अनुत्तरित नहीं रहेगा। हूतियों ने जवाब में हमले जारी रखने और गाजा में युद्ध तथा नाकाबंदी को खत्म करने के लिए दबाव बनाने का संकल्प लिया।


## ब्रिटेन: नाटो हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर रूसी राजदूत तलब

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने मास्को द्वारा उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के हवाई क्षेत्र के अप्रत्याशित उल्लंघन के बाद लंदन में रूसी राजदूत को तलब किया है।

विदेश कार्यालय ने हाल के दिनों में पोलिश और रोमानियाई हवाई क्षेत्र में घुसपैठ को "अस्वीकार्य" बताया और रूसी राजदूत आंद्रेई केलिन को तलब किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "पिछले सप्ताह रूसी ड्रोनों द्वारा पोलैंड और नाटो के हवाई क्षेत्र का इतना बड़ा और अप्रत्याशित उल्लंघन तथा उसके बाद शनिवार को रोमानियाई हवाई क्षेत्र में फिर से घुसपैठ पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## नेपाल में समय पर निष्पक्ष चुनाव कराएगी अंतरिम सरकार: आर्यल

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्यल ने सोमवार को कहा कि अंतरिम सरकार का लक्ष्य स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में समय पर आम चुनाव कराना है। हाल ही में जेन जी वार्ता में अहम भूमिका निभाने वाले एक प्रमुख वकील आर्यल ने सोमवार को गृह और विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री के रूप में शपथ ली।



इसके तुरंत बाद उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कार्यवाहक सरकार का गठन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के स्पष्ट आदेश के साथ किया गया था। उनके अनुसार, हाल के प्रदर्शनों के दौरान क्षतिग्रस्त हुए बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण और सुशासन तय करना सरकार की प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा, अगर विद्रोह से विस्थापित हुए लोगों को वापस आने का रास्ता दिखाई देता है, तो उन्हें चुनाव के माध्यम से खुद को परखना चाहिए और जनादेश लेना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनों के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच का भी वादा किया, जिसके कारण 72 लोगों की मौत हो गई।

# मेयर पद के लिए ममदानी को न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल का समर्थन

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहरवासियों से जोहरान ममदानी को न्यूयॉर्क सिटी का मेयर चुनने की रविवार को अपील की। अमेरिका के सबसे बड़े शहर के इस अहम पद की दौड़ में शामिल ममदानी के लिए यह महत्वपूर्ण समर्थन माना जा रहा है।

'न्यूयॉर्क टाइम्स' लिखे एक लेख में गवर्नर होचुल ने कहा कि भले ही वह और ममदानी कुछ मुद्दों पर एकमत नहीं हैं, लेकिन दोनों इस पर सहमत हैं कि न्यूयॉर्क और देश में बढ़ती महंगाई की समस्या को दूर करना बेहद जरूरी है। डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य होचुल ने लिखा, लेकिन हमारी बातचीत में मैंने उनमें एक ऐसा नेता देखा जो न्यूयॉर्क के लिए मिलकर काम करना चाहता है, ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में पले-बढ़ें और हर परिवार को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा, ममदानी में मुझे ऐसा नेता दिखा जो न्यूयॉर्क को सभी के लिए किफायती बनाने पर ध्यान दे रहा है और मैं इसका पूरे दिल से समर्थन करती हूं। खुद को एक लोकतांत्रिक समाजवादी कहने वाले 33 वर्षीय ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद की दौड़ में शामिल हैं।

- **मेयर पद की दौड़ में आगे चल रहे ममदानी को मिला महत्वपूर्ण समर्थन**



# एमी अवॉर्ड्स: द पिट ने ड्रामा में पुरस्कार जीता और द स्टूडियो ने कॉमेडी में खिताब किया अपने नाम

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

कॉमेडी वेब श्रृंखला 'द स्टूडियो' ने रविवार को एमी अवॉर्ड्स में 13 पुरस्कार जीतकर एक सीजन में सबसे अधिक पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड बना लिया। 'एडोलसेंस' ने छह श्रेणियों में और 'द पिट' ने ड्रामा श्रेणी में पुरस्कार जीता।

'द स्टूडियो' की टीम और कलाकारों से घिरे सह-निर्माता सेठ रोगन ने कहा, इतने पुरस्कार जीतकर मेरी खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं है। रविवार रात लॉस एंजिलिस के पीकॉक थिएटर से 'सीबीएस' पर प्रसारित 'एमी अवॉर्ड्स' समारोह में सेठ रोगन को चार पुरस्कार मिले। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी श्रृंखला, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन और सर्वश्रेष्ठ लेखन का पुरस्कार मिला। 'द पिट' ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा श्रृंखला का पुरस्कार जीता, जबकि इसके मुख्य कलाकार नोआ वाइल को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला।

कैथरीन ला नासा ने 'एचबीओ मैक्स' की मेडिकल ड्रामा श्रृंखला के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। यह श्रृंखला सभी को चौंकाते हुए 'सेवरेंस' और 'द व्हाइट लोटस' जैसी बड़ी श्रृंखलाओं को पछाड़ कर ट्रॉफी जीतने में सफल रही। नेटफ्लिक्स की 'एडोलसेंस' को कुल छह एमी पुरस्कार मिले। यह एक 13 वर्षीय ब्रिटिश बच्चे की कहानी है, जिस पर हत्या का आरोप लगता है।



- **द स्टूडियो की टीम ने 13 पुरस्कार जीतकर बनाया रिकॉर्ड**

## यूक्रेन के साथ युद्ध असल में नाटो के साथ युद्ध: रूस

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को नाटो पर यूक्रेन में युद्ध का वास्तविक नेता होने का आरोप लगाया और कहा कि उसके साथ रूस का युद्ध वास्तव में बहुराष्ट्रीय सैन्य गुट के खिलाफ युद्ध है, जो यूक्रेन को अपने 'प्रोक्सी' के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। रूसी सरकारी मीडिया 'तास' की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने यह टिप्पणी पोलिश विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की के उस हालिया बयान की प्रतिक्रिया की, जिसमें उन्होंने कहा था कि नाटो रूस के साथ युद्ध में नहीं है।

# धौंस न जमाए अमेरिका वर्ना देंगे कड़ा जवाब: चीन

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अमेरिका की ओर से जी-7 और नाटो देशों से अपने ऊपर और रूस से तेल खरीद रहे अन्य देशों पर शुल्क लगाने की अपील को एक पक्षीय तरीके से धौंस जमाने और आर्थिक दवाब बनाने का कृत्य करार दिया और चेतावनी दी कि यदि अमेरिका की इस अपील पर अमल किया गया तो वह जवाबी कदम उठाएगा।

चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब सोमवार को स्पेन में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर अमेरिका और चीन के प्रतिनिधिमंडल दूसरी बार बैठक कर रहे हैं। जी-7 विश्व की सात प्रमुख विकसित और औद्योगिक शक्तियों का एक समूह है जिसमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान शामिल हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) एक सैन्य गठबंधन है, जिसमें प्रमुख पश्चिमी देशों ने मिलकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समझौता किया है और इसमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली समेत 30 सदस्य देश हैं।

एक प्रेस वार्ता में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, रूस समेत दुनियाभर के देशों के साथ चीन का सामान्य आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पूरी तरह वैध, कानून के अनुरूप है और इसमें कुछ गलत नहीं है। प्रवक्ता से इन खबरों के बारे में पूछा गया था कि अमेरिका ने जी-7 और नाटो देशों से चीन पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अपील की है क्योंकि वह रूस से तेल खरीद रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिन जियान ने कहा, यह अमेरिका का आर्थिक दबाव बनाने और एकपक्षीय तरीके से धौंस दिखाने वाला कदम है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों को कमजोर करता है और वैश्विक उद्योग व आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डालता है। लिन जियान ने कहा, दबाव और धौंस से समस्याओं का हल नहीं निकलता। यूक्रेन संकट को लेकर चीन का रुख स्पष्ट और स्थिर है-समाधान सिर्फ संवाद और समझौते से ही संभव है।





- **रूसी तेल के मुद्दे पर फिर टकराव कहा- इसमें कुछ भी गलत नहीं**

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 सितंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 17 सितंबर 00.21 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06.46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। कफ और सूखी खांसी जैसी समस्या हो सकती है। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। आपके अधिकतर काम थोड़ी धीमी गति से होंगे। परिवार के लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृष:** आज कारोबार में फण्ड्स को लेकर परेशानी हो सकती है। नौकरी पेशा लोगों को अपनी जॉब की चिंता रहेगी। आप घर पर अच्छा समय बिताएंगे। लोग आपकी सरलता का अनुचित लाभ उठा सकते हैं। घर के बुजुर्ग सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज आर्थिक स्थिति में काफी अच्छा सुधार होगा। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आप धन लगा सकते हैं। मानसिक शांति की अनुभूति होगी। कारोबार में लोग आपके आइडियाज से प्रभावित रहेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

**कर्क:** आज दिखावा करने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका काम में मन नहीं लगेगा। समय कुछ मिला-जुला रहने वाला है। धन कमाने के अवसरों को चूक सकते हैं। अपने निर्णयों पर विश्वास रखें।

**सिंह:** आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यवसाय में आपको सहयोगियों से अत्यधिक लाभ मिलेगा। अपनी प्रतिभा को दिखलाने का अच्छा अवसर मिल सकता है। तकनीकी संबंधी कार्यों में आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या:** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से संभालेंगे। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। दूसरों की सलाह पर आप ध्यान न दें।

**तुला:** आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय मिल सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। गृहस्थ जीवन में सुख-शांति रहेगी। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का काफी ध्यान रखेंगे।

**वृश्चिक:** आज जॉब में आपका प्रदर्शन कमजोर रहेगा। लोग आपकी भावनाओं का उपहास बना सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से समस्या हो सकती है। व्यापार में उतार-चढ़ाव आने की आशंका है। जीवनसाथी के प्रति आपको निष्ठावान होना चाहिए।

**धनु:** आज उच्च अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। नया व्यवसाय शुरू कर रहे हैं तो अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। धन की समस्या दूर होने की संभावना है। अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाए रखें।

**मकर:** आज प्रतिभाशाली लोगों में आपकी गिनती होगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी। पूरी मेहनत के साथ अपने काम में लगे रहेंगे। यदि आप कोई लोन लेना चाहते हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। सहयोगियों का भरपूर साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आज आप जो भी काम करेंगे उसमें सफलता देरी से मिलेगी। पिता की कोई बात बच्चों को बुरी लग सकती है। अपरिचित लोगों के समक्ष भावनाओं को संयमित रखें। असंतुलित खानपान के कारण पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मीन:** आज आपका मूड तरोताजा रहेगा। चतुराई से अपने काम निकलवाने का प्रयास करेंगे। अपने कर्म पर विश्वास रखें। नई जानकारियां प्राप्त करने में जुटे रहेंगे। विपरीत लिंग के लोग आपसे अत्यधिक आकर्षित हो सकते हैं।

## सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

### सुडोकू - 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |



> यह देखकर अच्छा लगा कि तीनों स्पिनर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह ने भी उनका अच्छा साथ दिया। मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी की।
>
> –सूर्यकुमार यादव



## हाईलाइट

### एफआईएच का नया सत्र नौ दिसंबर से

**लुसाने :** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025-26 सत्र नौ दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा। जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरुष टीम होगी। जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024-25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### चाइना मास्टर्स बैडमिंटन आज से

**शेनजेन (चीन) :** हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा।

### ग्रैंडमास्टर वैशाली ने क्वालीफाई किया

**समरकंद (उज्बेकिस्तान) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने सोमवार को यहां फिडे ग्रैंड स्विस के 11वें और अंतिम दौर में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन के साथ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेलकर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाई। रूस की कैटरीना लागनो ने अजरबेजान की उल्विया फतालियेवा के साथ ड्रॉ खेलकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# भारतीय टीम के हाथ न मिलाने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखलाया

## एशिया कप : मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराते हुए हटाने की मांग की

- सवाल उठाए- फाइनल जीतने पर क्या नकवी से ट्रॉफी लेगा भारत
- एसीसी से शिकायत और आईसीसी के दखल की मांग की

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय टीम के एशिया कप मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने के फैसले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया और पीसीबी ने खीझकर मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए हटाने की मांग की।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को सात विकेट से मिली जीत के बाद टीम के फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि यह पहलगाम आतंकवादी हमले से पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए था। पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने इस हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लेकर भारतीय क्रिकेट टीम को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने समूचे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से शिकायत की और अब आईसीसी के दखल की मांग की है। एसीसी के अध्यक्ष पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी हैं जबकि आईसीसी अध्यक्ष भारत के जय शाह है। एशिया कप आईसीसी का नहीं बल्कि एसीसी का टूर्नामेंट है। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नवीद चीमा ने एसीसी के समक्ष शिकायत दर्ज करके आरोप लगाया है कि पायक्रॉफ्ट के कहने पर दोनों कप्तानों ने टीमशीट का आदान प्रदान नहीं किया।

पीसीबी ने इससे पहले बयान में कहा टीम मैनेजर नवीद चीमा ने मैच के बाद हाथ नहीं मिलाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के बर्ताव का कड़ा विरोध किया है। विरोध के तौर पर हमने अपने कप्तान को मैच के बाद समारोह में नहीं भेजा।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, देखिए, अगर आप नियम पुस्तिका पढ़ेंगे तो पाएंगे कि विरोधी टीम से हाथ मिलाने के बारे में कोई विशेष निर्देश नहीं है। उन्होंने कहा यदि कोई कानून नहीं है तो भारतीय क्रिकेट टीम उस विपक्षी टीम से हाथ मिलाने के लिए बाध्य नहीं है जिसके साथ तनावपूर्ण संबंधों का इतिहास रहा है।

अगर इतिहास को देखें तो राजनीतिक कारणों से खिलाड़ियों का एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाना कोई नयी बात नहीं है। विम्बलडन 2023 में महिला एकल मैच के बाद यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका से हाथ नहीं मिलाया था। स्वितोलिना ने कहा था कि वह रूस या बेलारूस के किसी खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलायेंगी क्योंकि इन देशों ने उनके देश पर हमला किया है। विम्बलडन अधिकारियों ने स्वितोलिना और अजारेंका पर कोई दंड नहीं लगाया।



भारत–पाकिस्तान मैच से पहले टॉस के दौरान कुछ तरह विपरीत दिशा में नजर आए थे दोनों कप्तान सूर्यकुमार यादव व सलमान आगा।

> हमने मिलकर यह फैसला लिया था। हम यहां सिर्फ मैच खेलने आये थे और मुझे लगता है कि हमने माकूल जवाब दिया। मेरा मानना है कि जीवन में कुछ चीजें खेल भावना से ऊपर भी होती है। हम पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ हैं और यह जीत अपने सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं।
>
> –सूर्यकुमार यादव

### नकवी ने आईसीसी तक पहुंचाया मामला

नकवी ने एक्स पर लिखा पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रैफरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। पीसीबी ने मैच रैफरी को एशिया कप से तुरंत हटाने की मांग की है। पीसीबी ने पहले कहा था कि पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से टॉस के समय कहा था कि भारतीय कप्तान से हाथ नहीं मिलाए।

### टीम इंडिया के विजेता होने पर फंसेगा पेच

बीसीसीआई ने अभी तक पीसीबी के बयान का जवाब नहीं दिया है लेकिन समझा जाता है कि अगर भारत 28 सितंबर को फाइनल में पहुंचता है तो खिलाड़ी नकवी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। नकवी एसीसी प्रमुख होने के नाते विजयी टीम को ट्रॉफी दे सकते हैं। दोनों टीमों ने टॉस और वॉर्मअप के समय भी एक दूसरे से बात नहीं की। दोनों कप्तानों ने टीमशीट मैच रैफरी को सौंपी।

### हम पीड़ितों के साथ खड़े हैं : गंभीर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने में सफल रही। यह अच्छी जीत है लेकिन टूर्नामेंट में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हम पहलगाम हमले के पीड़ितों, सभी परिवारों और उनके साथ हुई घटनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहते थे।

## आतंकवाद हर जगह खत्म होना चाहिए: गांगुली

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और महान बल्लेबाज सौरव गांगुली ने दुबई में एशिया कप मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेटरों से हाथ मिलाने से इन्कार करने पर चल रही बहस को दरकिनार कर दिया, लेकिन कहा कि आतंकवाद सिर्फ भारत और पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में ख़त्म होना चाहिए।



सोशल मीडिया पर इस मैच के बहिष्कार करने की मांग की जा रही थी। दुर्गा पूजा उत्सव से पहले अपने ब्रांड 'सौरज्य' लांच करते हुए गांगुली ने कहा सबसे अहम है कि आतंकवाद खत्म होना चाहिए, सिर्फ भारत और पाकिस्तान में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में। आपने बहुत सी चीजें होते देखी हैं, इसे भी रुकना चाहिए। लेकिन खेल नहीं रुक सकते। दुनिया भर में आतंकवाद रुकना चाहिए।

रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने शानदार जीत दर्ज की और पिछले एक दशक में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा। लेकिन मैच के बाद का माहौल विवादों से घिरा रहा। पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। गांगुली ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा आपको सूर्यकुमार यादव से पूछना होगा, उन्हें जवाब देना होगा। मैं बहुत दूर हूं।



यूएई के गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। एजेंसी

# यूएई ने ओमान को 42 रनों से हराया

**अबू धाबी, एजेंसी**

कप्तान मुहम्मद वसीम (69) और अलीशान शराफू (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जुनैद सिद्दीकी (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोमवार को एशिया कप 2025 के सातवें मुकाबले में ओमान को 42 रनों से हरा दिया।

173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने 32 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। आमिर कलीम (दो), कप्तान जतिंदर सिंह (20), वसीम अली (एक), हम्माद मिर्जा (पांच) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शाह फैसल और आर्यन बिष्ट ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन सातवें ओवर में 50 के स्कोर पर हैदर अली ने शाह फैसल नौ रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। विनायक शुक्ला (20), जितेन रामानंदी (13) रन बनाकर आउट हुये। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर वसीम ने समय श्रीवास्ताव (छह) को आउटकर ओमान की पारी का 130 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 42 रनों से जीत लिया। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ने चार विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह और हैदर अली को दो-दो विकेट मिले। मुहम्मद रोहिद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ओमान ने टॉस जीतकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई के लिए कप्तान मुहम्मद वसीम और अलीशान शराफू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 88 रन जोड़े। 11वें ओवर में जितेन रामानंदी ने अलीशान शराफू को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शराफू ने 38 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली।

इसके बाद आसिफ खान (दो), मुहम्मद जोहैब (21), मुहम्मद वसीम 54 गेंदों में (69) और हर्षित कौशिक (नाबाद 19) के योगदान से यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 172 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से जितेन रामानंदी ने दो विकेट लिये। समय श्रीवास्तव और हसनैन शाह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्पेन डेविस कप के अंतिम आठ में और अमेरिका बाहर

**मार्बेला (स्पेन) :** स्पेन ने डेनमार्क के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की और डेविस कप के अंतिम आठ में जगह बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इस तरह की वापसी करने में नाकाम रहा और बेल्जियम से 3-2 से हार गया।

चेक गणराज्य ने फ्लोरिडा में खेले गए एक अन्य मुकाबले में अमेरिका को एक मैच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के बिना स्पेन ने शुरुआती दो मैच गंवा दिए थे और वह युगल में भी एक सेट से पिछड़ रहा था, लेकिन इसके बाद जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज ने अगस्टा होल्मग्रेन और जोहान्स इंगिल्डसन को 1-6, 6-3, 6-2 से हराकर मेजबान टीम को वापसी दिलाई। मार्टिनेज को पहले उलट एकल में मैच प्वाइंट का भी सामना करना पड़ा, लेकिन आखिर में उन्होंने होल्गर रूण पर 6-1, 4-6, 7-6 (3) से जीत हासिल की।

# अक्षर ने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए किया था कड़ा अभ्यास

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बाएं हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है।

सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा जब भी मैं उन्हें अभ्यास के दौरान देखता हूं, तो वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ज़्यादा गेंदबाजी करते हैं क्योंकि यह एक उचित संयोजन है। आपको लगता है कि अगर कोई बाएं हाथ का बल्लेबाज़ मैदान में आ रहा है, तो आप बाएं हाथ के स्पिनर को गेंदबाजी नहीं करा सकते। सूर्यकुमार ने कहा लेकिन वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए अधिक अभ्यास करते हैं। जब वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंदबाजी करते हैं, तो उनकी अपनी योजनाएं होती हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में अक्षर के महत्व पर भी जोर दिया और संकेत दिया कि उनका उसी तरह से उपयोग किया जाएगा जैसा कि रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में काफी सफलतापूर्वक किया था।



सूर्यकुमार ने कहा मैं उनकी स्पष्ट योजनाओं और उनकी बल्लेबाजी से वाकई बहुत खुश हूं। मुझे यकीन है कि इसका फायदा उठाया जाएगा। जैसा कि आपने चैंपियंस ट्रॉफी में देखा होगा, रोहित भाई और टीम प्रबंधन ने इसका बखूबी इस्तेमाल किया। मुझे यकीन है कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह इसका पूरा फायदा उठाएंगे।

कुलदीप यादव ने मौजूदा टूर्नामेंट में एक और सफलता की कहानी गढ़ी है। उन्होंने दो मैचों में सात विकेट चटकाए और लगातार प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जीता।



तंजानिया के अल्फोंसे फेलिक्स सिम्बू ने पुरुषों की मैराथन का स्वर्ण पदक जीता।

# लंबी कूद में श्रीशंकर, स्टीपलचेस में पारूल फाइनल की दौड़ से बाहर

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**टोक्यो, एजेंसी**

भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे। तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7.78 मीटर की ही लगा सके। जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है।

श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारूल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमशः नौवे ओर 11वें स्थान पर रही । पारूल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारूल ने नौ मिनट 22.24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12.46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थी । अंकिता को चैम्पियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह मिली थी। केन्या की फेथ चेरोटिच ने महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज़ स्पर्धा जीत ली। वहीं तंजानिया के अल्फोंसे फेलिक्स सिम्बू ने पुरुषों की मैराथन का स्वर्ण पदक जीता।



केन्या की फेथ चेरोटिच ने महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज़ स्पर्धा जीत ली।

# मध्य क्षेत्र बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन



बेंगलुरु में मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार टीम के साथ दलीप ट्रॉफी जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। एजेंसी

- रोमांचक मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र को छह विकेट से हराया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मध्य क्षेत्र ने कुछ उतार-चढ़ाव भरे क्षणों से उबरते हुए सोमवार को यहां दक्षिण क्षेत्र को छह विकेट से हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मध्य क्षेत्र के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में मध्य क्षेत्र को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता। पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी।

## अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सिराज

**दुबई :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर सीरीज बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार सीरीज थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।

**एशिया कप**

**खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश टीम के लिए करो या मरो की स्थिति**

# अफगानिस्तान की स्पिन बांग्लादेश के लिए चुनौती

**अबुधाबी, एजेंसी**

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।



अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।

**समय : रात 8 बजे से**

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा।

अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

### अफगानिस्तान के गेंदबाज नवीन चोटिल

**अबुधाबी :** कंधे की चोट से उबर रहे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक फिट नहीं है और वह सोमवार को एशिया कप से बाहर हो गए जिससे अब्दुल्ला अहमदजई को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया। यह 25 वर्षीय तेज गेंदबाज इससे पहले पाकिस्तान के साथ संयुक्त अरब अमीरात में हुई त्रिकोणीय श्रृंखला से भी बाहर रहा था, लेकिन उन्हें एशिया कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया था। हालांकि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की अनुमति नहीं दी है। एसीबी ने कहा नवीन पूरी तरह से फिट होने तक गहन उपचार और रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे।